अध्यक्ष महोदय, कोई भेदभाव नहीं है । बिना भेदभाव के सभी धर्मों को यह अवसर प्रदान है । एफसीआरए एक्ट, 2010 में धार्मिक गतिविधियों के लिए विदेशी अंशदन के लिए जो अनुमति दी गई थी, उसी के आधार पर अभी भी उसी प्रकार के अधिकार प्राप्त हैं, …(व्यवधान) चाहे वह किसी भी धर्म से संबंधित हो, इस कानून के अनुसार विदेशी अंशदान प्राप्त कर सकते हैं । हमारा उद्देश्य यही है कि जो संस्थाएं विदेशी अंशदान प्राप्त करती हैं, वे अपने उद्देश्य से न भटकें, न किसी ऐसी गतिविधियों में शामिल हों, जो हमारी आंतरिक सुरक्षा को बाधित करता हो या कहीं न कहीं से वह बाधित करने का प्रयास करता हो या फिर हम राष्ट्रीयता के आधार पर कहीं से भी खतरा पैदा नहीं होने देना चाहते हैं, हम इसी चीज पर नियंत्रण करना चाहते हैं । जिस उद्देश्य से पैसा आता है, वह उसी उद्देश्य में लगे ।

एक बात उन्होंने बैंक में खाते के बारे में कहा है । हिसाब-किताब रखना बहुत कठिन हो गया था । स्वयं चिदम्बरम साहब ने कहा था कि आधे संस्थान न तो रिटर्न दाखिल करते हैं, न हमें सूचना देते हैं कि पैसा कहां से आ रहा है या कहां जा रहा है, तो इसके लिए एक व्यवस्था की गई, उसमें भी सुविधा यह दी गई है कि आपको दिल्ली आने की जरूरत नहीं है । एसबीआई बैंक ने इस पर दो आश्वासन भी दिए हैं कि यदि आप अपने स्थानीय स्तर पर भी कागज जमा करेंगे, उसका खाता दिल्ली में खुलेगा, हम यहां से उसकी व्यवस्था करेंगे और भेजेंगे । वह संस्था अपने स्थानीय स्तर पर भी दूसरा खाता खोल सकती है । यह बिल्कुल स्पष्ट है । हमें इनकी मंशा समझ में नहीं आई । हमने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है ।

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है **:**

"कि विदेशी अभिदाय (विनियमन) अधिनियम, 2010 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए ।"

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।*

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय मंत्री जी, आप विधेयक को पुर:स्थापित करें ।

**श्री नित्यानन्द राय:** अध्यक्ष महोदय, मैं विधेयक को पुर:स्थापित करता हूं ।

---

**माननीय अध्यक्ष :** आइटम नम्बर-15

श्री अर्जुन मेघवाल जी ।

**<u>16.24 hrs</u>**

**MOTION RE:17TH REPORT OF THE BUSINESS ADVISORY COMMITTEE**

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** अध्यक्ष महोदय, मैं …(व्यवधान) अधीर रंजन जी आप पढ़िए ।

**माननीय अध्यक्ष :** अधीर रंजन जी आप पढ़िए ।

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर):** अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं**:**

"कि यह सभा 19 सितम्बर, 2020 को सभा में प्रस्तुत कार्य मंत्रणा समिति के सत्रहवें प्रतिवेदन से सहमत है ।"

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है **:**

"कि यह सभा 19 सितम्बर, 2020 को सभा में प्रस्तुत कार्य मंत्रणा समिति के सत्रहवें प्रतिवेदन से सहमत है ।"

*<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।</u>*

---

**16.24 ½ hrs**

## MATTERS UNDER RULE 377*

**माननीय सभापति:** माननीय सदस्यगण, जिन सदस्यों को आज नियम 377 के अधीन मामलों को उठाने की अनुमति प्रदान की गई है, वे अपने मामलों के अनुमोदित पाठ को व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर रख सकते हैं ।

### (i) Need for additional JEE, NEET entrance centres in Odisha

**SHRI SAPTAGIRI SANKAR ULAKA (KORAPUT)** : National Testing Berhampur has selected seven places - Bhubaneswar, Cuttak, Balsore, Berhampur Rourkela and Sambalpur as entrance centres for JEE, NEET tests in Odisha. Approximately, 40,000 candidates appeared for JEE in these centres over 12 shifts, two shifts each day. Similarly, around 50,000 students appeared for the NEET.

For students of undivided Koraput District, predominantly tribal area, consisting of Koraput, Rayagada, Malkangiri and Nabarangpur - all aspirational districts, the centers are over 400-500 km away and it is difficult to travel with limited transportation available in the tribal areas. The financial condition of the students prevent them from booking private vehicles. Additionally, arranging accommodation is burden on poor tribal families.

---

* Treated as laid on the Table.

I would urge upon the Ministry of Education to make Jeypore and Rayagada as JEE, NEET entrance centres.

## (ii) Regarding Minimum Support Price (MSP) for Cocoon

**SHRI D.K. SURESH ( BANGALORE RURAL) :** Sericulture is a main source of income for lakhs of farmers in the country. Silk industry is capable enough to provide jobs to lakhs of youth also.

Sericulture farmers have been facing problems due to the crash in Cocoon prices. Large number of farmers committed suicide in recent months.

Coronavirus even worsened the situation. The Govt had earned good revenue by exporting silk goods particularly from Karnataka in recent years.

It is the duty of the Government to help farmers in the times of distress and encourage more people to engage in sericulture which has the capability to provide employment as well as revenue to the country. Therefore, I urge upon the Government to declare an MSP for Cocoon at the earliest to help the farmers.

## (iii) Regarding construction of subway from Kongalamman temple to RTO road in Vellore Parliamentary Constituency

**SHRI D.M. KATHIR ANAND (VELLORE) :** I would raise issue regarding construction of subway from Kongaiamman temple to RTO road in my Vellore Parliamentary Constituency.

## (iv) Regarding sanction of funds to develop a Tourism Circuit Hub in Kurnool

**SHRI POCHA BRAHMANANDA REDDY (NANDYAL) :** Kurnool district is the fifth most popular city in the State of Andhra Pradesh. This district has many popular pilgrim and tourist places.

Srisailam Mallikharuna Swamy temple is one of the Dwadasa Jyothirlingas and goddess Bramaramba Dcvi temple is one of the Astadasa Shakti Peetams believed to be have self manifested. The unique feature of this place is the existence of Jyothirlingam and Shakthi Peetam at one place.

Srisaiiam is also included in the list of PRASAD Scheme of Ministry of tourism. Besides this, there are pilgrim places like Ahobilam, Yaganti, Mahanandi, Mantralayam etc. Tourist places like Adani port, Banaganapalli port, Belum caves, Orvakallu Rock Gardens, Rollapadu wild life sanctuary are the tourist attractions of the district.

Keeping in view of the pilgrim and tourist places in Kurnool district, I request the Hon'ble Minister for Tourism to sanction funds for developing a Tourism Circuit Hub in Kurnool.

## (v) Regarding revision of Crop Insurance Premium

**SHRI RAGHU RAMA KRISHNA RAJU ( NARASAPURAM ) :** I draw the attention of the Government towards the recent revision of Crop Insurance Premium, which has become a further burden on the financial condition of the state government.

With this decision, share of the premium of central government has reduced from 50% to 30%. It is posing a serious financial burden on states as they have to bear total 68% of the premium amount. Till now farmer, centre and state governments were sharing the premium amount as 2%, 49% and 49% respectively. But as per recent revision, central government will pay only 30% as against its 49% share . Remaining 68% has to be borne by state governments. It is becoming an extra burden on states. Particularly, Andhra Pradesh, is already reeling under funds crunch hence it has become an added burden.

Hence, I urge upon the Government of India to review the revision and consider request of states and revert to the earlier ratio.

## (vi) Need to Grant Central Assistance to Complete Krishna-Marathwada Irrigation Project 2004

**श्री ओम पवन राजेनिंबालकर (उस्मानाबाद):** मराठवाड़ा सूखाग्रस्त रहने के कारण उस्मानाबाद में हर साल पानी की समस्या पैदा हो जाती है, किसान काफी परेशान रहते हैं । मराठवाड़ा का महत्वकांक्षी कृष्णा-मराठवाड़ा उपसाह सिंचाई योजना वर्ष 2004 से लंबित है । इस योजना के निर्माण से 92,141 हेक्टेयर क्षेत्र जमीन सिंचित हो सकती है । इस योजना में उस्मानाबाद जिले को दो स्वतंत्र उप-सिंचन योजनाओं द्वारा 19 टीएमसी पानी मिलना नियोजित है और बीड जिले को 2 टीएमसी, ऐसे कुल मिलाकर 21 टीएमसी पानी मराठवाड़ा को मिलना प्रस्तावित है । योजना को शुरू करना बहुत ही जरूरी है । इस योजना के पूरे निर्माण के लिए अधिक केन्द्रीय सहायता की आवश्यकता है ।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि जनमानस एवं किसानों की रक्षा के लिए इस परियोजना के लिए आवश्यक केन्द्रीय सहायता जारी कर इसको तुरंत पूरा करे, जिससे यहां की क्षेत्रीय जनता तथा किसानों को इसका लाभ मिल सके ।

**16.25 hrs**

## DISCUSSION UNDER RULE 193

### Covid-19 Pandemic in the Country

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, जिन माननीय सदस्यों के अविलम्ब लोक महत्व के विषय हैं, आज कोविड-19 वैश्विक महामारी की चर्चा और विधेयक पारित होने के बाद उन सभी माननीय सदस्यों को बोलने का पर्याप्त अवसर और पर्याप्त समय मिलेगा, लेकिन इंतजार करना पड़ेगा । सबको बोलने का समय मिलेगा ।

माननीय सदस्यगण, आज कोविड-19 सम्पूर्ण मानवता के समक्ष एक बड़ी चुनौती बन चुका है । हम भी कोरोना वायरस के चलते असाधारण परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं । जब भी देश के सामने कोई संकट आया है, इस सदन ने ही देश को राह दिखाई है । विषम परिस्थिति में आयोजित इस सत्र से भी जनता को बहुत उम्मीदें हैं । मैं पहले दिन से ही कह रहा हूँ कि स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े खतरों के बीच भी आप सदस्यों ने बड़ी संख्या में सदन में आकर पूरे देश को सकारात्मक संदेश दिया है । आज जब हम कोविड जैसे गंभीर विषय पर चर्चा कर रहे हैं तो मेरा आग्रह है कि यह चर्चा सकारात्मक और रचनात्मक होनी चाहिए । हमारा एकमात्र प्रयास यह होना चाहिए कि हम किस प्रकार अपने देशवासियों को इस महामारी से सुरक्षित कर सकते हैं । चर्चा और आपसी समन्वय से ही हम इस संक्रमण को रोक पाएंगे । यह हमारा सामूहिक प्रयास और दायित्व है । सदन की चर्चा में पक्ष और विपक्ष दोनों का महत्वपूर्ण योगदान होता है । चर्चा के दौरान जो विचार सामने आते हैं, केन्द्र एवं राज्य सरकारों को उससे दिशा मिलती है । सकारात्मक आलोचना मार्गदर्शन भी करती है । मेरा आपसे आग्रह है कि आज आप जो भी बात कहें, उसमें सुझाव भी दें ताकि इस चर्चा से एक सार्थक समाधान निकलकर आए और देश में हम एक सुरक्षित माहौल तैयार करने में सफल हो सकें ।

लॉकडाउन के दौरान मैंने अनेक सदस्यों से फोन पर संपर्क किया था । मैं जिस भी माननीय सदस्य से सम्पर्क करता था, वे सभी माननीय सदस्य तमाम प्रकार के खतरों के बावजूद वंचित, गरीब एवं जरूरतमंद लोगों तक मदद पहुंचाने में व्यक्तिगत रूप से और सम्पूर्ण समाज को लेकर सक्रिय भूमिका निभा रहे थे । इसके लिए मैं सभी माननीय सदस्यों को साधुवाद देता हूँ । अभिव्यक्ति हमारी स्वतंत्रता है, लेकिन मेरा आपसे आग्रह है कि कोविड-19 के समय आपने अभिव्यक्ति के साथ अपने क्षेत्र में जो अच्छे काम किए हैं, उसके बारे में अगर यहां अपने अच्छे प्रयासों का अनुभव भी साझा करेंगे तो पूरे सदन को आपके सद्प्रयासों से प्रेरणा मिलेगी । चूंकि चर्चा के लिए समय सीमित है, इसलिए हम यह प्रयास करें कि हम यहां जो भी बात रखें वह संक्षिप्त हो और सारगर्भित हो । मेरा विश्वास है कि ऐसे गंभीर विषय पर चर्चा के दौरान संयमपूर्वक एवं संवेदनशील तरीके से आप अपनी बात रखेंगे और सदन का सहयोग भी करेंगे और हमारे सामूहिक प्रयासों से कोविड-19 की इस महामारी के संक्रमण को रोकने में देश को एक नई दिशा भी मिलेगी ।

अधीर रंजन जी, क्या आपकी जगह डॉ. शशि थरूर जी बोलेंगे?

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर):** हाँ सर ।

**माननीय अध्यक्ष :** डॉ. शशि थरूर जी ।

**DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM):** Respected Speaker, I thank you for granting this House the opportunity to discuss this topic that has undoubtedly attained singular importance in the national consciousness - the widespread impact of COVID-19 - and specifically, to lay bare this Government’s mismanagement of this crisis. I have taken my own mask off to speak as I try to unmask this Government. वैसे इस बीमारी की वजह से सरकार के लिए एक अच्छी बात यह हो गई कि उसे मुँह छुपाने का बहाना मिल गया । But in any case, yesterday, September 19th

based on data of the World Health Organisation (WHO), India recorded a fresh set of 93337 cases compared to 42000 in the USA and tragically additional deaths of 1247 compared to 800 and something in the USA, effectively making us the country with the highest number of daily cases and deaths globally. It is a painful reflection of the grim times we live in and equally, a reminder of how important it is for us to take time and discuss this vital issue in this House.

Just as there are rules and conventions that guide the functioning of this august House, a set of principles and systems that are adhered to under your leadership and supervision, as you often remind us, Mr. Speaker, so too in any democratic country, there is an age-old contract between the citizen and the Government, which rides on certain fundamental expectations: the transparent functioning of the Government, the upholding of inalienable rights, the access to basic resources to sustain an empowered life, the sound management of our economy through competent policy making, a participative and democratic decision-making process, and above all, the conviction and capability of an elected Government to ensure that the safety and security of individual citizens is never compromised.

This context is important for all of us, who have gathered here, to recognise because we must understand the scale of the breath-taking violations of this basic compact by our Government during the last six months. The situation precipitated by the COVID-19 pandemic was certainly extraordinary in terms of its rampant

spread and impact across all walks of life. However, Sir, it must be said that such a situation of distress and vulnerability is precisely where our citizens would expect their Government to reaffirm their special contract that holds us together. But instead of mature and pro-active governance, we have collectively witnessed a fundamental break-down in government machinery in these past six months. Instead of clearly communicated protocols and comprehensive strategies, we have collectively witnessed an alarming lack of clarity, readiness and preparedness to tackle this virus. And above all, where the citizens of the country expected their Government to lead them out of this darkness, we have sadly witnessed an unconscionable betrayal of the concerns and aspirations of the people by the very Government they elect.

Respected Speaker, Sir, let us look at how things unravelled in the last six months. As early as in January there were compelling indications that the virus that had originated in Wuhan was far more complex and potentially devastating than we had earlier imagined. By January 30, the World Health Organisation had declared the COVID-19 virus as a public health emergency. A declaration that came on the same day that India too had its first documented case in the form of a student who had returned to Kerala from Wuhan. When this Government failed to produce any tangible reaction to these developments, on February 12, my colleague and an hon. Member of this House, Shri Rahul Gandhi, tweeted and publicly warned the ruling dispensation, I quote, `the Coronavirus is an extremely

serious threat to our people and our economy. My sense is that the Government is not taking this threat seriously. Timely action is critical'. When the Government ignored this to host a crowded welcome to President Trump in Ahmedabad, Congress followed up an exhortation on March 3rd and 5th, which I am sorry to say, were ignored by the Government. They routinely prioritised partisan policies over constructive dialogue. Had they listened to Shri Rahul Gandhi's prescient warnings and of others like him, surely, the situation could have been managed better. Instead, driven by what appeared to be greater interest in toppling a State Government in Madhya Pradesh rather than national priorities, the present ruling dispensation continued to delay the implementation of a national strategy to clamp down on the spread of the virus. This, Hon. Chairperson, was the first failure of this Government -- I will mention five of them in due course -- a failure to adequately recognise the scale and complexity of the problem we were dealing with, compounded by unwillingness to listen to voices that warned us well in advance of the consequences of ignoring a problem of such magnitude.

Still, given at that point the number of cases were comparatively low in India, there was still time for the Government to execute a well thought out and comprehensive strategy to curb the virus. While experts may differ on details of lockdown strategies, they were all unanimous in their opinion that sufficient notice and advance warning are critical for a successful lockdown. Advance warning would have given critical time for our medical systems and frontline healthcare

workers to prepare for an onslaught of cases. Advance warnings would have given time for those who were, at that point, overseas to make it back to the country and prepare to hunker down. Advance warnings would have allowed those within the country, particularly economically vulnerable groups like our migrant workers, sufficient time to make it back to their respective home States, where they would have had necessary support systems to look after themselves. But, perhaps, above all, surely the provision of advance warning and transparent announcement is a basic courtesy that any Government should have extended to the people of our country. It is a moral responsibility, after all, of the Government to take the nation into confidence and not leave them in the dark.

What we have seen in these last years, Sir, is that this Government has a remarkable penchant for shock and awe tactics rather than mature leadership. Just as we witnessed during the sudden announcements of the disastrous decision of demonetisation in November 2016, once again this nation was betrayed by the whims and fancies of its leadership. Even though the people of this country were given three days' notice before locking down for a mere 17-hour *Janta Curfew* on a Sunday, when most individuals spend a lot of time at home anyway, a trial for a longer national lockdown, what followed was horrific. Riding roughshod over federalism with no pretence of consulting the State Governments, on the, on the 24th of March, the PM took to the air to announce a lockdown for 21 days from that midnight.

Planes, trains, highways and public transport were to be abruptly shut down three and a half hours after the PM finished speaking, a shockingly short window to prepare for three weeks of staying indoors, without any serious announcement of what support systems would be in place during the lockdown. It was inevitable that rampant chaos would follow this abrupt decree and that brings me to the second failure of this Government, Sir, the creation of a Government-made disaster that laid the foundations for the widespread distress and anguish that followed a series of events that should haunt each of us and has tarnished this Government's moral standing.

Across the country, we know about the long lines that immediately sprung up outside our kirana shops, as shocked citizens queued up to purchase critical rations to see this period through. Thousands took to our bus depots and railway stations. People made desperate attempts to make it back to their respective homes. Businessmen and women who had travelled to other cities for meetings were stranded by the PM's high-handed actions and those overseas suddenly were left with no way to return back to the country. Our migrant workers and daily wage workers, beside themselves in their distress, took to the roads and highways in a desperate attempt to make it back to their home States.

The very next day, the PM in his address to residents of his constituency likened the distress he had unleashed upon the nation to Kurukshetra. The Mahabharata, he said, took 18 days before victory was earned; tackling the

COVID virus would take 21 days. 180 days have passed. Our national caseload is the second largest in the world and heading for number one. Daily cases have nearly reached a lakh, higher than any other country. The economy is in tatters having suffered a contraction far more severe than any other country. Therefore, perhaps the analogy better suited to describe this Government is that of Emperor Nero who played the fiddle while an entire nation burned, or more accurately, here we have an Emperor who resorted to ताली बजाओ और दिया जलाओ, while a nation suffered beyond any conceivable measure.

“हम यह नहीं कहते कि महामारी नहीं थी, हम यह बता रहे हैं कि तैयारी नहीं थी,
तैयारी से लड़ते तो हालात ऐसे न होते, रेल की पटरी पर वे प्रवासी न सोते,
साइकिल पर बूढ़े बाप को बेटी नहीं ढोती, लाश पर मां की कभी बच्ची नहीं रोती,
अर्थव्यवस्था इस तरह निपात न होती, शायद हमारी इतनी बुरी मात न होती,
विश्व पटल पर हम कभी प्रथम नहीं आते, जितने मरे हैं लोग, वे मारे नहीं जाते,
अच्छी सी कोई योजना हम रख सकते थे,
मिल-जुल सलाह करते तो शायद बच सकते थे,
हम यह नहीं कहते कि महामारी नहीं थी, हम यह बता रहे हैं कि तैयारी नहीं थी ।”

In a country where according to most estimates, nearly 90 per cent of the workforce is employed in the informal economy, where 38 crore Indians out of 47 crores, who make up our totally employed workforce, are predominantly in jobs that offer a daily wage, surely this Government should have had the foresight to

understand the implications of the shock-and-awe style of governance on the livelihoods of its own citizens. Depending on which set of sources you refer to, the numbers that quantify the scale of the migrant workers' crisis vary. In June, the Chief Labour Commissioner estimated that over 26 lakh migrant workers were stranded in various parts of the country, while others estimate a reverse migration of up to three crore workers since mid-March.

The image of tens of thousands of our fellow citizens setting off on foot to make it back to their hometowns has been seared into the collective consciousness of our nation. If as little as a direct assurance to such marginalized groups, a clear promise of support followed through with policies to ensure that no worker would go hungry or would lose access to basic income or healthcare, if such had been given, much of the crisis that followed could have been averted. If this sudden announcement and the distress the Government caused to our people was to arrest the spread of the virus, then I am sorry to say that the approach was utterly misguided and has completely failed.

As highlighted in a letter addressed to the PM that was signed by distinguished medical experts of several national associations, and I quote: "Had the migrant persons been allowed to go home at the beginning of the epidemic when the disease spread was very low, the current situation could have been avoided. The returning migrants are now taking infection to each and every

corner of the country, mostly to rural and peri-urban areas in districts with relatively weak public health systems."

In other words, the third significant failure of this Government is that not only did their high-handedness result in widespread pain for our people but their role in fomenting such an exceptional displacement of migrant workers actively undermined any gains that were initially envisioned from a national lockdown.

As the virus continued to spread, the countermeasures of a lockdown persisted and this inevitably further laid low our already fragile economy. This is not a debate on the economy but the fact is that shutting down every productive activity in the name of flattening the curve meant only that, in the words of Rajiv Bajaj, we flattened the wrong curve. COVID rose but our economy collapsed. All our main indicators are in the red, with no end in sight causing sleepless nights for most Indians. We have already seen the 23.9 per cent contraction in Quarter I GDP compared to 9.1 per cent in USA and 9.7 per cent in Brazil. Most experts have suggested an overall contraction of ten to eleven per cent is likely to take place in this financial year.

Far more worrying is the impact the pandemic has had on the workplace. We, in this House, have seen how many MPs have now been infected. New cases are coming in every day. Let us face it that at least, we have a job thanks to our voters. We were already suffering record levels of unemployment under this Government's watch ahead of the arrival of the virus, but estimates suggest

that the situation has further deteriorated with the Centre for Monitoring of Indian Economy pointing out that about 21 million salaried employees lost their jobs during April-August with about 3.3 million jobs being lost in August and 4.8 million in July. The total number of salaried jobs in the country at the end of the last month stood at 65 million, having come down from 86 million in the previous fiscal year, 2019-20.

घर-घर में अंधेरा है, कहीं बहार नहीं है,

बैठे हैं युवा खाली, रोजगार नहीं है ।

Now, admittedly, the global economy has suffered significantly as well but across the world, we have seen instances where Governments have actively implemented countermeasures to mitigate the economic devastation of the COVID 19 pandemic. The United Kingdom for instance had rolled out a furlough scheme, the Corona Virus Job Retention Scheme, which encouraged employers to not let go of the workers, 80 per cent of whose salaries would be supported by the Government. In other words, the Government would pay to ensure that you could keep your job. Our Government's announcement of a Rs. 20 lakh crore economic relief package has inspired little confidence particularly when its fine print shows that new fiscal support amounted to only Rs. 1.86 lakh crore which is less than one per cent of the GDP. Much of the package had already been included in the Union Budget for 2020-21 or merely facilitates people's own borrowings.

As a result, Respected Speaker, India has carved a worrying but distinctive position for itself. In their response to the COVID 19 pandemic, the nations of the world have three kinds of report cards. In a handful of cases, they manage to get on top of the virus and their economy also thrived. The majority of countries however have managed one way or the other. They managed either to mitigate the healthcare effects of the virus at the cost of their economy or have kept the engine of the economy running while suffering an onslaught of the virus. India, on the other hand, has become a poster child for the worst-case scenario. We have the worst of both worlds. We have neither managed to stop or limit the spread of the virus nor have managed to keep the economy afloat. The GDP for the first time in 41 years will actually shrink and our employment crisis has become even worse than before. Small and medium businesses have been devastated, trade has crashed and our foreseeable national economic prospects are dire. In a panicky over reaction to economic failure, the Government is unlocking the country even as cases are shooting up. A lockdown imposed when we had 564 cases is being lifted when we are inching towards 54 lakh cases or to be precise 53,08,014 as of yesterday. What greater indication can we have, respected Speaker, of the fourth failure of this Government!

It took 135 days to reach one million registered cases or ten lakhs in the country; three weeks after, for 20 lakhs; 16 days, for 30 lakhs; 13 days, for 40 lakhs, and now just 11 days, for 50 lakhs or five million. At this rate, we will cross

60 lakhs by next week. Numbers offer a sharp indictment of the failure of this Government's strategies to curb the transmission of the virus.

Most of the challenges we as a nation are confronted by today stem from the manner in which the present ruling dispensation governs. I am sorry to say that there has been minimal effort by this Government to reach out and consult with other stakeholders, particularly the State Governments and the Opposition before embarking on many of their flawed plans.

As early as in May, the Indian National Congress, along with like-minded Parties, had come together and offered a series of constructive suggestions to this Government which were invariably ignored at serious cost to our fellow citizens. Eleven suggestions were placed before this Government, including a direct cash transfer outlined by the Indian National Congress under its NYAY Programme, which would support distressed communities, free distribution of rations, free transportation for migrant workers, greater consultation with State Governments, and within Parliament a revised and enhanced financial relief package, a genuine fiscal stimulus.

I have no doubt, had the Government adopted some of these ideas and consulted with Opposition Parties, we could have been better placed to mitigate the spread of the virus. Instead, we have the fifth and final failure of this Government, a failure to recognise the merits of a deliberative democracy of not consulting but dictating, and of not governing but ruling. मैं अन्त में गरीब किसान के मुद्दे

पर सरकार को विशेषण करना चाहता हूं कि ये मुद्दा आप पिछले मुद्दों की तरह टीवी पर कुछ और दिखा कर भटका नहीं सकते हैं, क्योंकि गरीब किसान टीवी नहीं देखते हैं ।

Anyway, the unfortunate reality today, Sir, is of an India where tokenism and lip service have taken precedence over concrete ideas and deliberative governance, where no honest effort is made to overhaul the infrastructure deficiencies despite which our frontline healthcare heroes have worked heroically even at the cost of their own lives, though the Government sadly says that it does not have any data about this. …(*Interruptions*) Sir, I am concluding in one minute.

Through you, Mr Speaker Sir, I would like to express the thanks of this House to all the healthcare workers for their services to this nation.

It is also an India where students have been forced to risk giving examinations that are vital to their future, at a time when even Parliament, the temple of democracy, may wind up ahead of schedule because of the virus; an India where basic healthcare services such as immunization programmes have been disrupted, particularly in rural areas; an India where the electoral fate of upcoming State Assembly Elections have transcended our national priorities; an India where the virus has been used to promote another lockdown, a lockdown on individual liberties and freedoms, as the activists who have been arrested under the draconian UAPA have realised.

To those in Government, let me say that there is still time left for you to recognise the follies of your current approach. While thanking all my colleagues in

this House for having braved this *Mahammari* in the service of this Parliament, I urge this Government to become more transparent in their functioning, to gather and release data to experts where required, to consult with all stakeholders before acting, and ultimately to take this nation into confidence because it is losing confidence in you, the Government.

Through you, Sir, I would like to assure the young people of this country that this Parliament will stand with them and their future. We will continue to argue for the best possible practices and policies so that we can overcome this crisis. I hope, Sir, this House will seriously offer suggestions to the Government, as I have done in my remarks, that might help it undertake a much-needed course correction.

Thank you, Mr Speaker. *Jai Hind!*

**माननीय अध्यक्ष :** डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी जी ।

**डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम):** अध्यक्ष महोदय, कोरोना महामारी जो कि एक वैश्विक महामारी है । यह केवल भारत का कंसर्न नहीं है, बल्कि पूरे विश्व के लोग इससे जूझ रहे हैं । आपने मुझे लोकतंत्र के इस बड़े मंदिर में इस मुद्दे पर बोलने की अनुमति दी है, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं । मैं विशेष आभार अपनी पार्टी के नेतृत्व पर भी व्यक्त करता हूं । पार्टी के नेतृत्व ने ऐसे मसले पर मुझे पार्टी की ओर से बोलने की अनुमति दी है, उसके लिए मैं अपने आपको गौरवशाली मानता हूं ।

अध्यक्ष महोदय, मैं एक सांसद होने के साथ-साथ, एक मेडिकल प्रैक्टिशनर हूं, सर्जन हूं और एक डॉक्टर भी हूं । मेरी मेडिकल कार्यावधि करीब पांच दशक, यानी कि मेरा एक्सपीरियंस करीब 50 साल पुराना है । इस दौरान मैंने कई सारे मेडिकल चैलेंजेज़ देखे हैं । मैंने कई सारी ऐसी महामारियां और बीमारियां देखी हैं, चाहे वह प्लेग, कॉलेरा, डिफ्थीरिया, टीबी, स्वाइन फ्लू या जापानी एन्सेफेलाइटिस जैसी बीमारियां हों । मगर हम इस बार कोरोना महामारी के सामने जूझ रहे हैं । मैं समझता हूं कि हम सब पर यह आपदा आ गई है । मैं समझता हूं कि यह एक असामान्य स्थिति है ।

मैं समझता हूँ कि यह एक असामान्य परिस्थिति है । यह एक अनप्रिसिडेंट महामारी है । इस महामारी के प्रति न केवल भारत, बल्कि विश्व के सभी देश चाहे वे कितने भी विकसित देश हों, सभी अपने आप को हेल्पलेस महसूस करते हैं । मेरे मित्र और कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य डॉ. शशि थरूर जी अभी बोल रहे थे और वे इस महामारी के लिए सरकार पर जो आरोप लगा रहे थे, मैं उनको आइना दिखाना चाहता हूँ कि इस महामारी के कारण चाहे कितने भी बड़े लोग हों, कितना ही बड़ा देश हो, अमेरिका जैसा देश हो, जापान जैसा देश हो, इटली जैसा देश हो, इंग्लैंड हो या यूरोप के देश हों, ऑस्ट्रेलिया हो, हर देश के लोग इस अनप्रिसिडेंट महामारी के कारण अपने आप को हेल्पलेस महसूस करते हैं ।

**16.51 hrs** (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

भारत में हमारा जो नेतृत्व है, हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री, हमारे देश के जन-नायक श्री नरेन्द्रभाई मोदी जी ने स्वयं अपने हाथों में लेकर, स्वयं सरकार का मार्गदर्शन करके जिस प्रकार से अपने नेतृत्व का परिचय दिया है, सही अर्थ में इस समय नरेन्द्रभाई मोदी जी महानायक हैं । जिस प्रकार से, लोगों ने इनकी बात को स्वीकार किया है, मैं समझता हूँ, शशि थरूर जी जा रहे हैं, उन्होंने अपने नेता का जिक्र किया, उन्होंने इस सदन के जो सदस्य हैं और कांग्रेस के जो पूर्व प्रमुख हैं, उनका जिक्र किया । उन्होंने बताया कि हमारे नेता ने फलां-फलां दिन इसको अवगत कराया था । वे हर दिन कुछ ट्वीट कर रहे थे । आज जब सदन कोरोना की महामारी के बीच में बैठ रहा है और जिन संयोगों में बैठ रहा है, मैं समझता हूँ कि सभी सांसद चाहे वे पक्ष के हों या विपक्ष के हों, वे अपनी रिस्पांसिबिलिटी समझकर सदन में चर्चा के लिए उपस्थित रहे हैं । ये अपने जिस नेता की बात करते हैं, हमेशा इस सदन को स्किप करके चले जाना, उनकी परम्परा रही है । मैं समझता हूँ कि हमारा नेतृत्व नरेन्द्रभाई मोदी जी के नाम पर न सिर्फ भारत में, बल्कि पूरे विश्व में उन्होंने नेतृत्व की एक पहचान दिलाई है ।

कोरोना महामारी की चपेट में जब पूरा विश्व आया था, तब नरेन्द्रभाई मोदी जी ने जिस प्रकार से यहाँ पहचान दिलाई और जो निर्णय उन्होंने लिये, चाहे लॉकडाउन का निर्णय हो, चाहे जनता कर्फ्यू का निर्णय हो, चाहे अन्य निर्णय हों । उन्होंने अलग-अलग निर्णय लेकर स्वयं उसका नेतृत्व किया है । मैं भारत सरकार और आरोग्य मंत्रालय के मंत्री जी का भी आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने जिस प्रकार से इस बात को आगे बढ़ाया है, मैं समझता हूँ कि बहुत ही अच्छी तरह से और बहुत ही संतोषप्रद तरीके से हम आगे हैं । इस महामारी के कारण भारत भी परेशान है । हमारी परेशानी की वजह इसलिए ज्यादा है क्योंकि हमारा देश 130 करोड़ की जनसंख्या से ज्यादा का देश है । विश्व में जनसंख्या के आधार पर हमारा देश दूसरे स्थान पर आता है ।

जहाँ तक मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की बात है या इसमें कमियों की बात है, तो ग्रामीण क्षेत्रों में मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की जो लिमिटेशन है, उसे साथ रखकर इस प्रकार की महामारी में आगे बढ़ना, मैं समझता हूँ कि इसमें एक नेतृत्व का परिचय ही आगे बढ़ सकता है । इतनी असुविधाएँ होते हुए भी हमारे नेतृत्व ने, हमारे प्रधानमंत्री जी ने दृढ़ निर्णय लिये । उन्होंने निर्णय लिये और पूरे देश ने इस निर्णय को स्वीकार किया । मुझे पता है कि श्री लाल बहादुर शास्त्री जी हमारे प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने एक नारा दिया था, जब देश में चावल की कमी थी, तब उन्होंने कहा था कि लोग सोमवार के दिन चावल न खाएं और लोगों ने स्वयं ही चावल को तिलांजलि दे दी थी । इसके बाद अगर कोई नेता है, जिनके कहने पर देश के लोगों ने उनकी बात मानी है, चाहे एलपीजी सिलेंडर की सब्सिडी छोड़ने की बात हो या इतनी बड़ी महामारी के कारण लॉकडाउन का पालन करने की बात हो, जिसे बहुत ही डिसिप्लिन से पालन किया गया है, तो नरेन्द्र मोदी जी ही दूसरे ऐसे नेता हैं, जिन पर लोगों का विश्वास आज भी है ।

मैं इनको अवगत कराना चाहता हूं कि आज भी देश की जनता नरेन्द्र मोदी जी के साथ खड़ी है, नरेन्द्र मोदी जी पर उनको पूरा भरोसा है । इस भरोसे के कारण लोग आज भी नरेन्द्र मोदी जी का समर्थन करते हैं । मोदी जी जो भी बात करते हैं, जनता उसे स्वयं ही उठा लेती है और मोदी जी के साथ जुड़ जाती है । मैं इस बात से आपको अवगत कराना चाहता हूं ।

अध्यक्ष जी, हमारे सदन में आज इस महामारी पर चर्चा हो रही है । मैं आपके माध्यम से हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री जी को बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने बहुत ठोस कदम लिए, उन्होंने जो लॉकडाउन का निर्णय किया, वह लॉकडाउन का निर्णय भारत जैसे देश में करना, मैं मानता हूं कि it was next to impossible, लेकिन नरेन्द्र मोदी जी ने जो निर्णय लिया, उस निर्णय को सारी जनता ने उठा लिया, लोगों ने उठा लिया और लोगों ने उस लॉकडाउन में कोऑपरेशन दिया, वे स्वयं अपने घरों में बैठे रहे । मैं समझता हूं कि उनको कई असुविधाओं का सामना करना पड़ता है, मगर

फिर भी लोगों ने नेतृत्व को सलाम किया है, वे नेतृत्व के साथ रहे हैं । मैं भारत सरकार, आरोग्य मंत्रालय, हर राज्य सरकार, जिसने इस लड़ाई में नेतृत्व किया है, लड़ाई में अपना जो योगदान दिया है, इसके लिए मैं इनको बधाई देता हूं, मगर मैं विशेष बधाई कोरोना वारियर्स यानी डॉक्टर्स, नर्सेज़, हेल्थ-कर्मी, सफाई-कर्मी, सिक्योरिटी दल के लोग, बायोमेडिकल वेस्ट्स के स्टाफ, आशा वर्कर्स, सब लोग कहीं न कहीं, इस महमारी के चलते इनके संपर्क में आते थे और संक्रमित होते थे, वे खुद संक्रमित होते थे ।

आज मेडिकल एसोसिएशन का जो आंकड़ा है, उसके मुताबिक सैंकड़ों डाक्टर्स ने अपनी जानें गंवाई हैं, फिर भी ये लोग इस महामारी से जूझते रहे हैं । एक डॉक्टर होने के नाते मैं इस पर गर्व करता हूं । प्रधान मंत्री जी ने कोरोना वॉरियर्स को जिस प्रकार सम्मान दिया, चाहे उन पर पुष्प वर्षा करने का कार्य हो, चाहे उनके लिए कानून बनाने का कार्य हो, कि ऐसी महामारी में अगर कोई उन पर हमला करेगा तो उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी । इसके लिए भी मैं प्रधान मंत्री जी को बहुत ही धन्यवाद देता हूं ।

हम मानते हैं, हमने देखा भी है कि युद्ध सीमा पर लड़ा जाता है । जब हमारा जवान युद्ध लड़ने जाता है तो उसके हाथ में गन होती है, उसके हाथ में बहुत शस्त्र होते हैं, मगर यह वैश्विक महामारी एक ऐसा युद्ध है, जो सीमा पर नहीं लड़ा गया, बल्कि हॉस्पिटल में लड़ा गया । जो लोग जहां निवास करते हैं, उनके बीच में लड़ा गया । इस युद्ध में लड़ने वाला सैनिक डॉक्टर, नर्स और हैल्थकर्मी था । उन्होंने सफेद एप्रिन पहना था, नर्सेज़ ने अपनी यूनिफॉर्म पहनी थी और उनके पास स्टैथोस्कोप थे ।

सभापति जी, मैं समझता हूं कि यह युद्ध बहुत ही अजीब प्रकार का युद्ध था और इस युद्ध में जिस प्रकार से हमारे कोरोना वॉरियर्स ने काम किया है, मैं उन सभी आरोग्य कर्मियों को हृदय से बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं । इस महामारी में कई लोगों ने अपनी जानें गंवाई हैं, कई डॉक्टर्स ने अपनी जानें गंवाई हैं, मैं उन सभी को आपके माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं । इस बीमारी से जिनका

निधन हुआ है, मैं चाहता हूं कि परम कृपालु परमेश्वर उनकी आत्मा को शांति दे । जहां तक भारत सरकार के कदमों का सवाल है, जहां तक कोविड-19 का सवाल है, उसका उद्भव चीन के वुहान प्रदेश से हुआ था । वहां से वह महामारी के स्वरूप में पूरे विश्व में फैला है । इसमें चीन की भूमिका शंका के दायरे से परे नहीं है । कोरोना महामारी की शुरुआत नवंबर, 2019 में चीन के वुहान शहर से हुई थी । चीन ने उस वक्त डब्ल्यूएचओ को बताया था कि हमारे यहां एक ऐसी बीमारी फैली है, एक इस प्रकार का कॉम्प्लिकेटिड न्यूमोनाइटिस हो रहा है, जो हमारी समझ से बाहर है और उसकी मोर्टैलिटी रेट बहुत ही ज्यादा है ।

मैं आपको बताना चाहता हूं, on 17 January, 2020 Ministry of Health and Family Welfare ने कोरोना वायरस के बारे में प्रथम पुष्टि की और उनके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना शुरू किया ।

**<u>17.00 hrs</u>**

उसके पहले भारत सरकार ने 7 जनवरी, 2020 को टेक्निकल ग्रुप की पहली मीटिंग की थी । हमारे मित्र बोलते हैं कि हमने कुछ नहीं किया है । मैं समझता हूं कि विश्व में जो पहला निर्णय लेने वाला देश है, उसमें भारत है और उसका मार्गदर्शन स्वयं हमारे प्रधानमंत्री जी करते थे । उसको 11 मार्च 2020 को डब्ल्यूएचओ ने महामारी के रूप में घोषित किया था । सरकार ने 8 जनवरी 2020 को स्थिति की मॉनिटरिंग तथा फॉलो-अप एक्शन करना शुरू किया था । भारत सरकार द्वारा चाइना तथा हांगकांग से आने वाली उड़ानों के लिए 18 जनवरी से थर्मल स्क्रीनिंग शुरू की गई थी । भारत सरकार द्वारा कई सारे निर्णय लिए गए थे, चाहे वह सर्वेलांस का निर्णय हो, at the point of entry and at community level; focus on logistics; ensuring diagnostic support and ensuring availability of organisational health facility; ensuring availability of trained and oriented health staff; and, most importantly, managing this community since their

involvement is paramount in the management of infectious disease. This is a very highly infectious disease. भारत सरकार ने लोगों को सूचना दी थी कि लोग मास्क पहनें, लोग फिजिकल दूरी बनाए रखें, दो गज की दूरी बनाए रखें और लोग साबुन से हाथ धोया करें, क्योंकि यह जो कोरोना वायरस है, उस वायरस का जो वॉल है, that is made up of fat. अगर हम साबुन से हाथ धोते हैं तो वह फैट डिसइंटीग्रेट होता है और वायरस नष्ट होता है । भारत सरकार की ओर से इस प्रकार के कई सारे सुझाव दिए गए । लोग इकट्ठा न हों, इसलिए लॉकडाउन किया गया । इसके अलावा अन्य कई उपाय किए गए, लेकिन हमारे मित्र बोलते हैं कि हमारी सरकार पीछे जागी है । Ours is amongst the first of those countries to have come out with a concrete decision in this direction.

हमारे मंत्री जी के नेतृत्व में उन्होंने जिस प्रकार से डिसीज़न लिया है, चाहे वह टेस्टिंग का डिसीज़न हो या अलग-अलग डिसीजंस हों, हमारे देश में बहुत ही सटीक तरीके से निर्णय किए गए हैं । हमारी सरकार की ओर से रिस्ट्रिक्शन ऑफ मूवमेंट, नेशन वाइड पूरी तरह से उड़ाने बंद कर दी गई थीं । पूरी तरह से बॉर्डर्स को सील कर दिया गया था । एक राज्य से दूसरे राज्य में लोग न जा सकें, इस प्रकार से बॉर्डर्स सील किए गए । क्लासिफिकेशन ऑफ डिस्ट्रिक्ट किया गया ।

इसमें इकोनॉमिकल बर्डन की बात है, इकोनॉमिकल साइड इफेक्ट की बात है । एक हेल्थ का साइड इफेक्ट होता है और एक इकोनॉमिकल साइड इफेक्ट होता है । इकोनॉमिकल साइड इफेक्ट के लिए स्वयं प्रधान मंत्री जी ने 'प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना' के तहत 1.7 लाख करोड़ रुपए सैंक्शन किए और वह पैसा बांटा भी गया । वह पैसा लोगों के बीच में गया । इसमें इंश्योरेंस कवर किया गया । 'प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना' में जो हेल्थ वर्कर्स थे, उनके लिए 50 लाख रुपये का इंश्योरेंस कवर दिया गया ।

मैं अहमदाबाद से आता हूं । अहमदाबाद में कई नर्सेज और डॉक्टर्स का इस महामारी के चलते ट्रीटमेंट करते-करते निधन हुआ है, उनको सरकार की ओर से 50 लाख का चैक दिया गया है । मैं आपको अवगत कराना चाहता हूं कि यह काम नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने किया है । प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत पांच किलोग्राम अन्न देने का काम था, क्योंकि लोगों को अनाज मुहैया कराना था । इसमें खासकर गरीब और मार्जिनेलाइज्ड लोग, जो पिछड़ी पंक्ति में बैठे हुए हैं, ऐसे लोगों को पांच किलोग्राम गेहूं या राइस और एक किलोग्राम प्रेफर्ड पल्सेस नि:शुल्क तौर से दी गईं । वे लोग चाहे बिलो पॉवर्टी लाइन हों या एबव पॉवर्टी लाइन हों, उनको 3 महीने तक राशन दिया गया था । प्रधानमंत्री जी ने नवंबर तक ऐसे लोगों को अनाज देने का जो निर्णय किया है, मैं समझता हूं कि यह बहुत ही संवेदनशील निर्णय है । वूमेन अकाउंट्स होल्डर में 'प्रधान मंत्री जन धन योजना' के अंतर्गत 500 रुपये प्रतिमाह अप्रैल और जून के बीच दिए गए । मेरे यहां का एक मतदार है, वह गरीब है । वह अपनी पासबुक लेकर मेरे पास आई ।

साहब, मेरी पासबुक में यह पैसा कहां से आया है? उसके खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर यानी डीबीटी के ज़रिए भारत सरकार ने उस गरीब महिला के जनधन खाते में 500 रुपया प्रति मास भेजा था । यह सब भारत सरकार ने देश की गरीब महिलाओं के लिए किया है । इसमें पूअर लोगों और फार्मर्स के लिए किया है । According to the Ministry of Finance, between 26 March and 22 April, 2020, approximately 33 crore poor people have been given financial assistance worth Rs.31,235 crore through bank transfer, direct benefit transfer. यह पैसा मोदी जी की भारत सरकार ने दिया है, मैं अपने मित्रों से यह कहना चाहता हूं । इसमें किनको फायदा मिला है? इसमें उन विधवाओं, महिलाओं, सीनियर सिटीजन और और फार्मर्स को फायदा मिला है । In addition to direct bank transfers, other forms of assistance have also been initiated. These include the following: 40 lakh metric tonnes of food grains

have been provided to 36 States and union territories; 2.7 crore free gas cylinders have been delivered to the beneficiaries; and Rs 3,497 crore has been disbursed to 2.2 crore building and construction workers. The Fund was managed by State Governments. जो फाइनैंशियल मैज़र्स लिए गए हैं, including extension of dates for payment of taxes for relaxation in norms ईएमआई भरने के लिए एक्सटेंशन दिया गया । इंटरेस्ट और पेनल्टी भी उनसे नहीं लेने का प्रावधान किया गया । PM CARES Fund के ज़रिए गरीब लोंगों, खास तौर से जो कोरोना से पीड़ित हैं, उनके लिए प्रधान मंत्री जी की ओर से, जहां भी वेंटिलेटर या दवाइयों की जरूरत है, दी गयी हैं । Under relief given by the Reserve Bank of India, there are many reliefs given to the borrowers in repayment of loan. एमपीलेड स्कीम के जो हर साल पांच करोड़ रुपये मिलते थे, all the funds are diverted to fight Coronavirus. There was a reduction of allowances of MPs and Ministers by 30 per cent. अपना अलाउंस स्वयं ही उन्होंने कम कर दिया है । यह एक महत्वपूर्ण निर्णय सरकार द्वारा किया गया है । फ्रीज़िंग ऑफ डीयरनेस अलाउंस किया गया और इस पैसे का इस्तेमाल कोरोना महामारी से जूझने में किया गया । हेल्थ पर मैंने बोला कि the Epidemic Diseases (Amendment) Ordinance, 2020 was promulgated ताकि कड़े प्रावधान के साथ इस महामारी से हम लड़ सकें ।

जहां तक टेस्टिंग का सवाल है । कई लोग कहते हैं कि देश में टेस्टिंग कम होती है । Till today, around five crore tests have been done. करीब 1.33 करोड़ टेस्ट पिछले दो हफ्ते में हुए हैं । भारत सरकार की कोरोना महामारी पर विजय पाने के लिए एक पॉलिसी रही है- टेस्टिंग, ट्रैकिंग और ट्रीटमेंट । इन तीनों के जरिए हम कोरोना महामारी को समाप्त करना चाहते हैं । ट्रैकिंग के बारे में हमारे मंत्री जी ने जो कहा था, वह वाक्य मुझे आज भी याद है कि करीबन पूरे देश में 40 लाख

लोग ऐसे हैं, जो ट्रैकिंग करते हैं । ट्रैकिंग का मतलब है कि कोई व्यक्ति कोरोना के सम्पर्क में आ गया तो वह उसकी ट्रैकिंग करता है । कितने लोगों से वह मिला, उसकी फोन से ट्रैकिंग करते हैं ।

इस प्रकार से कोरोना की महामारी को कंट्रोल करने के लिए भारत सरकार ने जो कार्य किए हैं, वे काबिले तारीफ हैं । मैं इसके लिए सरकार को बधाई देता हूं ।

**माननीय सभापति:** अब समाप्त कीजिए ।

…(व्यवधान)

**डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी:** महोदय, मैं थोड़ी देर में समाप्त कर दूंगा । Restriction of export of medicines and medical equipments, जो कोरोना के ट्रीटमेंट में काम आते हैं, उसे पहले अपने देश में रखना और उसको रेस्ट्रिक्ट करने का निर्णय भारत सरकार ने लिया है । चाहे वह ट्रैवल रिस्ट्रिक्शन का निर्णय हो । ऐसे कई सारे निर्णय लिए गए हैं । अभी हमारे एक मित्र बोल रहे थे कि हमारे यहां कोरोना के बहुत सारे केसेज़ हो रहे हैं । मैं इस बात को स्वीकार करता हूं कि this is a highly infectious disease. अगर इस संक्रामक रोग की वजह से परिवार का एक व्यक्ति भी संक्रमित हो जाता है, तो उस परिवार के सभी व्यक्तियों को संक्रमित होने का पूरा भय रहता है । इस पर एलीगेशन करके निकल जाना यह कोई ठीक बात नहीं है । हमने इस बात को कैसे टैकल किया है, अमेरिका जैसे देशों को भी बहुत मुश्किलें हुई हैं ।

मैं यह कहना चाहता हूं कि जो टेस्टिंग का काम किया है और हमारी सरकार ने जिस प्रकार से इसके लिए अलग-अलग प्रावधान किए हैं, मैं यह समझता हूं कि बहुत ही कड़े प्रावधान किए गए हैं । लोगों ने भी इसमें बहुत कोऑपरेट किया है । ऐसी बहुत सी जगहें हैं, जहां और भी कोऑपरेट करने की जरूरत है, क्योंकि यह रोग कब जाएगा, यह किसी को नहीं पता है । न तो इसकी कोई दवाई है । आज भी चाहे कितने भी डाक्टर्स हों, चाहे कोई भी हो, जैसे ट्यूबरक्लोसिस है, उसके ट्रीटमेंट का एक प्रोटोकाल होता है । लेकिन कोरोना के ट्रीटमेंट का कोई फिक्सड प्रोटोकाल नहीं है । कोरोना की

वजह से लोग अपने अनुभवों पर रह रहे हैं । मैं स्वयं कोरोना पॉज़िटिव हुआ था । मुझे भी पता है कि मैं 17 दिनों तक अपने घर में होम क्वॉरन्टाइन में रहा था । मैंने इसका ट्रीटमेंट लिया था । मैं डॉक्टर्स के संपर्क में रहा था ।

मैं इसलिए भी भारत सरकार को बधाई देना चाहता हूं कि एक डॉक्टर होने के नाते, शुरुआत में यह था कि अगर कोई भी व्यक्ति कोरोना पॉज़िटिव होता था, तो उसको अस्पताल में भर्ती किया जाता था । मैंने मंत्री जी और प्रधान मंत्री जी दोनों को ई-मेल किया था । यह सरकार इतनी सेंसिटिव है, जैसे ही उनको मेरा ई-मेल मिला, मैंने उनसे रिक्वेस्ट की कि ऐसे लोग जो एसिम्प्टोमैटिक हैं, हमारे यहां करीब 80 प्रतिशत लोग एसिम्प्टोमैटिक हैं । उनको अस्पताल में भर्ती नहीं करना चाहिए । प्रधान मंत्री जी और सरकार ने तुरंत उस पर संज्ञान लिया था ।...(व्यवधान) उसको कंट्रोल किया, क्योंकि इसकी वजह से दो बातें होती हैं । पहली बात यह है कि अननेसेसरी बेड आक्यूपेन्सी नहीं होती है । जो हेल्थ वर्कर्स हैं, मरीज उनको संक्रमित कर देता है, टेलीफोन के जरिए उनका ट्रीटमेंट करना है । अभी-अभी हमारे अध्यक्ष महोदय ने कहा कि आप अपना उदाहरण दीजिएगा और बताइगा कि हमने क्या किया है । हमारे सभी कार्यकर्ता, सदन में बैठे सभी सम्माननीय सदस्य कोरोना महामारी के चलते लोगों की सेवा में व्यस्त रहे हैं ।

महोदय, मैं एक उदाहरण देकर अपनी बात को समाप्त करना चाहता हूं । एक सरोगेसी महिला थीं । उन्होंने अपने उदर में किसी का गर्भ रखा था । वह गुजरात और महाराष्ट्र के बार्डर पर थीं । दो दिनों के बाद उनका सिजेरियन होने वाले था । लेकिन उनको वहां एंट्री नहीं मिल रही थी । उनके एक परिचित डॉक्टर मेरे मित्र थे । उन्होंने हमें बताया । हमने कलैक्टर और प्रशासन से रिक्वेस्ट की, तो उनको वहां से आने की परमिशन मिली । दो दिनों के बाद उनकी सर्जरी हुई, उनका सिजेरियन हुआ और उनको एक बेटा पैदा हुआ था । मैं इन्हीं शब्दों के साथ अपनी बात को समाप्त करता हूं । आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया है, उसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं ।

**SHRI DAYANIDHI MARAN (CHENNAI CENTRAL):** Sir, before I start my speech, I should like to thank all the hon. Members of Parliament cutting across partylines who were so helpful in trying to get stranded people of Tamil Nadu back to our State and especially our External Affairs Minister Shri Jai Shankar who really helped our people who were stuck outside the country and ensured that they came back home.

Sir, before I start blaming the Government, I would like to just read a *kural* from Thirrukural. It says:

*"Idippaarai Illaadha Emaraa Mannan*

*Keduppaar Ilaanum Ketum"*

It means if a King does not have good advisors who stop him and tell him that you are doing wrong; do not do this, he will fall into ruin.

This is a perfect example for our Government where no one has the guts or courage to go and tell the Prime Minister that you are doing something wrong. His own Cabinet has not got the courage.

Sir, I would like to ask something. We realised on the 3rd of February that the first case of Coronavirus was reported in Kerala. We should have woken up. We should have closed our borders. We should have started the checking. But what did we do? We had 'Namaste Trump' event because Trump was coming. It was a big photo opportunity moment for our Prime Minister to take photos and videos in Gujarat and to show off. So, what happened? We gathered people.

When Coronavirus started to spread, we were gathering people and we had 'Namaste Trump' event. In fact, the Parliament was convened. It was supposed to be closed in a week's time because of Coronavirus. But what to do? A big coup happened.

In Madhya Pradesh, the Congress Government was falling and you wanted to take over the power there. So, there was silence. No one spoke about the Coronavirus. Even the Members of Parliament were not allowed to speak about Coronavirus because the Congress Government in Madhya Pradesh had gone to the Supreme Court. If the Parliament is closed and if the country is closed, then the floor test cannot be done. So, what did you do? The Members of Parliament were not allowed to talk.

मेरे लातुर संसदीय क्षेत्र में भी कोरोना बीमारी का काफी प्रकोप रहा । मगर मैं अपने जिले के सभी डाक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों और समर्पित कोरोना वारियर्स का धन्यवाद करता हूं कि वह विगत 6 महीनों से इस बीमारी से तन मन धन से लड़ रहे हैं । आज की स्थिति के अनुसार लातुर में 78724 लोगों का कोरोना टेस्ट हो चुका है जिसमें से 14059 लोगों को कोरोना पॉजिटिव पाया गया । जिले में वेंटीलेटरों की उपलब्ध संख्या संतोषजनक है । मैं प्रधान मंत्री जी का धन्यवाद् करता हूं कि उन्होंने प्रधान मंत्री केयर फंड से 45 वेंटीलेटर हमारे लातुर जिले को उपलब्ध करवाये ताकि करोना पीडितों का उचित उपचार संभव हो सका । जिले के सभी अस्पताल हमारे भरपूर प्रयासों के बावजूद हमारे जिले में कोरोना से अब तक 413 लोगों की मृत्यु हो चुकी है । मैं इन सभी के परिवारों को अपनी संवेदना प्रकट करता हूं । लातुर विगत छह महीनों में सबसे मुश्किल लॉक डाउन का समय था । इस अवधि में हमने यथाशक्ति सभी जरूरतमंदों को भोजन, सेनीटाइजर, मास्क तथा स्वाथ्स्य कर्मियों को पीपीई किट उपलब्ध करवाए और जिले में लगभग 25 हजार जरूरत मंदों को व्यक्तिगत तौर पर बाटा

---

* Speech was laid on the Table.

है ताकि कोरोना बीमारी से डट कर मुकाबला किया जा सके । अभी भी 200 से 300 नये मामले रोज आ रहे हैं ।

नोवेल कोरोना वायरस संक्रमण के कुछ इक्के-दुक्के मामले सबसे पहले चीन में सामने आए और उसके कुछ माह बाद ही देखते-देखते इसने वैश्विक महामारी का रूप धारण कर लिया । इस बीमारे के कारण आज दुनिया के कई हिस्सों में, सीमाएं बंद हैं, हवाई अड्डे, होटल और व्यवसाय बंद हैं, और शैक्षणिक संस्थान बंद हैं ।

ये अभूतपूर्व उपाय कुछ समाजों के सामाजिक ताने-बाने को तोड़ रहे हैं और कई अर्थव्यवस्थाओं को बाधित कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर लोगों की नौकरियां छूट रही है और व्यापक पैमाने पर भूख की छाया बढ़ रही है । वास्तव में यह सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल है जिसके दो साल तक जारी रहने की संभावना है । जब तक इसकी वैक्सीन विकसित नहीं होगी तब तक यह वायरस एक खतरा बना रहेगा ।

पूरी दुनिया के साथ ही साथ देश में कोरोना के बढ़ते कहर के बीच लोग वैक्सीन का इंतजार कर रहे हैं । भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया में कोरोना के टीके की खोज हो रही है । हालांकि अभी तक कोई भी देश कोविड-19 को खत्म करने वाली वैक्सीन पर मुहर नहीं लगा पाया है । भारत में भी तीन अलग-अलग वैक्सीनों पर काम चल रहा है । कोरोना वायरस की वैक्सीन बनाने के लिए भारत समेत दुनिया के कई देशों में पूरी तेजी से काम चल रहा है । भारत में कोरोना वायरस के वैक्सीन को लेकर जल्द खुशखबरी मिल सकती है । हमारे स्वास्थ्य मंत्री जी ने हाल ही में राज्यसभा में कहा था कि भारत भी अन्य देशों की तरह ही वैक्सीन बनाने के लिए पूरा प्रयास कर रहा है । हमें उम्मीद है कि अगले साल की शुरुआत में भारत में वैक्सीन उपलब्ध होगा । उल्लेखनीय है कि बीते कुछ महीने से राज्य और केंद्र की सरकार कोरोना के खिलाफ जंग लड़ रही हैं । पीएम मोदी के नेतृत्व में पूरा देश मिलकर कोरोना की लड़ाई को लड़ रहा है । 7 जनवरी को विश्व स्वास्थ्य संगठन से सूचना मिली थी

कि चीन में कोरोना का केस मिला है । हमने 8 जनवरी से बैठकें शुरू कर दी थीं । इतिहास इस बात को लेकर पीएम मोदी को याद करेगा कि कैसे लगातार 8 महीने तक उन्होंने कोरोना को लेकर हर एक्शन पर नजर रखी ।

कोरोना पर राज्यों के साथ मिलकर केंद्र सरकार ने जो कदम उठाए उसकी वजह से हमारी स्थिति बाकी दुनिया के मुकाबले बेहतर हुई है । हम चाहें अमेरिका से तुलना करें, ब्राजील से करें या फिर किसी अन्य देश से हमारी स्थिति बाकियों के मुकाबले बेहतर है । जुलाई-अगस्त में भारत में 300 मिलियन कोरोना मामले और 5-6 मिलियन मौतों की बात कही गई थी । 135 करोड़ के इस देश में हम रोजाना 11 लाख टेस्ट कर रहे हैं । हमसे ज्यादा कुल 5 करोड़ टेस्ट अभी तक अमेरिका ने किए हैं । हम जल्द ही अमेरिका को टेस्टिंग में पीछे छोड़ देंगे । हमारी सरकार इस वायरस के नए संक्रमणों के चक्र पर काबू पाने के लिए लगातार संघर्ष कर रही है परन्तु फिर भी आगे आने वाले काफी समय तक स्वास्थ्य प्रणालियों पर दवाब बना रहेगा । वैक्सीन के विकास, इसके उत्पादन और न्यायसंगत वितरण की बाधाओं को दूर करने के लिए सामूहिक प्रयास की भी आवश्यकता है । गहन चिकित्सा की आवश्यकता वाले तेजी से बढ़ रहे रोगियों का इलाज करने के लिए मास्क से लेकर वेंटिलेटर तक की जरूरी सामानों के उत्पादन एवं उनकी आपूर्ति के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं को युद्ध स्तर पर तैयार रखा जाना चाहिए ।

यह प्रसन्नता का विषय है कि कोरोना वायरस की महामारी से उत्पन्न चुनौती और खतरे से निपटने के लिए भारत सरकार सभी आवश्यक कदम उठा रही है । देश की जनता के सक्रिय सहयोग से हम देश में वायरस के प्रसार को नियंत्रित करने में सक्षम हैं और आगे भी इसी तरह कठिन प्रयास करते रहेगे । अंत में मैं यही कह सकता है कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई जानकारी और सलाह को सावधानी व सही तरीके से पालन कर वायरस के स्थानीय प्रसार को रोका जा सकता है ।

हमारे देश में कोरोना संक्रमित मरीजों की मृत्यु दर सबसे कम है । जिसके लिए मैं अपने कोरोना वारियर्स जिनमें हमारे डाक्टर, नर्स, अन्य चिकित्सा कर्मचारी, पुलिस कर्मचारी आदि सम्मिलित हैं सभी का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं जो अपने घर परिवार की चिंता किए बिना 24 घंटे कोरोना बीमारी से लड़ रहे हैं और देशे को अपनी अमूल्य सेवाएं प्रदान कर रहे ।

मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि पहले की तरह हम सभी मिलकर इस वैश्विक बीमारी के संकट से शीघ्रातिशीघ्र उबर पाएंगे । मैं सभी का आह्वान करता हूं कि इस महामारी से डट कर मुकाबला करने के लिए हम सब मिलकर प्रयास करें तथा केन्द्र तथा राज्य सरकारों के प्रयासों में तन-मन-धन से सहयोग करें ।

*__श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे (रावेर):__ इस सदन के माननीय सांसद श्री अधीर रंजन चौधरी व श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन, इन्होंने जो नियम 193 के अधीनस्थ देश में कोविड-19 सर्वव्यापी महामारी के विषय पर विचार किए जाने की आवश्यकता के बारे में उठाए गई चर्चा इस सदन में उपस्थित की है, इस पर मुझे मेरे विचार सदन में रखने की अनुमति देने के लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं ।

कोविड-19 कोरोना वायरस से सारे विश्व को चिंतित एवं एक नए मोड़ पर जीने को सिखाया है, जिससे मानवीय आरोग्य पर ही नहीं सारी दुनियाभर में सब देश की अर्थव्यवस्था को गहरी चोट पहुंचाई है । इस कोरोना वायरस के फैलावे की शरुआत दिसंबर 2019 से विश्व के जनआरोग्य पर गहरा परिणाम किया, जिसके चलते वायरस से प्रभावित मरीज के स्वास्थ्य लाभ न होने के कारण तथा बड़े तौर पर जान गंवाने का खंतरा मंडरा रहा है । धीरे-धीरे इस वायरस की खोज के बाद 5 से 6 माह में आजकल परिस्थिति में सुधार आने लगा है और देश की अर्थव्यवस्था एक बार फिर से आपने कालचक्र पर विराजमान होने की स्थिति की शुरुआत हुई है । हमारे देश में अन्य विश्व के देश में इस वायरस का फैलावे को लगाम लगाने का काम हमारे आदरणीय पंतप्रधान श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी ने देश की जनता को पूरे देश में जनता कर्फ्यू तथा जनता बंद ऐसे अपील को कभी न मिलने वाली सफलता मिली । बार-बार मीडिया के माध्यम से अपील करने से शुरू से ही देश के लोगों में जागरूकता हुई और देश इस कोरोना वायरस के भारी मात्रा में फैलाव एवं सामना कैसे करना है, यह जानकारी जगह-जगह देश के विभिन्न क्षेत्र में अपनी-अपनी परिचित भाषा के इस्तेमाल करने से हम इस फैलाव को रोकने में कामयाब रहे हैं । देश की जनता ने भी माननीय पंतप्रधान जी की हर एक अपील को पूरी ताकत दी के सफलता पूर्ण किया ।

केन्द्र सरकार के माध्यम से हर एक राज्य में हर जिले व रूरल प्राइमरी हेल्थ सेंटर को इस वायरस की संक्रमण पर रोक तथा उपाय योजन के लिए मेडिकल एम्पलाइज की मदद एवं सैनिटाइजर

---

* Speech was laid on the Table.

व फेस मास्क की भारी मात्रा में सप्लाई किया, जिससे हर राज्य में हमें इस कोरोना वायरस की सर्वव्यापी महामारी के संक्रमण से राहत मिली है ।

इस कोरोना वायरस की सर्वव्यापी महामारी के संक्रमण से पर्यटन, सत्कार व विमानन क्षेत्र में भारी मात्रा में हानि/नुकसान हुआ है और यह क्षेत्र फिर से शुरु होने व उभरकर आने के लिए बहुत समय लग सकता है । इसलिए इन क्षेत्रों पर आश्रित बहुत से उद्योग व इससे जुड़े व्यापार के लोगों के लिए सरकार से उचित व पर्याप्त माध्यम खड़े करने की जरूरत है । मेरे सभी किसान भाइयों को भी इस विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है । एक तरफ कोरोना वायरस की सर्वव्यापी महामारी से बचने के उपाय करना और दूसरी तरफ प्राकृतिक आपदाओं से अपनी फसल का ख्याल व रख-रखाव पर ध्यान देना, तैयार फसल को लॉकडाउन की वजह से बाजार उपलब्ध न होने से जो मिले उस भाव में बेचना, जिससे किसान को भारी मात्रा में हानि हुई है ।

आने वाले खरीफ सीजन के लिए बीज व फर्टिलाइज़र खरीद करने के लिए पैसों की आवश्यकता कैसे व कहां से करे । इसकी चिंता से परेशान किसानों को सरकार के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए बड़े प्रावधान की उपायोजना के लिए मैं हमारे माननीय पंतप्रधान जी को इन किसानों की तरफ से धन्यवाद करना चाहती हूं । मेरे रावेर निर्वाचन क्षेत्र में केले की फसल लगभग 65,000 हेक्टेयर कृषि जमीन पर है । यहां के केले पूरे देश में अपनी एक अलग पहचान बनाए हुए हैं । पहले ही कोरोना वायरस की मार से हमारे यहां का किसान परेशान था, क्योंकि केले की फसल की मांग आम का सीजन खत्म होते ही बढ़ती है, लेकिन इस साल किसानों को लॉकडाउन की वजह से ग्रामीण क्षेत्र से शहर की तरफ होने वाली यातायात पर गहरा असर होने से यह किसान को अपनी तैयार फसल को अपने ही ग्रामीण क्षेत्र में बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिससे उसे भारी मात्रा में नुकसान का सामना करना पड़ा है । दूसरी तरफ प्राकृतिक आपदाओं से ज्यादा बारिश होने से Cucumber Mosaic virus (CMV) के प्रकोप का सामना करना पड़ रहा है । केन्द्र सरकार ने

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत 2012-13 में शुरु किए हुए प्रोग्राम के अंतर्गत केले का क्षेत्र KARPA रोग निर्मूलन कार्यक्रम हर साल करती थी । 2017-18 से बंद कर दिया है । इस बार ज्यादा मात्रा में इस रोग के फैलाव का असर हुआ है । महाराष्ट्र राज्य ने केले की फसल के लिए पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत इंश्योरेंस के माध्यम से मिलने वाले नुकसान की भरपाई के मानक प्रमाण (Triggers for RWBCIS) को बदल कर ऐसे स्थापित किए हैं कि मेरे क्षेत्र का कोई भी किसान यह मानक प्रमाण पूरे नहीं करेगा और न ही उसे इंश्योरेंस कंपनी से कोई मुआवजा मिलेगा । मैंने राज्य सरकार से इस ब्लाक इयर तीन साल के लिए स्थापित मानक प्रमाण को बदलने के सुझाव रखे हैं । राज्य सरकार का कहना है कि यह मानक प्रमाण हमने केन्द्र सरकार के अधिकृत अधिकारियों के साथ मिलकर स्थापित किए हैं और अगर इन प्रमाण में कोई भी बदलाव करना है, तो केन्द्र के कृषि अधिकारियों से इसके बदलाव की अनुमति चाहिए । मेरे क्षेत्र के किसान को सभी तरफ से हानि पहुंच रही है । इसलिए मैं इस सदन में उपस्थित कोविड-19 नियम 193 के अधीनस्थ जो विषय रखा गया है, उस विषय में मेरे क्षेत्र के किसान भाइयों को जो हानी हुई है, उसके लिए कुछ मांगे रखती हूं ।

1. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत 2012-13 में शुरु किए हुए प्रोग्राम के अंतर्गत केले का क्षेत्र KARPA रोग निर्मूलन कार्यक्रम का पुनर्गठन करना ।

2. Cucumber Mosaic Virus (CMV) के प्रकोप जिससे मेरे क्षेत्र के केले को कृषि क्षेत्र जो भारी मात्रा में प्रभावित है, उसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा ठोस कार्रवाई/उपाय योजना की जरूरत ।

3. पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत इंश्योरेंस के नए स्थापित मानक प्रमाण (Triggers for RWBCIS) को केन्द्र के कृषि अधिकारियों से पुनर्स्थापित करना ।

मैं एक बार फिर से धन्यवाद करना चाहती हूं कि आपने मुझे नियम 193 के अधीनस्थ रखे गए देश में कोविड-19 सर्वव्यापी महामारी के विषय में भाषण सभा पटल पर रखने की अनुमति प्रदान की गई ।

[*]**श्रीमती रीती पाठक (सीधी):** आज कोरोना संक्रमण की महामारी पूरे देश में ही नहीं, बल्कि विश्व में लगातार फैल रही है । ऐसे में जहां पूरे विश्व में असामान्य स्थिति बन रही है, वहीं हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी ने संक्रमण से बचाव हेतु विशेष कदम उठाए हैं ।

संक्रमण शुरू होने के समय ही लॉकडाउन की घोषणा कर मास्क लगाने एवं दो गज की दूरी को आवश्यक रूप से रखने के निर्देश जारी किए । आदरणीय प्रधान मंत्री जी के निर्देश से ही देश के कोने-कोने में फंसे हुए मजदूरों के लिए भोजन की व्यवस्था का विशेष इंतजाम किया गया और राज्यों को भी इंतजाम करने का निर्देश दिया गया । साथ ही यह निर्देश दिया कि देश में किरायेदारों से किराया न लेने की व्यवस्था की जाए एवं मजदूरों की मजदूरी न काटी जाए । इस कोरोना काल में अर्थव्यवस्था की चोट झेल रहे हमारे देश को आत्मनिर्भर होने की ओर अग्रसारित किया । यहां पीपीई किट का निर्माण लोकल स्तर पर कराया गया । मास्क का निर्माण हो या टेस्टिंग किट का निर्माण हो, देश में निर्मित करने हेतु प्रोत्साहित किया, जिससे हमारी निर्भरता चीन जैसे देशों से खत्म हुई ।

माननीय प्रधान मंत्री जी ने इस संक्रमण काल में काम करने वाले कोरोना वॉरियर्स को प्रोत्साहित करने हेतु समय-समय पर देशवासियों के साथ कई कार्यक्रम किए । अध्यक्ष जी इस संकट से उबरने हेतु मैं माननीय प्रधान मंत्री जी के कदमों की सराहना करती हूं एवं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि हम शीघ्र ही इस संक्रमण से निजात पाएंगे ।

---

[*] Speech was laid on the Table.

**श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' (मुंगेर):** माननीय सभापति जी, हम वैश्विक महामारी कोविड-19 पर चर्चा कर रहे हैं । जब हम इस वैश्विक महामारी की चर्चा कर रहे हैं तो आज इस अवसर हम अपने माननीय अध्यक्ष जी का अभिनन्दन जरूर करना चाहते हैं, क्योंकि लॉकडाउन के पीरियड में माननीय अध्यक्ष जी अपने सभी सदस्यों को लगातार फोन करके उनका हाल-चाल लेते रहे । मेरे जैसे व्यक्ति को भी उन्होंने तीन बार फोन किया और हाल-चाल लेते रहे । आज हम उनका अभिनन्दन करना चाहते हैं कि वे अपने सदस्यों के प्रति संवेदनशील रहे कि उनके सदस्य कहां तक सुरक्षित हैं ।

**<u>17.58 hrs</u>** (Shrimati Rama Devi *in the Chair*)

सभापति महोदया, जब हम वैश्विक महामारी की चर्चा कर रहे थे, मैं प्रारंभ से चर्चा सुन रहा था । वैश्विक महामारी से लड़ने के लिए हम कैसी रणनीति बनाएं, किस प्रकार हम एकमत होकर एक राय से इस महामारी से लड़ें, उसकी बजाय प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी की आलोचना में समय बिता रहे हैं । आप प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की आलोचना में समय क्यों बिता रहे हैं? कोविड-19 की जो स्थिति है, उससे निपटने के लिए यदि आपके पास कोई सकारात्मक सुझाव है तो उसको सरकार के सामने रखिए कि उस सकारात्मक सुझाव के माध्यम से आप कोविड-19 से लड़िए । यह एक समस्या है कि ये प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी की जितनी आलोचना करते हैं, उतनी ही उनकी पोपुलेरिटी का ग्राफ बढ़ता जाता है और इनका ग्राफ घटता जाता है । लेकिन, क्या किया जाए, ये लोग मजबूर हैं । चश्मा ऐसा लगाया है कि इनको किया हुआ काम दिखाई नहीं देगा । यदि ये चश्मे का पावर बदलकर और सही दिशा में देखने का प्रयास करें और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएंगे तो इनको दिखाई देगा कि सरकार ने क्या काम किया है । पूरे विश्व में यह महामारी है । कौन-सा ऐसा विकसित देश है, जो इससे प्रभावित नहीं है । चाहे वह अमेरिका हो, फ्रांस हो, इटली हो, कौन-सा ऐसा देश है? यह भी एक विवाद का विषय है, इस पर काफी चर्चा है, पता नहीं स्वास्थ्य मंत्री जी सहमत होंगे या नहीं होंगे कि यह एक प्राकृतिक वायरस है या मानव निर्मित वायरस है?

**18.00 hrs**

यह भी एक सवाल है । पूरे विश्व में इसकी चर्चा छिड़ी हुई है । चूंकि हम लोग परिस्थिति को देखते हैं । हम देखते हैं कि दिल्ली में सक्रमण की संख्या कभी घट रही है, लेकिन फिर अचानक संख्या बढ़ने लगती है । कहीं ऐसा तो नहीं है कि जहां-जहां संक्रमण घटता है, वहां वायरस को बाहर से पुश किया जा रहा है । यह मानव निर्मित वायरस है या प्राकृतिक वायरस है, इसका पता नहीं चला है । यह दुनिया के सामने एक चर्चा का विषय बना हुआ है । अभी तक इस पर कोई निष्कर्ष नहीं निकला है, लेकिन सरकार ने काम किया है । केन्द्र सरकार ने लॉकडाउन का जो समय पर निर्णय लिया, उसका परिणाम यह है कि पूरे देश में कम्युनिटी स्प्रैड नहीं है । आप देखिए कि अमेरिका जैसे विकसित राष्ट्र की क्या हालत हुई है, फ्रांस जैसे राष्ट्र की क्या हालत हुई है, यू.के. में क्या हुआ है? आप आज हमारे देश से तुलना करके देखिए । हमारे देश की मृत्यु दर और दूसरे देशों की मृत्यु दर देखिए । हमारे यहां पर जो रिकवरी रेट है, आप उसकी तुलना कीजिए । हम दुनिया से बहुत आगे हैं । केन्द्र सरकार ने लॉकडाउन करके समय पर जो प्रयास किया, उसका परिणाम यह है कि आज हमारा देश बहुत हद तक सुरक्षित है । लोग संक्रमित हो रहे हैं, लेकिन वे ठीक भी हो रहे हैं । ठीक होने का रिकवरी रेट भी काफी अच्छा है ।

माननीय सभापति महोदया, कई लोगों ने प्रवासी मजदूरों की चर्चा की है । हम तो प्रवासी मजदूर नहीं मानते हैं, क्योंकि यह देश सभी का है । यह देश प्रवास करने के लिए नहीं जाना जाता है । इस देश में किसी भी राज्य से दूसरे राज्य में रोजगार करने का अधिकार है । वह रोजगार की तलाश में जाता है । वह प्रवासी नहीं है । लॉकडाउन के बाद कई राज्यों के मुख्य मंत्रियों ने आदरणीय प्रधान मंत्री जी से, आदरणीय गृह मंत्री जी से आग्रह किया । उसके बाद इन्होंने स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था की और जगह-जगह जो मजदूर फंसे हुए थे, वे स्पेशल ट्रेन्स से अपने-अपने प्रदेश वापस जा सकें । सरकार ने क्या काम नहीं किया? कौन सा काम नहीं किया? आप कह रहे हैं कि रेल की पटरियों पर

सो रहे थे । यह तो न्यूज में चल ही रहा था । हम लोग उस पीरियड में भी देख रहे थे कि आगरा के बॉर्डर पर 5 हजार गाड़ियाँ खडी हैं और फोटो छप रही है । उसमें एक ही गाड़ी का पता चला और फिर पता नहीं चला कि स्कूटर का नंबर है या मोटरसाइकिल का नंबर है या कौन-कौन सी गांडियों का नंबर है तो यही सब चल रहा था । आप जब सकारात्मक रुख नहीं रखेंगे और नकारात्मक रुख रखेंगे तो ये समस्याएं होती रहेंगी । आप कहते हैं कि केन्द्र सरकार ने क्या किया । इस देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर को यह तो मालूम नहीं था कि यहां पर कोरोना वायरस आने वाला है । जाँच की व्यवस्था नहीं थी, किट्स नहीं थीं । हम स्वास्थ्य मंत्री जी को बधाई देना चाहते हैं । उन्होंने दिन-रात मेहनत करके पूरे देश में लेबोरेटरी में जांच की संख्या बढ़ाई और उसका परिणाम है कि आज देश में बड़े पैमाने पर जांच हो रही है । इसका इलाज तो अभी नहीं है । पूरी दुनिया में वैक्सीन पर रिसर्च चल रही है । हमारे देश में भी रिसर्च चल रही है । इसका कोई इलाज तो है नहीं, इसका एक ही इलाज है कि आप अपने शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाइए, विटामिन सी खाते रहिए और व्यायाम करते रहिए । आज की तारीख में इसका कोई ट्रीटमेंट नहीं है । वैक्सीन पर रिसर्च चल रही है और वैक्सीन पर जब सफलता मिलेगी तभी मिलेगी, लेकिन आज की तारीख में तो नहीं है ।

माननीय सभापति महोदया, पूरी दुनिया में इस देश के लोग फँसे हुए थे । हर देश में हिन्दुस्तान के लोग फँसे हुए थे । केन्द्र सरकार ने उन सभी को वापस लाने के लिए पहल की । केन्द्र सरकार ने चार्टर विमान भेजा । चार्टर विमान से सभी को इस देश में वापस लाया गया । उनको क्वारंटीन सेन्टर्स में रखा गया । क्वारंटीन होने के बाद और जांच नेगेटिव आने के बाद जब वे स्वस्थ हुए तो उनको घर भेजा गया । आप केन्द्र सरकार से क्या उम्मीद करते हैं? यह आपका नजरिया है और यह आपका नजरिया है तो हम क्या कर सकते हैं, कोई भी क्या कर सकता है । नजरिया तो कोई बदल नहीं सकता है । मैं अपने प्रदेश की भी चर्चा करना चाहता हूं । केन्द्र सरकार ने अनाज बाँटने का काम किया है । चाहे एपीएल हो या बीपीएल हो, सभी को अनाज दिया जा रहा है । हम इसमें जरूर केन्द्र

सरकार से आग्रह करेंगे । हम आग्रह करेंगे कि इसमें जो परिवारों की संख्या निर्धारित है, वह वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर निर्धारित है । वर्ष 2011 की जनगणना से लेकर वर्ष 2020 में काफी अंतर आया है । परिवारों की संख्या बढ़ी है ।

सभापति महोदया, आपके माध्यम से सरकार से मेरा आग्रह है कि सरकार को राज्य सरकारों से बात करके, वहां सर्वे कराकर जो वास्तविक परिवारों की संख्या है, उसे निर्धारित करके, उसके मुताबिक अनाज वहां देने का प्रबन्ध करना चाहिए । यह आग्रह मैं करना चाहूंगा ।

मैडम, मैं बिहार की बात दो-तीन मिनट में खत्म करूंगा, आपसे आग्रह करता हूं कि आप घण्टी मत बजाइएगा ।

मैडम, बिहार इस देश का आबादी के हिसाब से सबसे ज्यादा घनत्व वाला प्रदेश है । आज वहां क्या स्थिति है? राज्य सरकार ने काम किया है और राज्य सरकार के कामों का परिणाम है कि आज वहां मात्र 13 हजार संक्रमित लोग हैं । माननीय मंत्री जी के पास आंकड़े रोज आते होंगे, अगर मेरे आंकड़े गलत हैं तो वे उनका खण्डन करेंगे, लेकिन वहां आज की तारीख में संक्रमित लोगों की संख्या मात्र 13 हजार बची हुई है । अब तक 54 लाख लोगों की जांच कराई जा चुकी है । बिहार का रिकवरी रेट 91.7 प्रतिशत है और मृत्यु दर मात्र 0.5 प्रतिशत है । अभी बाढ़ का समय था, उस समय खतरा था, क्योंकि बाढ़ प्रभावित लोग कम्युनिटी किचन में, जो रसोई का इंतजाम रहता है आते हैं या नाव पर चढ़कर आते हैं, उनके कारण कम्युनिटी स्प्रेड का खतरा था । राज्य सरकार ने यह फैसला किया कि जो बाढ़ पीड़ित नाव से उतरेंगे, उतरने के साथ ही उनकी जांच होगी और उसके बाद ही वे कम्युनिटी किचन में जाएंगे और जो लोग जांच में पॉजिटिव पाए गए, उनको आइसोलेट कर दिया गया । कम्युनिटी किचन में एक-एक किचन की जांच कराई गई, उसमें जो भी लोग पॉजिटिव पाए गए, उनको आइसोलेट करके क्वारंटाइन में रखा गया । यही कारण है, राज्य सरकार का यह जो काम था,

यही कारण है कि वहां इतनी बड़ी संख्या में बाढ़ पीड़ित लोग आए, फिर भी कम्युनिटी स्प्रेड नहीं हुई, संक्रमण की संख्या नहीं बढ़ी ।

जब बाहर से मजदूर आए, तब राज्य सरकार ने क्वारंटाइन सेंटर में 14 दिनों में प्रति व्यक्ति पर 5300 रुपये खर्च किए । राज्य सरकार ने क्वारंटाइन सेंटर में 5300 रुपये प्रति व्यक्ति खर्च करके, उनको 14 दिनों तक वहां रखा, उनको बर्तन, कपड़े, बिछावन, खाने की मेन्यू आदि सारी चीजें बनाकर दी गईं । माननीय मुख्यमंत्री, बिहार ने खुद उसकी मॉनीटरिंग की, एक-एक क्वारंटाइन सेंटर की वे मॉनीटरिंग करते रहे और आज सब लोग ठीक होकर घर चले गए, आज कोई क्वारंटाइन सेंटर में नहीं है । यह एक स्थिति है और अभी भी चेकिंग चल रही है, जागरण है । आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने, केन्द्र सरकार ने जनजागरण पैदा किया, जिसकी चर्चा ये लोग कर रहे थे, कई लोग आलोचना में उसकी चर्चा कर रहे थे कि उन्होंने जो थाली बजाने आदि के काम किए ।…(व्यवधान) ये सब जो भी उन्होंने किया, वह जनजागृति पैदा करने के लिए किया । जनजागृति पैदा करने के लिए हर व्यक्ति के, जन-जन के दिमाग में वह बात डालनी पड़ती है कि यही बात है, इससे आप बच सकते हैं, क्योंकि इसका कोई उपाय तो है नहीं । इसका कोई रास्ता तो है नहीं ।…(व्यवधान) बैठे रहिए, ऐसे ही करते रहिए । बाद में और घटते चले जाइएगा, पीछे चले जाइएगा, चिन्ता मत करिए ।

आज यह स्थिति है, आज पूरे देश में, बिहार में हर चौक-चौराहे पर रैंडम जांच कराई जा रही है । किसी की गाड़ी रोककर उसकी जांच कराई जा रही है, रैंडम जांच कराई जा रही है और औसतन एक लाख से सवा लाख जांच प्रतिदिन की जा रही है । इस तरह से काम हो रहा है, लेकिन आज जब कोविड-19 की चर्चा हम कर रहे हैं तो जो कोरोना वॉरियर्स हैं – सफाई कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी, पुलिसवाले – जिन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर, अपने परिवार की जान जोखिम में डालकर लोगों की सेवा की, हम उनको सलाम करते हैं । उनको मेरा सलाम है । इसके साथ-साथ, जो लोग शहीद हुए, उनमें से कुछ लोग वीरगति को भी प्राप्त हुए, उनके प्रति हम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं ।

इसके साथ ही, मैं अपनी बात को समाप्त करता हूं । आपने समय दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं ।

*__SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK):__ Madam Chairperson, I would like to place my views in Odia. Odia is one of the Indian languages and I believe my speech in Odia can be properly interpreted. Today, we are fighting against an invisible enemy. When I say we, it does not mean only 'we', the Indians, but the entire global population. We all are fighting this strange invisible enemy which cannot be seen or felt. And nobody can predict when and whom it will strike. While humanity is fighting against this enemy, it has become quite clear that even science has a limitation. For the past 1000 years, we had this impression that science holds the key to all our doubts and solution to all our problems. For the first time we are in a quandary – we are still searching for a solution, but in vain.

Madam, that is why I want to state here that those of our brethren who are involved in scientific research and studies to fight this pandemic must be extended all kind of support. All of us must pray for their success in finding a vaccine, so that humankind can be freed from this catastrophe. A few days back I was having a conversation with an eminent personality in this House. I asked about the Spanish Flu outbreak of 1918 which was rumoured to have started from India and later spread to Europe and America. I wondered whether after 100 years of this disease any vaccine has been invented or not? Today we have Dr. Harshvardhan ji, Minister of Health amidst us. Maybe he can educate us in his speech if at all such a vaccine has been developed or not.

---

* English translation of the Speech originally delivered in Odiya.

We have seen in the past, how sometimes pandemics, suddenly break out and linger up to a year or two and gradually becomes less virulent and fades away. But that doesn't mean we sit quietly, wait and watch.  should need to act and take some stringent steps. I believe 184 days have passed by when we first came to know about COVID-19 in our country. The first announcement about the pandemic was on 24th March. The Lockdown announcement took place on the 25th March. In fact, we have been fighting against this pandemic for the last 8 months continuously.

We keep on hearing how countries like Brazil, China, the USA and even Pakistan dealt with Corona and how we are tackling this disease. We have a Government at the Centre headed by the Prime Minister, his Cabinet and the Central administrative machinery on the one hand; On the other hand, we have 29 States and 6 Union Territories in tow. Both the set of governments have acted in tandem mostly, exchanging information and cooperating with each other. This has been the silver lining for me as Central and State Governments have communicated and cooperated wherever required as the magnitude of the problem is quite vast. However, sometimes our expectations from the Central Government have not been entirely fulfilled. But we continue to forge ahead with positivity.

Let us not forget that we are fighting a battle against this deadly global pandemic and we have to win and we will win most certainly. In the process let us

do something extraordinary which will make the next generation remember us with gratitude.

Madam, through you, I want to place a few proposals before the Government. Let me begin with expressing gratitude to all our healthcare workers, Arogya Karmis, Asha Karmis, social workers, and municipal workers. You people have been doing your duty relentlessly without waiting for recognition or appreciation. Let me emphasize that the entire nation respects you, prays for you, and is grateful to you in this difficult time for your service. But the government must design some social security schemes for these people who jeopardize their lives for us.

Madam, in the past 24 hours, around 93 thousand people have been affected by coronavirus, but more number of people have recovered. This is a very good sign. I had read a couplet somewhere which is so befitting here *"Yeh lamha hi to hai, gujar jayega, waqat hi to hai gujar jayega."* (This is only a moment and this time will pass) We should be optimistic and hope for a better future.

Today, we heard a lot about the PM-CARES Fund. Odisha has received only Rs.23 crores and 68 lakhs, from the PM-CARES Fund, but we have received more funds under SDRF (State Disaster Relief fund) Head. Just like other states of the country, we too have a share in the SDRF. Mercifully we had received the said fund in the month of April. But in a subsequent correction we were allowed by the Central Government to spend 35% of SDRF in Covid care which we did. On

the behalf of the State Government and my party BJD, I want to request the Central Government to enhance the SDRF allocation for Odisha. We need more funds as we are fighting this invisible enemy in every lane, every village, and in every city! We have to promote awareness on a big scale and prevent the spread of the disease. So, we need more money. So far, we have received only one thousand and seventy crores of rupees from the Central Government.

Madam, I need to highlight some more points. It seems that we are not getting rid of this coronavirus in the near future. In the last 24 hours total number of COVID-19 affected cases is 93,000 and total number so far is fifty lakhs. India has overtaken Brazil in this race. But something interesting has come to light. According to a research done by the Backforest Baptist Medical Research Centre in the USA, women in India have some kind of immunity from coronavirus owing to the existence of an Enzyme called S2. This is an Angiotensin Converting Enzyme that protects women from COVID-19. We need to do more research regarding this aspect. Madam, please allow me somemore time. I am talking about you, about the immunity of women.

According to a Report by UNICEF 46 crore and 30 lakh school children have been affected by coronavirus. They have been deprived of regular school education and forced into ignorance. This is unprecedented in human history. An entire generation of children are suffering. Similarly, poor people have lost their livelihoods. They have been pushed into abysmal poverty, starvation, and death.

Research is going on to find a vaccine for coronavirus. New Dehi AIIMS is carrying on experimentation. First it was tested on animals, then on humans. The research is midway and I hope hon. minister will throw some light on the progress so far.

Lastly, I request the Central Government to maintain a Data Register about the migrant workers/labourers, who have undergone the COVID-19 test, their status, state of origin etc., etc. which will be helpful in future to render help.

*__श्री देवजी पटेल (जालौर):__ भारत में कोविड-19 के नए मामलों की संख्या में वृद्धि जारी है, स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आज 20 सितम्बर, 2020 को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना मरीजों की संख्या 54 लाख मरीजों के पार निकल चुकी है । कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या के हिसाब से अमेरिका के बाद अब भारत दुनिया में सबसे प्रभावित देश है । पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना से संक्रमण के 92605 नए मामले के साथ ही संक्रमित लोगों की कुल संख्या 5400619 हो गयी है । पिछले 24 घंटों में 1133 करोरोना रोगियों की मृत्यु हुई । अब तक देश में 86752 रोगियों की कोरोना संक्रमण से मौत हो चुकी है । परन्तु अच्छी बात यह है कि प्रतिदिन 90 से 95 हजार तक कोरोना संक्रमित मरीज इस बीमारी से ठीक भी हो रहे हैं ।

आज देश व विदेश भर में लगातार फैल रहा है । ऐसे में सिरोही जिले के माउंट आबू के अंदर ब्रिटिश काल में बना हुआ, क्वॉरेंटाइन हाउस एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है । साथ ही, यह भी प्रासंगिक हो गया है कि वर्षों पहले भी हमारे पूर्वज भी महामारी के लिए कितने अधिक जागरूक थे । वर्तमान में तो इस क्वॉरेंटाइन हाउस की स्थिति बहुत ही खराब है । पूरी तरह से टूटा जीर्ण-शीर्ण व गंदगी से अटा पड़ा यह क्वॉरेंटाइन हाउस नगर पालिका प्रशासन की कार्यशैली पर ही कई प्रश्नचिन्ह खड़े कर रहा है । साथ ही, इसी प्रकार की कई ऐतिहासिक धरोहरों के लिए नगर पालिका प्रशासन कितना संजीदा है, इसकी बानगी भी प्रस्तुत कर रहा है । वैसे क्वॉरेंटाइन शब्द का असल अर्थ तो आज के कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप व विश्वव्यापी महामारी में आमजन मानस को समझ में आया है । लेकिन इसकी व्यवस्था तो वर्षों पूर्व माउंट आबू में ब्रिटिश काल में ही हो चुकी थी । माउंट आबू के जानकार बताते हैं कि सबसे पहले माउंट आबू में साफ सफाई के लिए सफाई समिति का निर्माण 1865 में हुआ था । उस समय से लेकर सन् 1898 में प्लेग प्रकोप बढ़ा तो मरीज इसी स्थान पर

---

* Speech was laid on the Table.

लाकर रखे जाते थे । इसके बाद सन् 1900 में इसी स्थान पर पूरी तरह से क्वॉरंटीन सेन्टर बन कर तैयार हुआ, जो बाद में आई हैजा व टीबी के रोगियों को यहाँ पर रखा जाता था ।

मेरे संसदीय क्षेत्र जालोर सिरोही कोविड केयर सेंटर में भर्ती मरीजों ने कोविड केयर सेंटर में अव्यवस्था फैली हुई है । यहां पर भर्ती मरीजों के लिए न पीने का पानी का इंतजाम है न ही समुचित भोजन की व्यवस्था है । पिछले सप्ताह चाण्डपुरा के देवनारायण आवासीय विद्यालय में कॉरेंटीन हो रखे पावटी निवासी एक व्यक्ति की सांस में तकलीफ पर गत शुक्रवार को जलोर रेफर करने के दौरान मौत हो गई थी । मृतक कोरोना पॉजिटिव था । दिन प्रतिदिन मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है । प्रशासन पूरी तरह से हाथ पर हाथ घर के बैठा है । जिले में पिछले दिनों एक साथ 28 नए कोरोना पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि हुई है । जिले में अब कोरोना पॉजिटिव मरीजों का ग्राफ 43 तक पहुंच गया है । आज यहां के सरकारी अस्पताल खुद बीमार हो गए हैं ।

कोविड-19 से जुड़ी ड्यूटी करने वाले एक एमबीबीएस इंटर्न डॉक्टर को एम्स अस्पतालों में 23,500 तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में 20,000 हरियाणा में 17,000 पंजाब , बिहार और हिमाचल प्रदेश में 15,000 और जम्मू-कश्मीर में 12,300 रुपए मासिक भत्ता मिल रहा है जबकि राजस्थान में इंटर्न डॉक्टर को उसी काम के 7,000 रुपए दिए जा रहे हैं ।

राजस्थान के एमबीबीएस इंटर्न डॉक्टरों का सवाल है कि जब कोरोना वायरस महामारी किसी आधार पर भेदभाव नहीं कर रही है, खतरा सब को बराबर है, तो इसके खिलाफ लड़ रहे इंटर्न डॉक्टरों के भत्ते में इतना फर्क क्यों? क्यों नहीं देश में इसके लिए वन नेशन, वन स्टाइपेंड की नीति अपनाई जानी चाहिए?

नोवेल कोरोना वायरस संक्रमण के कुछ इक्के-दुक्के मामले सबसे पहले चीन में सामने आए और उसके कुछ माह बाद ही देखते-देखते इसने वैश्विक महामारी का रूप धारण कर लिया । इस बीमारी के कारण आज दुनिया के कई हिस्सों में सीमाएं बंद हैं, हवाई अड्डे, होटल और व्यवसाय बंद

हैं और शैक्षणिक संस्थान बंद हैं । ये अभूतपूर्व उपाय कुछ समाजों के सामाजिक तानेबाने को तोड़ रहे हैं और कई अर्थव्यवस्थाओं को बाधित कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर लोगों की नौकरियां छूट रही हैं और व्यापक पैमाने पर भूख की छाया बढ़ रही है । वास्तव में यह सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल है, जिसके दो साल तक जारी रहने की संभावना है । जब तक इसकी वैक्सीन विकसित नहीं होगी तब तक यह वायरस एक खतरा बना रहेगा ।

पूरी दुनिया के साथ ही साथ देश में कोरोना के बढ़ते कहर के बीच लोग वैक्सीन का इंतजार कर रहे हैं । भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया में कोरोना के टीके की खोज हो रही है । हालांकि अभी तक कोई भी देश कोविड-19 को खत्म करने वाली वैक्सीन पर मुहर नहीं लगा पाया है । भारत में भी तीन अलग-अलग वैक्सीनों पर काम चल रहा है । कोरोना वायरस की वैक्सीन बनाने के लिए भारत समेत दुनिया के कई देशों में पूरी तेजी से काम चल रहा है । भारत में कोरोना वायरस के वैक्सीन को लेकर जल्द खुशखबरी मिल सकती है । हमारे स्वास्थ्य मंत्री जी ने हाल ही में राज्य सभा में कहा था कि भारत भी अन्य देशों की तरह ही वैक्सीन बनाने के लिए पूरा प्रयास कर रहा है । हमें उम्मीद है कि अगल साल की शुरुआत में भारत में वक्सीन उपलब्ध होगा ।

उल्लेखनीय है कि बीते कुछ महीने से राज्य और केन्द्र की सरकार कोरोना के खिलाफ जंग लड़ रही है । पीएम मोदी के नेतृत्व में पूरा देश मिलकर कोरोना की लड़ाई को लड़ रहा है । 7 जनवरी को विश्व स्वास्थ्य संगठन से सूचना मिली थी कि चीन में कोरोना का केस मिला है । हमने 8 जनवरी से बैठकें शुरू कर दी थी । इतिहास इस बात को लेकर पीएम मोदी को याद करेगा कि कैसे लगातार 8 महीने तक उन्होंने कोरोना को लेकर हर एक्शन पर नजर रखी ।

कोरोना पर राज्यों के साथ मिलकर केन्द्र सरकार ने जो कदम उठाए, उसकी वजह से हमारी स्थिति बाकी दुनिया के मुकाबले बेहतर हुई है । हम चाहे अमेरिका से तुलना करें, ब्राजील से करें या फिर किसी अन्य देश से करें, हमारी स्थिति बाकियों के मुकाबले बेहतर है । जुलाई-अगस्त में भारत में

300 मिलियन कोरोना मामले और 5-6 मिलियन मौतों की बात कही गई थी । 135 करोड़ के इस देश में हम रोजाना 11 लाख टेस्ट कर रहे हैं । हमसे ज्यादा कुल 5 करोड़ टेस्ट अभी तक अमेरिका ने किए हैं । हम जल्द ही अमेरिका को टेस्टिंग में पीछे छोड़ देंगे ।

हमारी सरकार इस वायरस के नए संक्रमणों के चक्र पर काबू पाने के लिए लगातार संघर्ष कर रही है परन्तु फिर भी आगे आने वाले काफी समय तक स्वास्थ्य प्रणालियों पर दबाव बना रहेगा । वैक्सीन के विकास, इसके उत्पादन और न्यायसंगत वितरण की बाधाओं को दूर करने के लिए सामूहिक प्रयास की भी आवश्यकता है । गहन चिकित्सा की आवश्यकता वाले तेजी से बढ़ रहे रोगियों का इलाज करने के लिए मास्क से लेकर वेंटिलेटर तक की जरूरी सामानों के उत्पादन एवं उनकी आपूर्ति के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं को युद्धस्तर पर तैयार रखा जाना चाहिए ।

यह प्रसन्नता का विषय है कि कोरोना वायरस की महामारी से उत्पन्न चुनौती और खतरे से निपटने के लिए भारत सरकार सभी आवश्यक कदम उठा रही है । देश की जनता के सक्रिय सहयोग से हम देश में वायरस के प्रसार को नियंत्रित करने में सक्षम हैं और आगे भी इसी तरह कठिन प्रयास करते रहेंगे । अंत में, मैं यही कह सकता हूं कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई जानकारी और सलाह को सावधानी व सही तरीके से पालन कर वायरस के स्थानीय प्रसार को रोका जा सकता है । हमारे देश में कोरोना संक्रमित मरीजों की मृत्यु दर सबसे कम है, जिसके लिए मैं अपने कोरोना वॉरियर्स, जिनमें हमारे डॉक्टर्स, नर्स, अन्य चिकित्सा कर्मचारी, पुलिस कर्मचारी आदि सम्मिलित हैं, सभी का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं जो अपने घर-परिवार की चिंता किए बिना 24 घंटे कोरोना बीमारी से लड़ रहे हैं और देश को अपनी अमूल्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं ।

मुझे आशा ही नहीं, अपितु पूर्ण विश्वास है कि पहले की तरह हम सभी मिलकर इस वैश्विक बीमारी के संकट से शीघ्रातिशीघ्र उबर पाएंगे । मैं सभी का आह्वान करता हूं कि इस महामारी से हटकर मुकाबला करने के लिए हम सब मिलकर प्रयास करें तथा केन्द्र तथा राज्य सरकारों के प्रयासों में तन मन धन से सहयोग करें ।

*[*] **श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटिल (सतारा):** मैं कोरोना महामारी के विषय पर अपने विचार रखता हूं ।

1. कोरोना महामारी के चलते परदेस में फंसे अपने भारतीय भाई-बहनों को अपने देश में लाने के लिए विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावास ने सराहनीय काम किया है । मेरे संसदीय क्षेत्र के बहुत से लोगों को विदेश मंत्री श्रीमान एस. जयशंकर जी के माध्यम से वंदे भारत मिशन के तहत भारत में सुरक्षित वापस लाने के लिए मैं विदेश मंत्री जी और उनकी टीम का आभारी हूं ।
2. कोरोना महामारी में देश बहुत बदलावों से गुज़र रहा है । नए-नए आविष्कार और प्रयोग किए जा रहे हैं । इस गंभीर बीमारी से जूझने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने "माझे कुटुंब माझी जबाबदारी" - मेरा परिवार, मेरी जिम्मेदारी अभियान की शुरुआत की है । इस अभियान में महाराष्ट्र के हर नागरिक की घर जा के आरोग्य चिकित्सा की जाएगी, महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री कोरोना महामारी से निपटने के लिए जो प्रयास कर रहे हैं, वे काबिल-ए-तारीफ हैं । मैं स्वास्थ्य मंत्री जी, भारत सरकार से अनुरोध करूंगा कि सरकार को देश के हर नागरिक के स्वास्थ्य हेतु मेरा परिवार, मेरी जिम्मेदारी अभियान को पूरे देश में चलाना चाहिए ।
3. मेरे लोक सभा क्षेत्र सतारा, महाराष्ट्र में कोरोना पेशेंट्स बढ़ रहे हैं । मास्क, चिकित्सा सामग्री और अगर वैक्सीन उपलब्ध है तो करीब 200 की मात्रा में वेंटीलेटर्स की आवश्यकता है ।मैं स्वास्थ्य मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में 200 की मात्रा में वेंटीलेटर्स पीएम केयर्स फंड के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएं ।

धन्यवाद ।

---

[*] Speech was laid on the Table.

*SHRI DUSHYANT SINGH (JHALAWAR-BARAN):** I would like to express my views on "COVID-19 Pandemic in the Country" under Rule 193.

Firstly, I would like to thank our hon. Prime Minister for his vision and leadership to drive the country through the pandemic. I am sure, Speaker Sir, the worst of the pandemic is behind us. With declining growth of active cases and fatality ratio, the nation will emerge out stronger from the crisis.

It is sad to know that till now more than 85,000 people have died in the country due to the COVID-19 pandemic. But I would also like to mention that India is one of the few countries in the world with lowest mortality rate below 4 per cent even when the mortality rate peaked in April. I would like to mention that in the month of May at the global level, the mortality rate had peaked at more than 7 per cent levels.

It is due to the timely measures taken by our hon. Prime Minister Shri Narendra Modi, that we have been able to maintain less than 3% of mortality rate and have successfully continued to reduce the mortality rate below 2 per cent levels today.

Today, in India, the rate of growth of active cases has fallen to 0.7 per cent, we can soon expect the growth rate of active cases to fall down close to zero per cent, which is essentially known as "Flattening of the curve" for active cases. India

* Speech was laid on the Table.

has done appreciable job in reducing mortality rate as compared to the developed economies of the West. We all should unanimously appreciate and laud the Prime Minister for his quick decisions and guidance for the country.

It is really sad to see that some States, being one of the most developed States of the country, Maharashtra is failing to reduce Test Positivity Rate below 20 per cent. It is saddening to see one in every five persons tested, testing positive. Many States have done commendable job in increasing testing and maintaining lower test positivity rate and lower case fatality rate.

Secondly, we must appreciate the efforts made by doctors, nurses para-medical staff in such times. In such difficult times, the police forces, bureaucrats have been working overtime away from their family. I bow down to them for their service to the nation in such difficult times. There have been a lot of NGOs, thousands of volunteers, who have supported the efforts of Government in checking the spread of COVID-19 virus.

I have learnt that about 382 doctors have died on duty, the country shall forever be indebted to them for their service and sacrifice. I request the Government to acknowledge their sacrifice and provide them with appropriate compensation for their service.

Further, I also thank all my colleagues from Lok Sabha and Rajya Sabha for their service to the people of their constituency, the migrant workers and the citizens of India during the lockdown.

In my constituency of Jhalawar-Baran, along with the Karyakartas of Bharatiya Janata Party, our teams have distributed food packets, dry ration kits, ayurvedic kaadha, masks, sanitizers and even footwear to migrant workers irrespective of their cast and religion.

In Baran district, the Karyakarta of BJP have distributed 3700 ration kits, about more than 1.2 lakh cooked food packet, 15,000 people were distributed ayurvedic kaadha. We distributed about 32,000 masks in socio-economically backward regions of Baran district. In Baran, we even helped and supported the migrant workers passing through on feet. About 15,000 cooked food packets were distributed to the migrant workers and 300 pairs of footwear were distributed.

In Jhalawar district, the BJP Karyakartas have distributed more than 2 lakh cooked food packets, 27,700 dry ration kits and 270 pairs of footwear to the migrant workers.

I thank the volunteer who all worked hard towards supporting the people of Jhalawar-Baran.

**माननीय सभापति :** श्री गिरीश चन्द्र जी ।

**श्री गिरीश चन्द्र (नगीना):** माननीय सभापति जी, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे कोविड-19 के विषय पर बोलने की अनुमति प्रदान की है । देश में कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए हमारे स्वास्थ्य कर्मी जी-जान से लगे हुए हैं । हम इन्हें सम्मान से कोरोना योद्धा भी पुकारते हैं । देश में पिछले दिनों स्वास्थ्य कर्मियों और पुलिस पर जिस प्रकार से हमले हुए हैं, उस पर महामहिम राष्ट्रपति जी ने संविधान के अनुच्छेद 123 के तहत महामारी रोग अधिनियम 1897 में संशोधन करके एक अध्यादेश की मंजूरी दी है, वह स्वागतयोग्य है ।

माननीय सभापति जी, आज पूरे देश में कोविड-19 से गरीब, पिछड़े आदि सब लोग परेशान हैं ।

देश में कोरोना के बढ़ते प्रकोप के बीच इस महामारी के विरुद्ध जारी संघर्ष में पीपीई किट के बाद अब अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी बहुत-से मरीजों को परेशान कर रही है । आज पूरे देश में ऑक्सीजन की कमी है । उत्तर प्रदेश में बिजनौर को ले लें या जो हमारा लोक सभा क्षेत्र नगीना है, वहाँ पर भी अस्पतालों में ऑक्सीजन की बहुत कमी है । कुछ लोग ऑक्सीजन का भंडार इकट्ठा करके कालाबाजारी करने का काम करते हैं । कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सरकार को ठोस कदम उठाकर उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए ।

जिस तरह से सरकार ने अस्पतालों में बेडों की व्यवस्था कराई, आईसीयू वार्ड्स की व्यवस्था कराई, लेकिन अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन की उपलब्धता भी होनी चाहिए, वह अभी कहीं नजर नहीं आ रही है ।

इस महामारी में बेरोजगारी के कारण गरीब, मजदूर अपनी जीविका चला सकें, सरकार को इस ओर भी ठोस निर्णय लेना चाहिए क्योंकि हर गरीब आज सिर्फ मनरेगा के तहत काम कर रहा है ।

आज जो बी.ए. पास है, जो डिग्रीधारक भी है, उसके पास जीविका चलाने के लिए सिर्फ मनरेगा ही सहारा है ।

इसलिए मैं सरकार से माँग करना चाहता हूँ कि मनरेगा के साथ-साथ कुछ दूसरे रोजगार उपलब्ध कराकर गरीबों और मजदूरों को सहारा देना चाहिए, जो सरकार की पहली प्राथमिकता है ।

आज सरकार ने बहुत-से अच्छे कदम उठाने का काम भी किया है । मैं सरकार से चाहता हूँ कि पहले हमारे यहाँ जो लॉकडाउन लगा, उस समय दो-ढाई सौ मरीजों से शुरुआत हुई थी, लेकिन आज मरीजों की संख्या एक लाख के आँकड़े पर पहुँच गई है । ये आँकड़े और न बढ़ें, इस पर भी सरकार को गहन चिन्तन करके इसकी रोकथाम के लिए अधिक-से-अधिक कदम उठाने चाहिए ।

**श्री नामा नागेश्वर राव (खम्माम):** Thank you Madam Chairperson for giving me this opportunity.

मैडम, कोरोना के कारण एक देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लोग बहुत तकलीफ में आ गए हैं । अगर हम लोग इंडिया में देखें, तो जिस प्रकार से प्राइम मिनिस्टर साहब ने जो भी गाइडलाइंस दीं, सेन्ट्रल गवर्नमेंट ने जिस तरह से गाइडलाइंस दी हैं, हेल्थ मिनिस्ट्री ने जिस तरह से गाइडलाइंए दी हैं, आईसीएमआर से जो गाइडलाइंस मिली हैं, उनके अनुसार हम लोग तेलंगाना स्टेट में काम करते हुए आगे बढ़े हैं । मगर हम लोगों ने जो भी सोचा है, आज के दिन में पूरे वर्ल्ड में हमारे देश में कोरोना के पेशेंट्स करीब-करीब हाईएस्ट नम्बर पर हैं, लगभग 98 हजार से एक लाख के बीच पर-डे कोरोना के पेशेंट्स आइडेंटिफाई हो रहे हैं । यह कोरोना तो अभी रेजिंग स्टेट में है । यह कोरोना कब खत्म होगा, इस महामारी से अपना इंडिया, अपना स्टेट कब बाहर आएगा, यह पता नहीं है । इससे लोग बहुत तकलीफ में हैं । अभी वैक्सीन आने तक तकलीफ है । वैक्सीन के लिए हमारे देश में भी कोशिश हो रही है । इसके लिए वर्ल्ड में भी ट्राई किया जा रहा है । लेकिन अभी तक उसका रास्ता नहीं निकला है ।

कोरोना की वजह से, लॉकडाउन की वजह से सबसे ज्यादा तकलीफ माइग्रेंट लेबरर्स को हुई है । देश में इस तरह की तकलीफ अभी तक हम लोगों ने अपनी आँखों से नहीं देखी थी । जिस तरह से माइग्रेंट लेबरर्स तकलीफ में थे, लॉकडाउन के पीरिएड में हमारे स्टेट में, केसीआर साहब, हमारे चीफ मिनिस्टर तेलंगाना में एपिडेमिक डिजीज के बारे में एक रेगुलेशन लेकर आए हैं । उसमें पूरे माइग्रेंट लेबरर्स को कवर करने के लिए, पूरे माइग्रेंट लेबरर्स को बचाने के लिए, एक-एक माइग्रेंट लेबरर्स को चुनकर, तेलंगाना में जितने दिनों तक लॉकडाउन था, उनको किसी तरह की तकलीफ नहीं थी । उनको खाने की तकलीफ नहीं थी, रहने की तकलीफ नहीं थी । हम लोगों ने हर तरह से उसका

पालन किया है । माइग्रेंट लेबरर्स को हमने तेलंगाना का बेटा बोलकर, तेलंगाना के लोग बोलकर, उनके लिए सब कुछ किया है ।

उसी तरह से, अगर हेल्थ मेजर्स में देखें तो इसमें हमने काफी इम्प्रूवमेंट किया है । प्राइवेट हॉस्पिटल्स या गवर्नमेंट हॉस्पिटल्स में जो भी रिक्वायरमेंट थीं, हमने उनको पूरा किया है । हेल्थ के वर्क फोर्स को, डॉक्टर्स और नर्सेज की संख्या को भी इम्प्रूव किया गया है ।

इसी तरह से हमने काफी रिलीफ मेज़र्स भी दिए हैं । फैक्ट्रीज़ में जितने भी टेम्परेरी वर्कर्स थे, उनको बचाने के लिए हमने फैक्ट्री वालों को बोल दिया है । …(व्यवधान) मैडम, मुझे दो-चार मिनट का टाइम दीजिए । हमने माइग्रेंट लेबर्स के पालन के लिए काम किए हैं । उसी तरह स्कूल फीस भी न लेने के लिए बोल दिया है । जो लोग रेंट पर रहते हैं, चीफ मिनिस्टर साहब ने, हम लोगों ने यह बोला है कि जो कोई भी रेंटल में है, जिसके पास खाने के लिए नहीं है, उसे रेंट देने के लिए प्रेशराज़ मत करो, जो भी है, उसे हम लोग देखेंगे । हमने यह बोलकर उन लोगों को भी बचा दिया है ।

इसी तरह से सैनिटेशन सेक्टर के लिए गवर्नमेंट एम्प्लॉयज़ की सैलरीज़ डिडक्ट कर के इस पैनडेमिक में सैनिटेशन वर्कर्स - डॉक्टर्स, नर्सेज़ की सैलरीज़ दस परसेंट बढ़ा दी हैं । इस तरह से हमने तेलंगाना में स्टेप्स लिए हैं । अब अनएम्प्लॉयमेंट काफी बढ़ गया है । इसको कैसे कंट्रोल करना है, इसके बारे में सेंट्रल गवर्नमेंट को बहुत सीरियसली सोचना पड़ेगा । इसी तरह अभी जीडीपी की ग्रोथ 23.9 परसेंट, ऑलमोस्ट 24 परसेंट माइनस है, इस पैनडेमिक से पहले जीडीपी 5.5 परसेंट प्लस थी । इसे अगर पूरा देखें तो हम लोग अभी 30 परसेंट माइनस में चल रहे हैं । इसको कैसे आगे लेकर जाना है, यह सब हमें देखना पड़ेगा ।

सभापति महोदया, हाउस में हर टाइम जो बात करते हैं, उसी तरह तेलंगाना में भी वही बात आती है कि 'आयुष्मान भारत' तेलंगाना में इम्प्लिमेंट नहीं हो रहा है । अभी ऑनरेबल मिनिस्टर यहां हैं । मैं ऑनरेबल मिनिस्टर से, पूरे हाउस से और पूरे देश से एक बात बोलना चाहता हूं । हमारे पास

*आरोग्यश्री* योजना है, यह आरोग्यश्री योजना वर्ष 2007 में, जब हमारी कम्बाइन्ड एपी गवर्नमेंट थी, उस टाइम स्वर्गीय राजशेखर रेड्डी साहब आरोग्यश्री योजना को लेकर आए थे । …(व्यवधान) उसी आरोग्यश्री योजना को अभी तेलंगाना में कन्टीन्यू कर रहे हैं । उसमें ज्यादा डिज़ीज़ेज़ एड कर दी हैं और बाकी काम भी किए हैं ।

मैं ऑनरेबल मिनिस्टर से यही बोलना चाहता हूं कि आप आरोग्यश्री योजना को पूरे देश में इम्प्लिमेंट कीजिए । …(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** डॉ. एस. टी. हसन जी, आप बोलिए ।

…(व्यवधान)

**श्री नामा नागेश्वर राव:** मैडम, बस एक मिनट और बोलने दीजिए । …(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आपका समय खत्म हो गया है । आपके सात मिनट पूरे हो गए हैं ।

…(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** प्लीज़, आप अन्य माननीय सदस्यों को भी बोलने दीजिए ।

…(व्यवधान)

**श्री नामा नागेश्वर राव:** मैडम, मैं एक मिनट में ही अपनी बात कनक्लूड कर दूंगा । …(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आप एक मिनट में अपनी बात खत्म कीजिए ।

…(व्यवधान)

**श्री नामा नागेश्वर राव:** मैं ऑनरेबल मिनिस्टर से यही बोलना चाहता हूं कि आरोग्यश्री योजना को जैसे हम लोगों ने तेलंगाना में इम्प्लिमेंट किया है, वैसे ही आप उसे पूरे भारत में कीजिए । अगर हम आपकी आयुष्मान भारत स्कीम को वहां इम्प्लिमेंट करें तो आरोग्यश्री में हम जितने आदमियों को सुविधाएं दे रहे हैं, उसका 70 परसेंट घट जाता है और उसमें नंबर ऑफ डिज़ीज़ेज़ भी घट जाती हैं । इसे देखकर ही मैं आपको ऐसा करने के लिए बता रहा हूं । …(व्यवधान)

इसी के साथ आखिर में मैं यही बोलना चाहता हूं कि हमारी स्टेट गवर्नमेंट को जो जीएसटी का कम्पन्सेशन दिया जाना था, उस कम्पन्सेशन के बारे में हमने इस हाउस में पांच दफा बात की है । …(व्यवधान) आप कम से कम यह पैसा रिलीज़ कीजिए । इससे कोविड-19 के समय स्टेट गवर्नमेंट को सपोर्ट मिलेगा । …(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आपका एक मिनट पूरा हो गया है ।

…(व्यवधान)

**श्री नामा नागेश्वर राव:** इसी तरह से जो भी अन्य फंड्स पेंडिंग हैं, उन्हें देने से कोविड-19 के समय में हम सबको बचा सकेंगे । …(व्यवधान)

***DR. T. SUMATHY (A) THAMIZHACHI THANGAPANDIAN (CHENNAI SOUTH):** COVID-19 is an imported disease and self-inflicted disaster. It was originated in China and spread to all countries through humans only. The first COVID-19 positive case was identified in Kerala on 31 January 2020. Thereafter, it started to rise through further arrival of foreign passengers and their immediate contacts. So, the Government and everyone knew about the veracity of COVID-19 by January and February 2020 itself. No one can dispute it.

By the time, that is, 18 March 2020, the Union Government had decided to stop all international passenger flights and banned the entry of anyone from abroad, almost an estimated 25 lakh passengers from abroad have entered and dispersed across various States, corners of India. Thus, the Coronavirus crisis started in India, a big blunder which could not be resolved till date.

If the Government acted in time, that is, January or February and stopped those arriving from abroad and isolated those arrived for a month or so, then the country might not get this virus entry into every corner of the country and the common man might not be at a receiving end. Due to lethargic and improperly acts of the Government the virus spread across the country. The Government should shoulder the responsibility as it failed to act in time and now crushing the common man who is vulnerable and unbearable to the situation. It is not even extending any sufficient relief to those in need. Several households are facing

---

* Speech was laid on the Table.

food scarcity. I just leave it to the hon. Members sitting in this august House to understand and judge where, when and how it went wrong to reach this unbearable lockdown.

The life of migrant labourers is beyond all levels of suffering. The pictures of the migrant workers leaving the cities by foot with their luggage in one hand, holding the children in other, many young men carrying their aged mother or father on their shoulders, the small children walking along with their parents in sweltering heat without *chappals* will be etched in our sad memories forever.

The ghastly images of migrant workers smashed by a goods train in Maharashtra cannot be deleted from the dark pages of history which happened due to the inefficiency and incompetence of the ruling Government.

The Government at the Centre blaming the State Governments for their grave mistakes has become a common phenomenon. The ill effects and ground reality due to COVID-19 lockdown on the people of this country is still not ascertained properly. Barring the people who get a regular income monthly as salary or pension, all others are suffering a lot. Out of the 138-crore population, 100 crores are plunged into deep trouble. People working as daily wage labourers, those working in unorganised sector, farm workers, migrant labourers from various categories, lorry, tempo, taxi and auto drivers, domestic workers have suffered severely due to this self-inflicted COVID-19 crisis.

चेयरमैन सर, इसी के साथ मैं यह कहूंगा कि बेरोज़गारी बहुत ज़बरदस्त तरीके से पूरे इंडिया में फैल रही है और हमारे यहां असम में भी फैल रही है । हमारे यहां अभी-अभी असम गवर्नमेंट ने, जो हमारे यहां सरकारी मदरसे हैं, उनमें कई लाख टीचर्स हैं और कई लाख बच्चे उनमें पढ़ते हैं, उनको बंद करने का ऐलान किया है । इसको सरकार जल्द से जल्द खोलने का प्रयास करे । इसी तरीके से हमारे यहां दो ही इन्डस्ट्रीज़ हैं – एक नगांव पेपर मिल है और एक कछाड़ पेपर मिल है, जहां बेरोज़गारी बहुत हो रही है । कई लोगों ने फांसियां लगा लीं, कई लोगों ने खुदकुशी कर लीं । मुझे सरकार से उम्मीद है कि सरकार इस बेरोज़गारी के ज़माने में इन चीज़ों को न करने का असम गवर्नमेंट को ऑर्डर देगी, प्राइम मिनिस्टर इसमें हस्तक्षेप करेंगे और उन लोगों की सैलरीज़ का जो करोड़ों रुपये बकाया है, वह उनको अदा करेंगे ।

इसी के साथ मैं आपको शुक्रिया देते हुए अपनी बात को समाप्त करता हूं ।

थैंक-यू वैरी मच ।

**श्रीमती रमा देवी (शिवहर):**[*] हमारे देश में एक ऐसा संक्रमित वायरस जीवन में पहली बार आया है और इसके भोगने के कष्ट ने सभी को डरा रखा है । लाखों लोग हम लोगों के बीच में बिना मास्क लगाये घूमते रहते हैं । सैकड़ों लोग मर गए हैं तथा इलाज के क्रम में हैं । हमारे पुलिस पदाधिकारी सैकड़ों लोगों की मृत्यु हो गई है । हमारे प्रधान मंत्री जी ने काफी तैयारी की है । किसी ने भी ऐसी बिमारी कभी नहीं देखी थी और न ही इसके बारे में सोचा था ।

भूकम्प को बहुत लोगों ने देखा है और उस वक्त की स्थिति को जाना है । हैजा-प्लेग की बीमारी में लाखों लोग मर जाते थे तो 100 कोस पर दिया जलता था । इस कोरोना की बीमारी को कोई नहीं जानता था । हमारे प्रधान मंत्री जी को अपने हृदय में अनुभव हुआ और उन्होंने अनुभव के आधार पर लॉकडाउन करने का काम किया । उसके बाद लोगों के अन्दर एक शक्ति आयी और जिन्होंने स्वयं को सतर्क करके रखा, उन्हें कुछ नहीं हुआ । कोरोना का वायरस तेज हुआ तो स्वास्थ्य मंत्री जी तथा गृह मंत्री श्री अमित शाह जी सभी अस्पतालों में जाकर जायजा लेने लगे । जहाँ बेड्स की कमी थी, वहाँ उचित व्यवस्था करने में उन्होंने अपनी ताकत झोंक दी ।

कोरोना ने न गरीब देखा, न अमीर देखा और उसने सभी को परेशान किया । हमारे गृह मंत्री जी ने अपनी जान की कीमत नहीं समझी और वे भी कोरोना की चपेट में आ गए । डायबिटीज होने के कारण उन्हें दोबारा सांस लेने में तकलीफ हुई और वे अस्पताल में भर्ती हो गए ।

हमारे विपक्ष को सब पता था । जमाती लोगों ने आकर जान-बूझकर बीमारी फैलाई । हजारों लोगों ने चुपके-चुपके मीटिंग की । पता नहीं एक ही वर्ग है, जो हिन्दुस्तान को हर दंगे से तबाह करने पर तुला है । आतंकवादी लोग जो भी पकड़े जाते हैं, वे एक ही समुदाय लोग होते हैं । हमारे प्रधान मंत्री जी सबका साथ और सबके विकास के लिए और सबका विश्वास जीतने के लिए जाने लगाये हुए हैं । विपक्ष उन पर गलत इल्जाम लगाता है । विपक्ष उन्हें जितना नीचे गिराने का काम करता है,

---

[*] Speech was laid on the Table.

उतना ही उनका स्थान ऊँचा उठता जाता है । वह मानव के रूप में देश को बचाने के लिए मेहनत कर रहे हैं ।

कोरोना महामारी कब समाप्त होगी, यह किसी को पता नहीं है । आज डॉक्टर, नर्स, पुलिस, सफाई कर्मी जान लगाकर काम कर रहे हैं । बहुत से लोगों की काम करते हुए मृत्यु हो गई है । हमारे बीजेपी के सांसद श्री दुर्गा प्रसाद जी, जो मेरी सामाजिक न्याय और अधिकारित संबंधी समिति के सदस्य थे, मैं उनके लिए बहुत दु:ख व्यक्त करती हूँ । मैं सभी को श्रद्धांजलि देती हूँ ।

अंत में मैं यही कहना चाहती हूँ कि सभी सतर्क रहकर अपने को बचायें । इसके अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं है । अभी इस कोरोना वायरस की दवा नहीं बनी है । धन्यवाद ।

**SHRI THOMAS CHAZHIKADAN (KOTTAYAM):** Thank you, Chairman, Sir, for allowing me to speak on this subject. Life has been brought to a halt all over the world due to COVID-19 pandemic. Millions are affected. People are dying by tens of thousands on daily basis. The entire world has joined together to fight it. There are over 50 lakh recorded cases in India, increasing by close to a lakh on a daily basis. India is just behind US in the tally of total number of cases.

Thousands of people are losing their lives every day. The economy took a severe setback due to a poorly planned lockdown. We recorded a 23.9 per cent fall in the GDP. The growth in the manufacturing sector is minus 39.3 per cent. In the construction sector, it is minus 50 per cent and in the hotel, transportation and communication sectors, it is minus 47 per cent. Millions lost their jobs across all sectors. Many are forced to scale down or completely shut down their businesses. Unemployment rose from 8.75 per cent in March to 23.52 per cent. The daily wage workers and migrant labourers bore the worst of the brunt of the lockdown. It is absolutely appalling that the Government does not even have any data on the deaths of the migrant labourers.

Sir, as far as Kerala is concerned, initially the spread of virus was under control, but after the lifting of the lockdown and return of the migrant workers from abroad and other States, cases are increasing rapidly. The total number of COVID-19 cases are 1,14,000, out of which, 31,000 are active cases. A total of

466 people have died because of this pandemic. Kerala receives close to Rs. 85,000 crore as foreign remittances annually.

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**SHRI THOMAS CHAZHIKADAN :** Sir, please give me one more minute. This is expected to fall by, at least, 15 to 20 per cent this year. In Kerala, nearly three lakh families will be affected because of this pandemic. The success of Kerala's Sustainable Development Goals has a lot to do with the high remittance flows from NRIs. This loss of revenue from remittances will affect the overall economy and social indicators of the State. The tourism sector accounted for almost a quarter of the employment in the State.

**HON. CHAIRPERSON:** Thank you. Please conclude.

**SHRI THOMAS CHAZHIKADAN :** Sir, only one more point is there.

The only way to control the spread of this pandemic is the development of a vaccine. According to the reply of the hon. Minister to my question dated 18th September, nearly Rs. 78 crore has been allocated for the Department of Biotechnology and the Department of Science and Technology.

I feel that the allocated fund is not enough to facilitate the research and development required for the development of a new vaccine.

**HON. CHAIRPERSON:** Kindly conclude.

**SHRI THOMAS CHAZHIKADAN :** The announcement by the Central Government of a stimulus package of Rs. 20 lakh crore was another hoax

because it was mostly in the form of bank loans and it is not enough to safeguard the interests of people in distress. The migrant labourers and daily wage earners are facing cash crunch and this is affecting their purchasing power.

**श्री सुरेश पुजारी (बारगढ़):** सभापति महोदय, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं । लगभग तीन घण्टे हो गए हैं । मैं यह डिबेट पक्ष और विपक्ष की ओर से सुन रहा हूं और माननीय स्वास्थ्य मंत्री भी यहां उपस्थित हैं । प्रतिपक्ष को सुनने के बाद मुझे लगा नहीं कि कोई जगह बाकी है, जिस पर उनका कोई सजेशन है, जिसे वे सरकार को देना चाहते हैं ।

महोदय, मैं खुद पॉजिटिव होकर आया हूं । पॉजिटिव होने के बाद जो मरीज होता है, मैं उसके बारे में दो शब्द बोलना चाहूंगा । मेरा एकदम कंसट्रक्टिव प्रपोजल होगा । मैं आपके माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि ओडिशा के लोगों का स्वास्थ्य ठीक नहीं है, ओडिशा की स्थिति बिगड़ गई है । अमेरिका की वाशिंगटन यूनिवर्सिटी से एक रिपोर्ट आई है, जिसमें यह कहा गया है कि जनवरी अंत तक कोविड -19 से ओडिशा में 11हजार से ज्यादा लोग मरेंगे । मुझे लगता है कि जैसे दिल्ली में सरकार नहीं कर सकी तो पूरी जिम्मेदारी केन्द्र सरकार ने उठाई । मैं चाहता हूं कि ओड़िशा में भी ऐसा करना चाहिए ।

मेरी मंत्री महोदय को एक सलाह है कि एक बार कोई कोविड मरीज इलाज के लिए जाता है तो उसका इलाज कैसा चल रहा है, उसका स्वास्थ्य कैसा है, उसका ऑक्सीजन लेवल कैसा है, उसका पल्स रेट क्या है और उसका टेंपरेचर कितना है, यह सब परिजनों को पता नहीं चलता है । मैं 18 दिनों तक आइसोलेशन में रहा । उन 18 दिनों तक मैं परिजनों को व्हाट्स ऐप करता रहा कि मेरा ऑक्सीजन लेवल इतना है, मेरी पल्स इतनी है, मेरा टेम्परेचर इतना है । लेकिन जो लोग इलाज के लिए जाते हैं और 10-12 दिनों तक वेंटिलेटर पर रहते हैं उनके परिजनों को पता नहीं चलता है कि

उनका जो आदमी अंदर है, उसका स्वास्थ्य कैसा है? क्या ऐसा हो सकता है कि सीसीटीवी के माध्यम से बाहर देखें और अंदर नहीं जा पाएं? वह बाहर हॉल में देखेंगे कि उनका जो पेशेंट अंदर है, वह कैसा है? उसका ट्रीटमेंट ठीक चल रहा है या नहीं चल रहा है? ओडिशा में हर दिन लोग मर रहे हैं । मैं इसलिए चिंतित नहीं हूं कि कोविड से कोई मर गया । मैं इसलिए चिंतित हूं कि इलाज नहीं होने के कारण लोग ओडिशा में मर रहे हैं । यह चिंता का विषय है । अगर केन्द्र सरकार की तरफ से पूरी रिपोर्ट नहीं मंगवायी जाएगी, क्योंकि ओडिशा टेस्टिंग, ट्रैकिंग और ट्रीटमेंट में विफल रहा है । मैं आपके माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि ओडिशा का जो कोरोना का विषय है, उसको केन्द्र सरकार सम्भाले, केन्द्र सरकार का स्वास्थ्य विभाग सम्भाले । धन्यवाद ।

**श्री दीपक बैज (बस्तर):** धन्यवाद माननीय सभापति महोदय, आज कोविड-19 महामारी पर सदन में विस्तृत चर्चा हो रही है । इसके लिए मैं आपको और हमारे दल के नेता को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं ।

माननीय सभापति महोदय, कोरोना महामारी का फैलाव पूरे देश-दुनिया में हुआ और पहला केस केरल में मिला था । इसके फैलने का सबसे पहले जिम्मेदार "नमस्ते ट्रंप", दूसरा जिम्मेदार, यह केन्द्र सरकार जो मध्य प्रदेश सरकार को गिराने के लिए मुंह ताकती रही । जब पूरे देश में सौ केस थे, तब बिना प्लान के सरकार ने लॉक डाउन लगा दिया । उस हालत को पूरे देश ने देखा है और पूरा देश केन्द्र सरकार के साथ रहा । केन्द्र सरकार ने जो-जो बातें भी बोलीं, पूरे देश की जनता ने उसे किया । मोमबत्ती जलाओ, दीया जलाओ, टॉर्च जलाओ, ताली बजाओ, थाली बजाओ और शंख बजाओ । पूरी जनता ने शंख बजाया । माननीय प्रधान मंत्री जी एक ही चीज बच गयी कि नीम्बू और मिर्च बांधो । अगर वह भी बोल देते तो मुझे लगता है कि कोरोना को रोकने के लिए भारत की जनता वह भी करती ।

माननीय सभापति महोदय, हमारे एक माननीय सदस्य ने कहा कि मैं भी कोरोना पॉजिटिव था । अगर आपने ताली बजायी होता तो मुझे लगता है कि आप कोरोना पॉजिटिव नहीं रहते । पहली मार इस लॉक डाउन की मजदूरों पर पड़ी । करोड़ों मजदूर सड़क पर आ गए । ऐसा लग रहा था कि भारत और पाकिस्तान का बंटवारा हुआ है । उस समय भी इस तरह से मजदूर सड़क पर नहीं आए थे । इस सरकार ने मजदूरों को सड़क पर ला दिया । दूसरी मार रोजगार पर पड़ी । सारे लोग बेरोजगार हो गए । आज पूरे देश की हालत क्या है? जीडीपी माइनेस 2.4 परसेंट पर है । इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि सरकार पूरी तरह से फेल हो गयी है । मैं छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने विषम परिस्थितियों में स्कूल, कॉलेज और आंगनवाड़ी को समय पर बंद किया । बीपीएल और एपीएल परिवारों को तीन महीने तक फ्री में राशन बांटा । लॉक डाउन में गरीबों को चावल बांटा । स्कूल, आश्रम छात्रावास और आंगनवाड़ी में बच्चों को सूखा राशन बांटा । निजी स्कूलों द्वारा फीस लेने पर उन्होंने रोक लगा दी । मजदूरों को खाने-पीने और चप्पल तक का सहयोग किया गया ।

**HON. CHAIRPERSON :** Please conclude.

**श्री दीपक बैज:** माननीय सभापति महोदय, मैं एक मिनट में अपनी बात रखना चाहता हूं । आने वाले मजदूरों को ट्रेन की टिकट दी । दूसरे प्रदेश के मजदूरों को खाना और चप्पल दी । अगर अंत में मैं एक बात न रखूं तो मेरा भाषण अधूरा रहेगा । अंत में मैं एक बात रखना चाहता हूं कि पूरे देश में किसान न्याय योजना लागू कर छत्तीसगढ़ प्रदेश ने पहला स्थान पाया है । यह किसानों के लिए सबसे बड़ी ताकत बना है । …(व्यवधान)

माननीय सभापति महोदय, मैं अंत में एक और बात कहना चाहता हूं ।…(व्यवधान) महोदय, मैं तो कहता हूं कि अगर केन्द्र सरकार छत्तीसगढ़ का मॉडल अपनाए, तो पूरे देश में कोरोना समाप्त हो जाएगा ।…(व्यवधान)

***कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर):** नियम-193 के तहत देश में कोविड-19 वैश्विक महामारी पर चर्चा में मैं अपने विचार रखता हूं ।

130 करोड़ आबादी वाले देश भारत में कोविड-19 वैश्विक महामारी के आने के साथ हमारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार, जो दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हमारे प्रधान मंत्री जी श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में श्रेष्ठ कार्य करने में संलग्न हैं । सीमित संसाधनों में 130 करोड़ देशवासियों को जिस भी प्रकार से अधिकतम सुरक्षित रखा जा सकता है, सरकार ने वह सभी प्रयत्न किए । कोविड केयर में संलग्न डॉक्टरों को सम्मान देकर मनोबल बढ़ाकर 24 घंटे नि:स्वार्थ सेवा को प्रेरित किया, या मैं स्वयं के विचार व अनुभव से कहूं तो 'परमार्थ सबसे बड़ा स्वार्थ' है, हमारे सम्माननीय स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी शहादत देकर दुनिया को बताया कि भारत के स्वास्थ्यकर्मी दिल से परमार्थ में लगे हैं । चीन में इस महामारी की शुरुआत हुई । इटली, स्पेन, ब्राजील आदि कम जनसंख्या वाले साधन सम्पन्न राष्ट्रों में यह पली बढ़ी । अनेक विकसित देश मिलकर भी इसे नियंत्रण करने में सफल नहीं हुए या नहीं हो पाए । तत्कालीन परिस्थितियों में सरकार ने मेडिकल एक्सपर्ट्स की सलाह व एकमात्र लॉकडाउन को क्षणिक समाधान मानकर संक्रमण को रोक कर इस अनजान कोविड-19 की टेस्टिंग व रोकथाम की व्यवस्था में पूरे देश के स्वास्थ्य विभाग को देश के कोने-कोने में प्रत्येक जनपद, तालुका तक व्यवस्था करने का सफल प्रयास किया कि जब प्रवासी नागरिक अपने गृह क्षेत्र में पहुंचे तो उपलब्ध श्रेष्ठ इलाज या दवा प्राप्त हो सके और यह संभव भी हुआ । भारत ने दुनिया को साबित कर दिया कि 130 करोड़ नागरिकों वाले देश में इससे बेहतर व्यवस्था नहीं हो सकती है । विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हमारे स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन जी को सम्मान देकर मार्गदर्शक स्वीकार किया । हमारे डॉक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों, पुलिसकर्मियों, अन्यान्य लोगों के साथ-साथ हमारे मोदी जी, हमारी फौज, जनप्रतिनिधि, मीडियाकर्मी, ट्रक ड्राइवर आदि कोरोना वारियर्स बनकर देशवासियों के

* Speech was laid on the Table.

स्वास्थ्य व जीवन रक्षा के लिए प्राण-प्रण से लगे हुए हैं । माननीय प्रधान मंत्री जी ने 80 करोड़ नागरिकों को नि:शुल्क राशन व्यवस्था करके दुनिया में यह साबित कर दिया कि भारत जैसा देश 20 लाख करोड़ रुपये का पैकेज कोविड-19 के लिए देकर मानवतावाद के सिरमौर साबित हुए हैं ।

समय की मर्यादा के कारण बी.जे.पी. के पूर्व वक्ता माननीय सांसदों द्वारा प्रस्तुत विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं एवं ईश्वर से देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के समस्त व्यक्तियों, बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों के सुस्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं । भारत के समस्त नागरिकों से निवेदन करता हूं कि 'दो गज की दूरी, एवं मास्क है जरूरी' – के माननीय मोदी जी के आह्वान का पालन करते हुए स्वस्थ व सुरक्षित रहकर भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाने के संकल्प के साथ अपना अधिकाधिक योगदान देकर स्वयं का जीवन सार्थक करें ।

धन्यवाद ।

**SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU (NARASARAOPET):** Hon. Chairperson, Sir, thank you for giving me this opportunity to participate in this discussion.

Let me begin by thanking the doctors, the healthcare officials, sanitation workers, the police force, teachers, administrative staff who are in the frontline fighting this war on Coronavirus. I also offer my condolences to people who have lost their lives to Coronavirus, including our colleagues, Shri Durga Prasad, Vasanth Kumar and Shri Ashok. There is no certain playbook to contain this pandemic. This is something that we have not seen in our lifetime and we only hope that we do not see such a thing once again in our lifetime.

We have to learn hard lessons, introspect in many ways and plan ahead on many fronts. We have to re-think on how our Primary Health Care can be delivered better. We also have to re-think on how our Public Distribution System can be improved. The migrant labourers have to be protected. Immunisation and mid-day meal schemes will have to be strengthened. We also have to think as to how we can bring children studying in Government schools back to schools and also how to boost up the economy whose growth rate has fallen by almost 24 per cent. We have to think of creating jobs for millions of people who have lost their jobs. We also must think of providing insurance for people who have become unemployed so that the interests of unemployed youth are protected. We must

also think of reforming the banking laws so that businesses in the country can flourish.

Sir, coming to the State of Andhra Pradesh, we have done one of the highest per capita testing. We have the highest per capita recovery and the lowest death rate. We have done house to house survey twice by using our village volunteers. I have to thank those volunteers in the Parliament for their efforts. We have also provided healthcare centres with the maximum number of beds. We have covered this Coronavirus pandemic under the `*Arogya Shree'* scheme where the treatment is completely free. We have also started producing indigenous testing kits and PPE kits in our Vizag Medical Devices park. We have facilitated lakhs of labour to move in and provided them with free shelter. Our State has supported the MSMEs and bought one of the highest quantities of agricultural produce to support the farmers. An amount of Rs. 20,000 crore has been transferred to the accounts of the needy under the Direct Cash Transfer scheme. But this is not enough. We need more.

Sir, in this season also we are going to purchase a lot of produce from the farmers and we need help from the Central Government for this. We need to bring PHCs under NRGS. We also want the MPLAD scheme to be restored so that where there are gaps we can fill those gaps with the help of this fund. We also want our GST dues to be refunded as soon as possible. More importantly, the people who have lost their jobs, the only way we can bring them back is by

investing on infrastructure projects on roads and irrigation. I hope, the Treasury Benches will give due importance to these infrastructure projects.

Thank you.

**DR. G. RANJITH REDDY (CHEVELLA):** Sir, thank you very much for giving me this opportunity.

First of all, let us all pray for all the souls who have lost their lives in this pandemic and let their souls rest in peace. I would like to thank all people who are engaged in combating the COVID-19 pandemic. I would also like to thank my hon. Chief Minister, Shri K.C.R garu and the hon. Health Minister of my State and also all the healthcare professionals, police personnel, people in the Revenue Department who are all fighting this COVID-19 pandemic for the last nine months. I really do not want to suggest anything to the hon. Health Minister who is sitting here, who is a doctor himself. I would only like to mention what all we are doing in the State of Telangana so that he could suggest what more we should be doing to contain this pandemic.

Our Chief Minister was the first Chief Minister who suggested to the hon. Prime Minister to stop international travel from 18th March, 2020 to contain and control the spread of this virus. Telangana State was the first State to become a role model in creating 90 police teams and 150 health teams to test the people of one district, namely, Karimnagar. When this Covid was spreading very fast, it was our Chief Minister, Shri KCR garu who announced lockdown by saying *`bratiki vunte balusaku tinavachhu'.* He started giving 12 kg. rice to every individual till the month of June and after that he started 10 kg. of rice to individuals. Along with that the interest of 6.5 lakh migrant labourers were taken care of. After that, the

Government started giving Rs. 1500 every month to 82 lakh families. In addition to the rural areas, in GHMC and Hyderabad areas, the State has provided 1.56 crore meals through 634 centres. I want to give some statistics with regard to the State of Telangana. In the State the mortality rate is 0.6 per cent.

**HON. CHAIRPERSON:** There is no need to give any statistics. There is no time. Please conclude.

**DR. G. RANJITH REDDY:** It is one of the best performing States with regard to `Test per Millions' and `Test per Million cumulative'. We have 60 labs and 1076 locations for Rapid Antigen Testing. The only thing on which I would want a clarification from the hon. Health Minister is, along with Remdesivir why can we not have Dexamethasone and Ivermectin which are also available at cheaper price.

**HON. CHAIRPERSON:** Thank you.

**DR. G. RANJITH REDDY:** Give me one more minute. When it comes to the Government of India, it has given an affidavit to the Supreme Court saying that 4.14 core people migrated for work, whereas the Labour Ministry said that about 2.5 crore workers were registered as building and construction workers. What I would want to suggest is that, NSSO survey, which was done about 12 years back, had said that 14.8 crore people have lost their jobs. I would request the Government of India to please conduct one more survey, so that we can have the latest statistics also.

**HON. CHAIRPERSON:** Thank you. Now, Mr. Achyutananda Samanta Ji.

**प्रो. अच्युतानंद सामंत (कंधमाल):** सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए अनुमति दी है, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ । कोविड-19 के ऊपर अभी बहुत चर्चा हो चुकी है । यह चर्चा सारे भारत में और दुनिया में होती रहती है । हम लाग ऐसे ही बात करते-करते बोलते हैं कि जितने करोड़ लोगें के पास मोबाइल फोन्स हैं, छह महीने के अंदर सब लोग कोविड-19 के एक्सपर्ट बन गए हैं । यह जो चर्चा चल रही है, इसमें मैं ओडिशा के बारे में बोलूंगा कि 16 मार्च को जब ओडिशा में पहला केस स्पॉट हुआ, उसी दिन से ओडिशा के माननीय मुख्य मंत्री श्री नवीन पटनायक जी ने सभी अरेंजमेंट किए, इतना एग्रेसिवली पूरे प्रशासन को लगाया । उसी दिन से अभी तक छह महीने के अंदर कोविड के ऊपर हर रोज माननीय मुख्यमंत्री खुद मॉनिटर करते हैं, असेसमेंट करते हैं, सब कुछ करते हैं । उसकी वजह से आज ओडिशा में कोविड उतना नहीं बढ़ा, जितना बढ़ना था ।

सबसे अच्छी बात है कि पूरे देश के एवरेज के मुकाबले ओडिशा में डेथ रेट सबसे कम है । माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी यहां पर बैठे हैं । मंत्री जी को सब लोग धन्यवाद देते हैं । मैं भी कृतज्ञता के साथ धन्यवाद देता हूँ । माननीय स्वास्थ्य मंत्री डायरेक्टली हर राज्य के साथ मॉनिटर करते हैं । इससे बहुत अच्छा फलप्रद होता है । ओडिशा में सबसे अच्छी चीज़ अभी तक यह हुई है कि माननीय मुख्य मंत्री नवीन पटनायक जी ने, गरीब-अमीर सबके लिए फ्री कोविड ट्रीटमेंट की व्यवस्था की है । पूरे राज्य में और हर जिले और शहर में कोविड हॉस्पिटल्स खोले हैं, कोविड केयर सेंटर्स खोले हैं । जिसकी वजह से कोविड केसेज़ थोड़े बढ़े हैं, लेकिन किसी को कुछ भी तकलीफ नहीं होती है । माननीय मुख्य मंत्री की दूरदृष्टि है कि अभी तक इतने अच्छे से सब कुछ हो रहा है । इसमें एक भी आम आदमी को कुछ भी तकलीफ नहीं हुई । मैं खुद चार कोविड हॉस्पिटल्स, 12 सौ बेड के चला रहा हूँ । मेरी जो थोड़ी अनुभूति है, वह मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री के लिए करूंगा । एक तो जब कोविड

पेशेंट जाते हैं, तो उनको डिप्रेशन हो जाता है । उसके लिए थोड़ा कुछ परामर्श करना चाहिए । …(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** Please come to the last point.

…(व्यवधान)

**प्रो. अच्युतानंद सामंत:** कोविड खत्म होने के बाद भी 10 पर्सेंट पेशेंट्स को तकलीफ होती है । पीपीई किट्स, मास्क वगैरह को यूनिफॉर्म करेंगे तो बहुत अच्छा होगा नहीं तो उसमें बहुत ब्लैक मार्केटिंग होती है और क्वालिटी बहुत खराब होती है । उसके बाद जो भी प्रबंध करेंगे, जो भी नियम करेंगे, प्राइवेट और सरकारी दोनों अस्पतालों के लिए करेंगे, क्योंकि कोरोना योद्धा सबके लिए समान हैं । अभी तो नवंबर तक राशन देने के लिए सरकार ने कहा है । इसको मार्च तक बढ़ाएंगे तो गरीब आदमी की हालत अच्छी होगी । …(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** Now, Shri Ramshiromani Verma

**श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती):** सभापति महोदय, आपने मुझे कोविड-19 महामारी पर बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ । महोदय, इस वैश्विक महामारी के शुरूआती दिनों में ही सर्वप्रथम हमारी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा बहन कुमारी मायावती जी ने अपने समस्त सांसदों, विधायकों, विधान परिषद् सदस्यों सहित आर्थिक रूप से मजबूत सबल कार्यकताओं को हिदायत दी थी कि ये सभी लोग बढ़-चढ़ कर सरकार के कोविड-19 दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए, जरूरतमंद लोगों को हर संभव मदद करें । इसी के अनुरूप हम सभी सांसदों व अन्य ने अपने-अपने दायित्वों का निर्वाह किया और हम सब भी कर रहे हैं । कोविड-19 महामारी से सबसे अधिक प्रभावित होने वाले लोगों में किसान, दैनिक वेतनभोगी, मजदूर, छोटे-मझोले व्यापारी व प्राइवेट नौकरी करने वाले लोग तथा छात्र-छात्राएं रही हैं ।

महोदय, मुझे बहुत ही खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा कोविड-19 के प्रसार की रोकथाम व उन्मूलन हेतु सांसदों का वेतन कटौती सहित विकास में लगने वाले धन को भी ले लिया गया । लेकिन भ्रष्टाचार का आलम यह है कि जरूरतमंद लोग आज भी कोविड-19 के लिए दी गई सहायता व स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं से वंचित रह रहे हैं । छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन के लिए ऑनलाइन पढ़ाई की व्यवस्था की गई है । लेकिन गरीब छात्र-छात्राओं के पास इस महामारी में जब खाने के लिए रोटी तक नहीं है, तो इन परिस्थितियों में उनके पास ऑनलाइन पढ़ने के लिए एक टेबलेट, लैपटॉप, फोन और इंटरनेट की सुविधा कहाँ से हो पाएगी?

महोदय, मैं लोक सभा क्षेत्र श्रावस्ती से निर्वाचित होकर आया हूँ, जो उत्तर प्रदेश का सबसे पिछड़ा जिला है । यहां पर सर्वाधिक मजदूर अपनी जीविकोपार्जन के लिए बाहर अन्य प्रांतों में जाकर रोजी-रोटी कमाते रहे हैं । अब इनके पास रोजी-रोटी कमाने का कोई साधन नहीं बचा है । अत: लोग अधिकांशत: बेरोजगारी और भूखमरी के कगार पर हैं ।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से माँग करता हूं कि जिस तरीके से लॉकडाउन…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** प्लीज कनक्लूड कीजिए ।

**श्री रामशिरोमणि वर्मा:** सर, बस कनक्लूड कर रहा हूँ । इनके खाने के लिए राशन अन्य मदों से पैसा देने का काम किया गया था । उसी तरीके से पूरे उत्तर प्रदेश में अब भी यह व्यवस्था लागू होनी चाहिए, जिससे पूरे प्रदेश के गरीब, मजदूर की जीविका, छात्र-छात्राओं की पढ़ाई के लिए इंटरनेट सुविधा सहित लेपटॉप या फोन की उपलब्धतता कराई जाए ।…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** डॉ. सुभाष सरकार ।

**डॉ. सुभाष सरकार (बांकुरा):** सभापति महोदय**,** मैं बहुत आभार व्यक्त करता हूँ । घंटे भर से मैंने सारी डिस्कशन सुनी है, लेकिन इस डिस्कशन में कोई सुझाव नहीं है । मैंने देखा कि ट्रेजरी बेंचेज की साइड से केवल पीएम को टोकने की कार्यवाही चल रही है । इसके बारे में मुझे कहना है कि आपने नमस्ते ट्रम्प के बारे में आरोप लगाया, आपने तालियाँ बजाने, दीया जलाने के लिए आरोप लगाया । आप बताइये कि उसी दिन के तीन सप्ताह के बाद हमारी पॉजिटिव संख्या कितनी थी?

इसके बारे में आपका क्या ऑर्ग्युमेंट है**,** कोई ऑर्ग्युमेंट नहीं है । मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी को पहले कुछ सुझाव देता हूँ । एक है**-** सारे देश में, हर स्टेट में स्वास्थ्य मंत्रालय की जो गाइडलाइन्स हैं, उनका पालन करना ही पड़ेगा**,** डिजास्टर मेनेजमैंट एक्ट से गाइडलाइन्स लागू कर सकते हैं । बहुत सारी स्टेट्स इनका पालन नहीं करती थी । हर स्टेट से central line connectivity outlet कितने हैं?

Number of oxygen cylinders with respect to number of beds कितने है? Alternative electric supply to ICCU wards is very much important. A few days back, I have lost one of my relatives due to lack of supply of alternative power in a big hospital.

*In the end, let me say that in my State of West Bengal the health infrastructure is in shambles. There is the world famous Eden Hospital and Medical College, which is regarded as a benchmark. That hospital has been converted into a COVID facility. However neither the COVID patients are being treated there properly, nor the non-COVID patients are given any treatment. Therefore, people are dying like anything; some are dying under tree shades, some are dying in the ambulances. Who will take this responsibility? The situation is so pathetic that if ambulance is called in the afternoon, it reaches at night. In my constituency, one doctor Sarkar required admission, but since no bed was available in any Government hospital, he had to be admitted to NICED in the end.*

---

* .... *English translation of this part of the speech was originally delivered in Bengali.

*__SHRI D.K. SURESH (BANGALORE RURAL):__ Hon'ble Chairman Sir, thank you for allowing me to participate in discussion under rule 193 on Covid-19 pandemic.

Sir, during this covid-19 pandemic, for the first time we all have frequently heard the terms such as lockdown and seal down during the last 6 months. Corona virus is the gift from China. For the last 4 to 5 hours we have been discussing it in this august house.

Sir, I would like to point out my observations based on my personal experiences gained during my participation in all preventive measures to combat covid-19 in my parliamentary constituency.

Chairman Sir, the Hon'ble Prime Minister had announced 45 days the lockdown for the first time in the country without having any preparedness. During those 45 days he only directed the state governments to combat the covid-19 situation. However the central government did not help the states to handle the pandemic situation.

During those 45 days the poor people and daily wagers of the country had suffered a lot. Many people died on roads without food and water. He did not make any arrangement for transportation of the people to reach their places. He left everything on the people to safeguard their lives.

* English translation of the speech originally delivered in Kannada.

I would like to mention that situation in the country is worsening as the number of Covid-19 positive cases are constantly increasing even now. The situation is no different in the state of Karnataka. There is no beds available to covid positive patients in the state. There is no oxygen. There is shortage of ventilators.

Amidst all these pathetic conditions arisen out of this pandemic, there is rampant corruption in purchasing of covid-19 equipments in Karnataka. Central government has released funds under NDRF to SDRF to enable the state to combat the situation. However there is misappropriation of the money in procuring the covid-19 equipments.

Hon'ble Chairman Sir,The central government has announced that it had give Fifty thousand Ventilators to Karnataka at the cost of Rs. 4 lakhs. However the Ventilators are purchased at the cost around Rs. 12 lakhs to 18 lakhs. We can see the rampant corruption in purchasing Masks and Sanitizers for patients.

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**SHRI D.K. SURESH:** Hon'ble Chairman, sir, it is not end here. Sir, there is instances of mismanagement of food grains. The food grains meant for poor and migrant workers were supplied to BJP workers. As a result the migrant workers were deprived of their due share of food grains.

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**SHRI D.K. SURESH:** Sir, I urge upon the union government to conduct an enquiry commission to investigation of all the malpractices committed by the government of Karnataka during the covid-19 pandemic. The government should ensure that the funds released to the state government is utilized to achieve the objective of combating covid-19.

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**SHRI D.K. SURESH:** Sir, I will conclude in one minute. Please allow me sir. I would like to give a few suggestions to the union government.

**HON. CHAIRPERSON:** Shri Nishikant Dubey ji.

**SHRI D.K. SURESH:** Sir, please give me one minute. I am concluding.

Sir I have written a letter to the hon'ble Prime minister to provide relief to the daily wagers, farmers, migrants and poor labors by announcing a special package to help them to earn livelihood.

With these words I once again thank you and conclude my speech.

[*]**श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा):** मैं कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम पर सुझाव देना चाहता हूं । वैश्विक महामारी कोविड-19 के प्रतिकूल समय में राष्ट्रीय स्तर पर मोदी जी कि सरकार द्वारा कई ऐतिहासिक व साहसिक निर्णय लिए गए । आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत किसानों, गरीबों, युवाओं, महिलाओं और श्रमिकों के विकास हेतु 20 लाख करोड़ रुपये की घोषणा की गई, जो कि देश के जीडीपी का 10% है । जिसमें 1.70 लाख करोड़ रुपये का प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना(PMGKY) भी शामिल है । PMGKY के तहत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का शुभारंभ किया गया तथा इस योजना को 'दीपावली-छठ यानी नवंबर माह तक के लिए बढ़ा दिया गया है ताकि गरीबों और प्रवासी मजदूरों को राहत मिले । उन्हें प्रति व्यक्ति 5 किलोग्राम गेहूं/चावल और पहले 1 किलो दाल/चना परिवार मुफ्त दिया गया है और आगे नवंबर तक दिया जाएगा, इस योजना से 80 करोड़ गरीबों को मिल रहा है । लगभग 20 करोड़ से अधिक महिला जन धन खाता धारकों को उनके खाते में 500-500 रुपये की तीन किश्त, लगभग 8 करोड़ से अधिक उज्ज्वला कनैक्शन धारक 3 महीने मुफ्त गैस सिलेंडर, वृद्ध विधवाओं, दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों के लिए अति 1000 रुपये का पेंशन, किसान सम्मान निधि से जुड़े 8 करोड़ से अधिक किसानों को समय से पूर्व 2000 रुपये की राशि, दी गयी तथा 4 हजार से अधिक श्रमिक एक्सप्रेस ट्रेन चलाकर लगभग 1 करोड़ से अधिक लोगों(छात्र एवं श्रमिक भाइयों) को उनके गृह राज्य व निवास स्थान पर पहुँचाया गया । 10 हजार करोड़ की राशि MFS के तहत निर्गत की गई, जिससे मिथिला में उपजने वाले मखाना के उत्पाद को लाभ मिलेगा । इसके तहत गरीब कल्याण, कृषि व किसान, एमएसएमई एवं उद्योग, इंफ्रास्ट्रक्चर में रक्षा एवं अतंरिक्ष सहित अन्य क्षेत्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य किये जा रहे है तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने हेतु RBI के द्वारा भी विभिन्न स्तरों पर राहत प्रदान की

---

[*] Speech was laid on the Table.

गई है । चौथे चरण के लॉकडाउन से पहले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए सभी देशवासियों स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह किया था और वोकल फॉर लोकल को अपनाते हुए स्वदेश उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए कहा था ताकि देश अर्थव्यवस्था सुदृढ हो और भारत आत्मनिर्भ बनें, जिसे देशवासियों ने संकल्प के साथ अपनाया है ।

कोरोना के विरुद्ध इस लड़ाई में डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ, चिकित्सा सेवा से जुड़े अन्य लोग सफाईकर्मी, पुलिसकर्मी, बैंक और पोस्टल के कर्मचारी, मीडिया के साथी सहित कई संगठन व समर्पित लोग अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर हम सभी लोगों के सुविधा व सुरक्षा हेतु निरंतर कार्य करते रहें है जिन्हें प्रधानमंत्री जी ने कोरोना वॉरियर्स के रूप में संबोधित किया है, वे सभी बधाई के पात्र है ।

इस विपरीत परिस्थिति में देश के प्रधानमंत्री जी ने एकजुटता दिखाने के लिए देशवासियों से 'ताली-थाली बजाने, दीप-टॉर्च जलाने' जैसी विशेष अपील की, जिसे देशवासियों ने सहज स्वीकार किया । प्रधानमंत्री जी दवारा लिए गए निर्णय का परिणाम है कि बांकी देशों की अपेक्षा में आज भारत, कोरोना से रिकवरी दर सबसे अधिक है और मृत्यु दर सबसे कम । यह परिणाम जनता एवं सरकार के आपसी सहयोग और संयम का स्पष्ट उदाहरण है ।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल और मंत्रिपरिषद की बैठक में कोरोना वायरस संकट को लेकर अति महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए हम सभी सांसदों के वेतन में एक साल के लिए 30 फीसदी की कटौती की गई तथा दो वर्षों, यानी वर्ष 2020 और 2021 तक के लिए सांसद निधि को अस्थायी तौर पर स्थगित किया गया । इन दो वर्ष की निधि यानी 10 करोड़ की राशि सहित अन्य धन राशि को कोरोना वायरस के कारण उपजे संकट से लड़ने के लिए स्वास्थ्य संसाधन जुटाने में दी गई ।

इन सभी फैसलों और कुशल नेतृत्व के लिए मैं समस्त मिथिलावासियों के तरफ से देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सहित केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी, रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल जी,

स्वास्थ्य मंत्री श्री हर्षवर्धन जी और श्री अश्विनी चौबे जी का हार्दिक अभिनंदन करता हूं, उन्हें बधाई देता हूं । वहीं इस विपरीत समय में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे. पी. नड्डा जी के नेतृत्व में सेवा ही संगठन के तहत लाखों फेस मास्क, कई हजार लीटर सैनिटाइजर, पीपीई किट सहित अन्य जरूरी चीजों का वितरण देश भर में भाजपा द्वारा किया गया तथा और फीड द निडी के तहत 24 करोड़ फूड पैकेट व राशन किट का भी वितरण देश भर में हुआ, जिसके लिए मैं हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी और सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करता हूं, उन्हें बधाई देता हूं ।

आम लोगों को राहत पहुँचाने के लिए राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय से बिहार के लोगों को इस विकट समय में कॉफी राहत मिली, राज्य सरकार ने बिहार से बाहर फंसे मजदूरों और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए 1000 रुपये की सहायता राशि देने का काम किया तथा इसके अतिरिक्त सभी राज्य के सभी राशन कार्ड धारकों को 1000 रुपये की सहायता राशि भी दी गई । इस आपदा के समय बिहार सरकार ने युद्ध स्तर पर लोगों का राशन कार्ड बनाया और वितरण किया, तथा राशन कार्ड बनाने के नियम में भी बदलाव किया गया ताकि सभी लोगों को राशन कार्ड मिल सकें । इसके अतिरिक्त राज्य सरकार ने क्वारंटाइन केंद्र का संचालन अच्छी तरह किया । क्वारंटाइन लोगों के सुविधा का पूरा ख्याल रखा गया, उन्हें गुणवत्तापूर्ण भोजन तथा आवासन की व्यवस्था देने के साथ-साथ दैनिक जीवन से जुड़े सभी सामान अलग से राज्य सरकार द्वारा क्वारंटाइन केंद्र पर दी गयी, इसके अतिरिक्त उन लोगों को सहायता राशि भी दी गई । इसके लिए मैं बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी, उपमुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी जी और स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय जी को बधाई देता हूं, उनका अभिनंदन करता हूं ।

आपदा की इस विकट परिस्थिति में जिलाधिकारी, दरभंगा ने अविस्मरणीय कार्य किया है, जिस कारण आज दरभंगा स्थिति बेहतर है । घर-घर तक राशन व दैनिक जीवन के सभी सामानों को पहुंचाने के अतिरिक्त कई अन्य जरूरी सेवा का लाभ भी लोगों को घर पर जाकर दिया गया है, इसके

लिए जिलाधिकारी सहित जिले सभी अधिकारी व पदाधिकारी को बधाई देता हूं । उन सभी ने पूरे धैर्य के साथ इस प्रतिकूल समय का सामना करते हए आम लोगों के हित में निरंतर कार्य किया है । इस महामारी के समय मैंने अपने एक माह के वेतन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा कोष में राष्ट्र सेवा हेतु दिया तथा अपने सांसद निधि से एक करोड रुपये की राशि कोरोना महामारी बचाव के लिए दरभंगा जिला प्रशासन निर्गत किया ताकि महामारी से बचाव हेतु आवश्यक उपकरण जैसे मास्क, सैनिटाइजर, दवा छिड़काव की मशीन,आदि उपयोगी संसाधनों की दरभंगा संसदीय क्षेत्र में कोई कमी न हो । इसके अतिरिक्त पार्टी के फीड द निडी कार्यक्रम में अपना योगदान देते हुए कुल 25 हजार फूड पैकेट व राशन किट का वितरण करवाया । 8 करोड़ मिथिलावासियों की ओर से नव भारत के विश्वकर्मा मिथिला के विकास में नया अध्याय लिखने वाले देश के यशस्वी, तेजस्वी, ओजस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी जी द्वारा कोरोना संकट के समय किए गए ऐतिहासिक कार्य के लिए आभार व्यक्त करता हूँ ।

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा):** महोदय, धन्यवाद । मैं माननीय सभापति जी का आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे बोलने का समय दिया ।

महोदय, जब से चर्चा शुरू हुई है, मैं लगातार चर्चा सुन रहा हूँ, लेकिन एक चीज मैं लैक कर रहा हूँ कि कोरोना में जिस तरह से सभी लोगों ने मिलकर काम किया, वह पूरे देश को बताने का सवाल था । लॉकडाउन हुआ, यहाँ घड़ी की बात हुई, घड़ियाल की बात हुई, शंख की बात हुई, ताली बजाने की बात हुई । प्रधान मंत्री जी ने किया, लेकिन क्यों किया, यह समझने की बात है । मैं जिस इलाके से आता हूँ, मेरे खुद के लोक सभा क्षेत्र में लगभग एक लाख मजदूर बाहर फंसे हुए थे । बचपन में हमने पंडित भीमसेन जोशी जी की एक बड़ी अच्छी कविता पढ़ी थी, जिसे उन्होंने गाने में कन्वर्ट किया था "कि मिले सुर मेरा तुम्हारा तो सुर बने हमारा", वह मेरा उदाहरण है ।

माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में यह विषय आगे बढ़ा । आज जहां हम लोग पार्लियामेंट में बैठे हैं तो मैं देख रहा हूं कि 14 तारीख से यह पार्लियामेंट चल रहा है, इसमें हम लोग क्या कर रहे हैं? जितने ऑर्डिनैंसेज, बिल्स, सब कुछ अगर पास कर रहे हैं तो केवल कोरोना के कारण जो इस देश में संकट है, वैश्विक महामारी के कारण जो संकट है, उस संकट से इस देश को कैसे उबारा जाए, इसमें पक्ष और विपक्ष एक साथ है । महोदय, मेरे पास इसके बहुत-से उदाहरण हैं । मैंने कहा कि मेरे क्षेत्र के एक लाख लोग बाहर थे । यदि मैं बात करूं तो यही एक ऐसा विषय था, जहां विचारधारा, धर्म, संस्कृति, जाति के सारे बंधन टूट गए थे । यदि मुझे तेलंगाना में अपने लोगों को खाना पहुंचाने की बात आई तो एक तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उन लोगों को खाना पहुंचा रहा था तो दूसरी तरफ यहां के ही माननीय सांसद ओवैसी साहब खाना पहुंचा रहे थे । आप इसे क्या कहेंगे? राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और ओवैसी साहब यदि एक साथ एक मंच पर मौजूद थे तो उसका कारण यही कोरोना था ।

महोदय, यहां उदासी साहब बैठे हैं । संयोग से, हमलोग यहीं लॉकडाउन में फँस गए थे । यदि उसी कर्नाटक में एक तरफ येदियुरप्पा साहब और शोभा कारान्दलाजे थीं तो दूसरी तरफ आपके प्रदेश

अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार जी का भी मेरे पास उदाहरण है कि यदि मैंने उनसे मदद मांगी तो वे भी वहां साथ थे । तेलंगाना का उदाहरण है कि यदि एक तरफ चन्द्रशेखर राव साहब मुख्य मंत्री के तौर पर खुद एक्टिव थे तो उनकी लड़की कविता, जो यहां की पूर्व सांसद हैं, वे भी एक्टिव थीं । नामा नागेश्वर राव, जो यहां के संसदीय दल के नेता हैं, वे एक्टिव थे । भारतीय जनता पार्टी के नेता श्री बंदी संजय, जो यहां के सांसद हैं, वे भी एक्टिव थे । कैप्टन अमरिंदर सिंह यदि पंजाब में एक्टिव थे तो उसी तरह हमारी पार्टी के अध्यक्ष भी एक्टिव थे । यहां के मंत्री सोम प्रकाश जी भी एक्टिव थे । इसी तरह, हरियाणा में यदि खट्टर साहब एक्टिव थे तो भूपिन्दर सिंह हुड्डा साहब और उनके बेटे दीपेन्द्र सिंह हुड्डा साहब भी एक्टिव थे । महाराष्ट्र में यदि हमारी मित्र सुप्रिया सुले जी लगातार एक्टिव थीं तो उसी तरह गोपाल शेट्टी एक्टिव थे । यहां श्रीकान्त शिंदे साहब बैठे हैं, वे भी एक्टिव थे ।

सर, कोई भी पार्टी या दल इससे अलग नहीं है । चाहे आप कहीं की भी बात करें । डी.एम.के. की कनिमोझी जी, जो यहां बैठी हुई हैं, वे एक्टिव थीं । उसी तरह से ए.आई.ए.डी.एम.के. एक्टिव था । उसी तरह से भारतीय जनता पार्टी एक्टिव थी । क्या यह देश को बताने की आवश्यकता नहीं है? इसे देश को बताने की आवश्यकता है कि हम लोगों ने यह किया है । जैसे माननीय अध्यक्ष जी की बात है तो क्या यहां पर कोई भी ऐसा सांसद है, जिन्हें लोक सभा के अध्यक्ष जी से या अध्यक्ष जी के ऑफिस से एक सप्ताह में फोन नहीं गया कि आप कैसे हैं । यदि बच्चों की बात की जाए तो यदि हमारे बच्चे कोटा में फँसे से थे तो माननीय अध्यक्ष, लोक सभा ने खुद से pain लिया कि वे कैसे जाएंगे? उसी तरह से, यदि ट्रेनों की बात करें तो मेरे पास ऐसा उदाहरण है कि एक तरफ तो मुख्य मंत्री, राजस्थान, गहलोत जी एक्टिव थे तो माननीय मंत्री जी पीयूष गोयल जी भी एक्टिव थे कि किस तरह से हमारे लेबर्स लोग चले जाएं । इसे देश को बताने की आवश्यकता है । इसमें सभी सीमाएँ टूट गईं । जाति के सभी बंधन टूट गए । विचारधाराओं के बंधन टूट गए । इसी कारण से, आज इस देश में इसकी मृत्यु-दर कम है । हम लोगों को बचा पाने की स्थिति में आए हैं और यह सब किसके कारण हुआ है? उसी

माननीय प्रधान मंत्री जी ने, जिन्होंने ताली बजाकर, शंख बजाकर, मोमबत्ती जलाकर पूरे देश को एकत्रित किया । एक तरफ शरद पवार साहब घंटी बजा रहे थे, दूसरी तरफ प्रधान मंत्री जी भी घंटी बजा रहे थे, यह बताने की आवश्यकता है । लेकिन, इसमें एक दर्द है । दर्द यह है कि लोग माइग्रेंट लेबर्स की बात करते हैं और यह पूरे पार्लियामेंट को जानने की आवश्यकता है । हमारे एक लाख लोग बाहर थे । वे माइग्रेंट लेबर्स कैसे हैं? इस देश में नागरिकता एक है । यह देश एक है । अनेकता में एकता है । यदि इस देश में नागरिकता एक ही है तो वे प्रवासी मजदूर कैसे हो गए? यदि कोई इंडस्ट्री बनी, यदि मुम्बई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, बेंगालुरू जैसे शहर बने तो उसमें मजदूरों ने योगदान दिया । उसमें कैपिटल भी लगा और उसमें मार्केट भी आया । आप मजदूरों को प्रवासी मजदूर कह रहे हैं ।

सर, सौगत बाबू यहां बैठे हुए हैं । जब बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया तो यहीं माननीय प्रधान मंत्री इन्दिरा जी ने कहा था कि हम इसलिए बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर रहे हैं । उनका बड़ा प्रसिद्ध भाषण है कि पूर्वी भारत का जो सी.डी. रेशियो है, चाहे वह बिहार का है, चाहे झारखंड का है, चाहे बंगाल का है, चाहे ओडिशा का है, वह केवल 30 प्रतिशत है । बैंक हमसे 100 रुपये कमा कर ले जाते हैं और हमारे क्षेत्र में केवल 30 प्रतिशत इंवेस्ट करता है ।

वह 70 इन्वेस्टमेन्ट कहाँ होता है? वह मुम्बई में इन्वेस्ट होता है, वह चेन्नई में इन्वेस्ट होता है, वह हैदराबाद में होता है, वह बेंगलुरू में होता है तो क्या कैपिटल को आप प्रवासी कैपिटल कहते हैं । यदि हमारे पैसे को ले जाकर इंडस्ट्रीज बना रहे हैं, तो उसको आप प्रवासी कैपिटल क्यों नहीं कहते हैं । यदि कोई सामान बिकता है तो सबसे ज्यादा आबादी उत्तर प्रदेश की है, बिहार की है । सबसे ज्यादा पैसा तो हम देते हैं और हम आपका सामान खरीदते हैं । हम सबसे बड़े कंज्यूमर्स हैं । आप उसको प्रवासी मार्केटिंग क्यों नहीं कहते हैं? आज इस पार्लियामेंट को सोचने का विषय है कि आप सबसे पहले माइग्रेन्ट लेबर की परिभाषा को बदलिए । यदि नहीं बदलिएगा तो इस देश में कोरोना ने

हम लोगों को जो सीखने का एक मौका दिया है, इस देश को यूनाइटेड करने का मौका दिया है, वह हमारे हाथ से चला जाएगा । गरीब अपने आप को एक ऐसे रास्ते पर खड़ा पाएगा, जहाँ लगेगा कि हमारी कोई स्थिति नहीं है, हमारे पास कोई वक्त नहीं है । उसी एक विचारधारा के कारण, उसी एक डर के कारण लेबर्स सारी सुविधाओं के बाद भी यहाँ से भागने को मजबूर हुए ।

महोदय, मेरे दो-तीन ही आग्रह हैं । माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में, माननीय अमित शाह जी के बारे में मैं आपको बताऊँ कि हम लोग फँसे हुए थे । मैं, उदासी जी और कमलेश पासवान जब अपने परिवार के साथ घूमते थे तो मैं देखता था कि 11-12 बजे तक माननीय अमित शाह जी अपने ऑफिस में बैठकर सभी को कोऑर्डिनेट करते थे । मेरा यह आग्रह है कि एक तो माइग्रेन्ट लेबर की परिभाषा बदलिए ।

दूसरा, इस तरह के जो विषय आए हैं, जितना काम आपने किया है, पार्लियामेंट में इस तरह की चर्चा करके, पूरे पार्टियों को डिवाइड करके, आइडियोलॉजी को डिवाइड करके मत बताइए । आप बताइए कि हम सब ने मिलकर इस देश को बनाने का काम किया है । यदि इस तरह का कभी भी कोई मौका मिलेगा तो पूरा देश, पूरी पार्लियामेंट, सारी पार्टीज और सारी विचारधाराएँ एक होंगी । हम सब एक हैं । अनेकता में एकता है । भारत एक है । जय हिन्द -जय भारत ।

*__SHRI RAM MOHAN NAIDU KINJARAPU (SRIKAKULAM):__ I would like to place my views on the discussion on COVID-19 pandemic in the country.

First of all, I would like to pay my tribute and pass on my condolences to the families of all the doctors, nurses, health workers, police, and to all those who have worked on a frontline and have lost their lives due to COVID-19 pandemic. I would like to thank the hon. Minister of External Affairs, Dr. Subrahmanyam Jaishankar Ji who has helped in bringing back people, who were stranded outside India and I would also like to thank all the State Governments who have helped in bringing migrants of Andhra Pradesh back to their homes. I would also like to thank all the MPs, who have worked tremendously in their constituencies during the crisis. Right now, they are fulfilling their constitutional duties in the Parliament. While we are discussing this, the COVID-19 cases have passed the 54-lakh mark with as many as 92,605 new cases reported today. The country has lost around 87,000 lives in the pandemic.

My State, Andhra Pradesh, has seen a total of 8218 new cases today and the total confirmed cases in the State is 6,17,776. The State's tally is the second highest after Maharashtra. My constituency, Srikakulam, has seen total of 30,000 cases and 280 deaths till now.

This discussion on COVID-19 should have been taken up during the Budget Session when we were aware that our country would have to face this

---

* Speech was laid on the Table.

pandemic. Having a discussion at that time would have helped us formulate our response to tackle the crisis more effectively.

I would also like to commend the efforts of the Government of India and its bold, if not timely, decision to implement the most comprehensive lockdown anywhere in the world. Being one of the most populated countries in the world, we needed it at that time to calibrate our responses to tackle the global crisis and also to save our economy. We also needed it to upgrade the health infrastructure and increase the capacity of beds to meet the demand that might arise due to this pandemic.

After six months of the lockdown, when we are in the 4th stage of the unlock process now, the question then arises, did we use the time on our hands, effectively and efficiently?

If we look at the Annualised figures of GDP for April-June quarter, then the scenario becomes more dire:

India: -75 per cent

UK: -59.9 per cent

Germany: -33 per cent

USA: -31.7 per cent

Japan: -27.8 per cent

China: -54.6 per cent

If we look at quarter-over-quarter GDP growth between April-June, 2020 over January-March, 2020:

India: -29.28 per cent

UK: -20.4 per cent

Germany: -9.7 per cent

USA: -9.09 per cent

Japan: -7.8 per cent

China: -11.5 per cent

During an interaction of the hon. Prime Minister with the Leaders of the Parliamentary Parties on 8th April, 2020, I had suggested that in order to come out of this lockdown and protect our economy, a stimulus package to the tune of, at least, 10 per cent of the GDP needs to be announced. This was accepted by the hon. Finance Minister and she announced a package in the same line on 12th May, 2020.

Of Rs. 20 lakh crore stimulus package announced, nearly 50 per cent of it is in the form of liquidity measures to help banks and NBFCs to increase lending business to stimulate growth. While demand was subdued due to COVID-19 situation, banks and NBFCs were also reluctant to lend due to potential NPA concerns. Therefore, the stimulus package announced for various MSMEs and small businesses was also not in the form of grants but in the form of loans, food supply for migrant labourers, and some infrastructural support. The actual

expenditure of the Government is negligible with most burden on the RBI and institutions like NABARD, etc.

The Government has also planned to tap construction workers fund, mineral fund, and compensatory fund, etc. The Government has just recycled its schemes and allocations already counted for in the budgetary allocations. As part of the COVID-19 package, of Rs. 5.4 lakh crore package announced for MSMEs, the actual cost to the Government is estimated at Rs. 25,000 crore only.

For this, as I have suggested previously, the Government should review its capital and revenue expenditure plans and classify them under three heads as critical, essential, and desirable. The one which is being required and is urgent, is critical; the one which is being required, but not urgent, is essential; and the one which is not being required and also not urgent, is desirable. The Government should delay the expenditure that is not critical and divert that amount towards the second stimulus package.

We are all facing the same storm, but we are not sailing in the same boat. While some sectors have prospered during these pandemic times, others such as, construction, travel, restaurant, MSMEs across all the verticals, have suffered the most.

If you look at the employment report -- recently released by CMIE, it states that during the April-July period, about 19 million salaried people lost their jobs in

India. While salaried jobs are not easily lost, but once lost, they are also far more difficult to retrieve.

The package needs to be focussed on providing financial support to those industries which see the largest loss in employment so that they have the funds to rehire or save the jobs of their employees. So, the financial support and stimulus package need to be directed to support the most vulnerable people and businesses.

While unemployment number is increasing, the businesses are also facing shortage of labour, which is becoming the cause for a concern. We need to figure out a way to get the right people to the right place in order to kick start the economic activity. For this, I suggest that the migrant labourers be provided some incentives to get back to their work sites. They should also be provided some travel incentives, increased healthcare facilities at labour camps to handle COVID infections, and mobile ration cards, etc.

During the lockdown period, we have seen many gains in terms of reduction in the levels of pollution, better sanitation, and hygiene and that needs to be sustained.

These measures would surely bring economy back on track in some time. However, for the welfare of the people, I would like to mention a few points. Under the Pradhan Mantri Garib Kalyan Yojana, insurance cover will be provided to 22.12 lakh health care providers, including public healthcare providers and private

hospital staff. The insurance provided will be above any other insurance cover being availed by the beneficiary and does not require any additional registration. The premium for it will be borne by the Ministry of Health and Family Welfare. The insurance scheme was operationalised on March 30 and will be in force till September, 2020 which is extended for a further period of time of 180 days. The claims of these workers should be processed quickly. The police officials, who are doing their duties during these Corona times, have no insurance. So, the Government should introduce a similar kind of a scheme for them as well.

After the COVID-19 pandemic, fishermen are in dire need of assistance. When the lockdown was announced, many fishermen were in the high seas and when they came back, there were no traders and the supply chains were crashed. It resulted in the severe loss of income to the fishermen. We are still in the middle of the pandemic and the demand of fisheries is still low and therefore, they are struggling hard to meet their day to day needs. As part of the Atmanirbhar Bharat package, Rs. 20,000 crore has been allocated to Pradhan Mantri Matsya Sampada Yojana, but it does not contain any provision for financial assistance to the hard hit fishermen. The fishermen are not even included in PM-KISAN Scheme which they have demanded for so long. I request the Government to constitute a Fishermen Welfare Fund and sanction a special grant to formulate schemes related to providing compensation during this tough time. Andhra Pradesh's economy is significantly dependent on fisheries and fishermen and

even Andhra Pradesh has significantly contributed in the total fish production in India.

Srikakulam is also a major source of outmigration of fishermen and other migrant workers and has recently witnessed all the migrants returning to home especially from Veraval in Gujarat and also from Chennai. The unemployment among them has increased the job demand under MNREGA and it is the highest ever after 2007. They need job and wages to meet their day-to-day needs very badly. The Gareeb Kalyan Rojgar Abhiyaan has been introduced to provide livelihood to migrants who are back home in 116 districts in 6 States of India, but Srikakulam has not been included in spite of being a backward district. In fact, not even one district of Andhra Pradesh has been included. Andhra Pradesh has seven backward districts out of total of 13 districts.

The number of COVID-19 cases could go up in Srikakulam due to limited availability of hospitals and COVID-care centres. Therefore, due to shortage of beds, patients with mild symptoms are sent back to their homes. I request to grant Rs. 50 crore from PM CARES Fund to establish new COVID care centre in the district.

Under the Pradhan Mantri Street Vendor’s Atmanirbhar Nidhi Scheme (PM SVANidhi Scheme) only the street vendors of urban local bodies are included. But in Srikakulam, in the State of Andhra Pradesh, many fish vendors, especially

women, work at the rural places as well. If they can also be included, it would be better.

**HON. CHAIRPERSON:** Shri Mohammed Faizal P.P. – Not present.

Now, Dr. Shrikant Eknath Shinde.

**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण):** महोदय, आज सभी लोग कोविड-19 महामारी के ऊपर बात कर रहे हैं । अभी एक माननीय सांसद महोदय ने बताया कि जब से कोविड शुरू हुआ, तब से सभी सांसद एक-दूसरे के संपर्क में आकर, चाहे ट्विटर हो, फेसबुक हो या कॉल हो, किसके चुनाव क्षेत्र में कौन-से माइग्रेन्ट लेबर्स फँसे हैं, उनको मदद करने का काम सभी सांसदों ने एक-दूसरे के साथ मिल कर किया । जब इस कोविड-19 की शुरुआत हुई, तभी से सभी सांसदों ने मिलकर काम किया । मुझे लगता है कि कई ऐसे भाषण थे, जो सिर्फ आलोचना और पोलिटिसाइज के लिए किए गए हैं । मुझे लगता है कि आज यह जो कोविड-19 का संकट है, इसे हम सभी लोग पहली बार अनुभव कर रहे हैं । इसमें सभी पार्टियों को एक साथ आकर काम करना बहुत जरूरी है । मुझे लगता है कि सिर्फ आलोचना करके हम इस कोविड-19 महामारी से बाहर नहीं निकल पाएंगे । सभी लोगों को साथ में आना होगा और अलग-अलग सुझाव देने पडेंगे । मुझे लगता है कि चाहे सभी सांसद हो या कोई लोक प्रतिनिधि हो, विगत सात महीने से अपने-अपने चुनाव क्षेत्र में हम सभी अच्छी तरह से काम कर रहे हैं ।

**<u>20.49 hrs</u>** (Hon. Speaker *in the Chair*)

महोदय, कोविड-19 महामारी कैसे कम हो, इसके लिए सभी लोग काम कर रहे हैं । मेरे भी कुछ सुझाव हैं । आज मैं यहाँ एक सांसद के रूप में तो हूँ, लेकिन पहले मैं एक डॉक्टर हूँ । आज ग्राउण्ड लेवल पर जो परिस्थिति है, वहाँ जो प्रॉब्लम्स आ रही हैं, उनके संबंध में मैं यहाँ पर स्वास्थ्य मंत्री जी को कुछ सुझाव देना चाहूँगा ।

महोदय, मेरा जो चुनाव क्षेत्र है, वह हॉट जोन में है । अगर आज कहीं पर भी सबसे ज्यादा कोविड-19 पेशेंट्स हैं तो वह महाराष्ट्र में हैं । वह मेरा चुनाव क्षेत्र है, थाणे जिला है और मुम्बई है,

क्योंकि वह मेट्रोपोलिटन शहर है । सभी जगह के लोग वहाँ पर रहते हैं । मेरा जो चुनाव क्षेत्र है, वह काफी घनी आबादी वाला है । मुझे लगता है कि उत्तर भारत के जो सभी सांसद हैं या ओडिशा के जो सांसद हैं, उन सभी के क्षेत्र के लोग वहाँ पर रहते हैं । अगर सबसे ज्यादा माइग्रेन्ट लेबर्स कहीं पर रहते हैं तो वे मेरे ही कांस्टीटूएंसी में रहते हैं । हमने शुरू से ही उन्हें बाहर निकालने का काम किया है । आज हमने अपने चुनाव क्षेत्र में जो भी एक्सपेरिमेन्ट्स किए हैं, उनके बारे में मैं कुछ बताना चाहता हूँ । अर्बन एरिया में हमने कोविड-19 के संसर्ग को कैसे कंट्रोल किया, आज हमने वहाँ पर बड़े-बड़े कोविड सेन्टर्स शुरू किए हैं । हमने वहाँ पर जम्बो क्वांरटाइन सेन्टर्स शुरू किए हैं ।

इससे कोविड पर नियंत्रण पाना आसान हुआ । इसी के साथ हमने फीवर क्लीनिक कांसेप्ट शुरू किया, जहां पर हम एंटीजेन टेस्ट करते हैं । जब हमने फीवर क्लीनिक वहां पर शुरू किया तो लोग उस फीवर क्लीनिक में जाने से डरते हैं । मैं स्वास्थ्य मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि लोग एक स्टिग्मा की तरह कोविड-19 की तरफ लोग देख रहे हैं कि हम अगर फीवर क्लीनिक में जाते हैं, अगर हमें फीवर है, तो हमें तुरंत क्वारेंटाइन किया जाएगा । उस क्वारेंटाइन सेंटर की परिस्थति कैसी होगी? इसके ऊपर हमें प्रकाश डालना है । लोगों में जन-जागृति करनी होगी कि जितनी जल्दी आप फीवर क्लीनिक में पहुंचेंगे, जितनी जल्दी आप डाइग्नोज होंगे, उतनी जल्दी आपकी बीमारी ठीक होगी । आज यह बीमारी पर सबसे ज्यादा असर, अगर बीमारी बढ़ती है, माइल्ड से मॉडरेट, मॉडरेट टू सीवियर, तो इसमें रेमडेसिविर इंजेक्शन बड़ा असरदार और कारगर इंजेक्शन पाया गया है । अगर इस इंजेक्शन को हम 7 से 8 दिन के भीतर पेशेंट को दे दें, तो पेशेंट की रिकवरी बहुत अच्छी तरह से होती है । लेकिन लोगों की पहुंच इस इंजेक्शन से बहुत दूर है, क्योंकि यह इंजेक्शन फ्री में नहीं पाया जाता । इसके लिए बहुत बड़ी राशि देनी होती है । …(व्यवधान) सर, यह बहुत इंपोर्टेंट है । आज मैं पहले दिन बोल रहा हूं । इसकी राशि भी बहुत इंपोर्टेंट है । रेमडेसिविर इंजेक्शन अगर लोगों को मिले तो बहुत लोगों की जानें बच सकती हैं, मोर्टेलिटी रेट बहुत कम हो सकता है । हमने अपने स्टेट में क्या

किया है? जो कॉरपोरेशंस हैं, उनको हमने ताकत दी है कि रेमडेसिविर इंजेक्शंस आप खरीदो और कॉरपोरेशन के हॉस्पिटल्स में जो-जो पेशेंट्स एडमिट हैं, उनको फ्री ऑफ चार्ज रेमडेसिविर इंजेक्शंस दो । आज इसके कारण हमारी मोर्टेलिटी रेट बहुत कम हो चुकी है और लोगों की जान बच रही है ।

सर, हम आरटीपीसीआर तो कर रहे हैं, लेकिन उसी के साथ सीटी स्कैन भी कर रहे हैं । आज सीटी स्कैन फ्री ऑफ चार्ज कहीं भी नहीं हो रहा है । सीटी स्कैन डायग्नोस्टिक है । कितनी बीमारी है, कितना पर्सेंटेज़ आपका लंग इनवाल्वमेंट है, वह सीटी स्कैन की रिपोर्ट से ही पता चलता है । सीटी स्कैन सेंटर्स ज्यादा से ज्यादा हों और जो-जो पेशेंट हमारे क्वारेंटाइन सेंटर्स में एडमिट हैं, वहां पर सीटी स्कैन इन पेशेंट्स का होना बहुत जरूरी है । इससे मार्टेलिटी रेट और कितना इनवाल्वमेंट है, माइल्ड है, मॉडरेट है, सीवियर है, अगर जल्द से जल्द उस पेशेंट की ट्रीटमेंट की जाए, तो बहुत बड़े पैमाने पर हमारे यहां मोर्टेलिटी रेट कम हो सकता है ।

**माननीय अध्यक्ष :** प्लीज कनक्लूड ।

**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:** सर, मैं कनक्लूड कर रहा हूं । इसी के साथ में जो डॉक्टर्स हैं, उनको हमने पचास लाख का इंश्योरेंस कवरेज दिया है । यह इंश्योरेंस कवरेज सिर्फ गवर्नमेंट डॉक्टर्स तक ही सीमित है । प्राइवेट डॉक्टर्स भी उसी प्रकार की सेवा दे रहे हैं । प्राइवेट डॉक्टर्स के परिवार को भी इंश्योरेंस की राशि देनी चाहिए । महाराष्ट्र में हमने इसे किया है । अगस्त में हमने जीआर पास किया है कि वहां प्राइवेट डॉक्टर्स को भी इनवॉल्व किया जाए ।

**कुंवर दानिश अली (अमरोहा):** अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले मैं आपका शुक्रिया अदा करना चाहता हूं कि आपने कोरोना के दौरान सभी सांसदों को, मेरे को व्यक्तिगत तौर पर तीन बार फोन करके मेरा और मेरे परिवार का हालचाल, मेरे पूरे क्षेत्र के लोगों का हालचाल पूछा । इसके लिए आज सबसे पहले आपका धन्यवाद ।

अध्यक्ष महोदय, कोरोना जो है यह आपदा में अवसर, जैसा प्रधान मंत्री जी ने कहा, यह बिल्कुल सही शब्द है कि हमारे यहां जो मेडिकल इनफ्रास्टक्चर है, पूरे देश में और खास तौर से उत्तर प्रदेश और जिस क्षेत्र अमरोहा से हम आते हैं, अभी पिछले दिनों नीति आयोग का तो बाकायदा पेपर सर्कुलेट हो गया था कि जिला अस्पतालों को भी पब्लिक प्राइवेट मॉडल पर बेच दिया जाए, उनके साथ प्राइवेट लोगों को हैंड ओवर कर दिया जाए । आज क्या हो रहा है? प्राइवेट हॉस्पिटल्स में कम से कम आठ लाख रुपये जमा कराये जाते हैं, अगर कोई कोरोना पेशेंट दिल्ली के अंदर जाता है । मेरी आपके माध्यम से मंत्री जी से गुजारिश है कि सरकारी अस्पतालों का इनफ्रास्टक्चर क्रिएट किया जाए, उसे बढ़ाया जाए ।

मैं आपके माध्यम से सिर्फ इतना ही कहूंगा, अभी सत्ता पक्ष के एक सांसद निशीकांत जी ने बहुत अच्छा भाषण किया । अनेकता में एकता को बढ़ाने का यह मौका मिला है । यह सही बात है । यह मौका मिला है । मेरी आपके माध्यम से अध्यक्ष जी से गुजारिश है, बड़ा अफसोस हुआ, जब एक जगह से, एक पाइंट से एक कम्युनिटी को टार्गेट करके सरकार आंकड़े बताती थी और पूरे देश को भ्रमित करने का काम किया कि यह कोरोना जो है, इसे तबलीगी जमात के लोगों ने फैलाया है ।

मेरा सिर शर्म से झुक जाता है, जब इसी सदन के अंदर आज भी सत्ता पक्ष के सांसदों ने कहा कि अस्सी प्रतिशत कोरोना इस देश में तब्लीगी जमात के लोगों ने फैलाया है । मैं इस बात को कहना चाहता हूं कि आप लोगों को माफी मांगनी चाहिए । चाहे तब्लीगी जमात के लोग हों, तिरूपति मंदिर के प्रिस्ट को कोरोना हुआ हो, अयोध्या के मंदिर के प्रिस्ट को कोरोना हुआ हो, चाहे किसी मस्जिद या

गिरिजाघर के प्रिस्ट को कोरोना हुआ हो, बीमारी मजहब देखकर नहीं आती है । हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी पंचायत में आज मेरा सिर शर्म से झुक रहा है । हमने पूरी दुनिया के सामने अपना मजाक उड़वा दिया । हमने सब्जी को भी मजहब को रंगों में बांट दिया, हमने बीमारी को भी मजहब के रंगों में बांट दिया । यह देश अनेकता में एकता का देश है । यह देश मिलीजुली संस्कृति का देश है । इसे माननीय फाइनेंस मिनिस्टर ने एक्ट ऑफ गॉड कहा, इससे हमें इससे सीख लेनी चाहिए कि आने वाले समय में देश को बांटने की कोशिश नहीं की जाएगी । ऐसी संकट की घड़ी में पूरा राष्ट्र जात और मजहब से उपर उठकर इकट्ठा होंगे और इस बीमारी से लड़ने का काम करेंगे । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

**SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR):** Sir, there is an adage that a stitch in time saves nine. I think, our hon. Health Minister is one of the eminent doctors in the world. Not only that, he has been recently promoted as Chairman, Executive Board of World Health Organisation. So, he knows everything. I know that there is a severe time constraint. So, I do not want to elaborate anything. But on two or three points, I would like to draw the attention of the hon. Minister.

Since the beginning, everything has been done in a haphazard way. Haphazard travel restriction आपने किया, Shortage of emergency supplies and red-tapism, यह एक बड़ा कारण है । Delay in ordering testing kits, यह आपके लिए बड़ी शिकायत है । The most important point is regarding the loss of life of health professionals and the response of the Government of India. यह कितने दु:ख की बात है । No country has lost as many doctors and healthcare workers as India has to the pandemic. The IMA recently said: “Doctors suffer four times the mortality of

ordinary citizens and private practitioners suffer eight times as much." The IMA demands that all the doctors should be given the status of martyrs and it has submitted a list of at least 382 doctors who died from COVID-19 across the country. But the Government denies of having any information of death of any doctor and health professional.

How can our Health Minister feign ignorance? He himself is a doctor. Who understands better than him? I just wonder if the Government has maintained the statistics of the total number of doctors and healthcare workers infected by COVID-19 and the statistics of how many of them sacrificed their life due to the pandemic. It loses the moral authority to administer the Epidemic Act 1897 and the Disaster Management Act. अभी तक सरकार ने स्वीकार नहीं किया है कि कम्युनिटी ट्रांसमिशन हो रहा है । हम चाहेंगे कि हर्ष वर्धन जी इस बारे में हमें इनलाइटेन करें । मैं जानता हूं कि हमें बोलने के लिए कम समय है । फिर भी मैं कहना चाहता हूं कि अगर हम सोची समझी एक स्ट्रेटजी शुरू दिन से बनाते तो मुझे लगता है कि इस तरह के हालात शायद पैदा नहीं होते । The global and humongous dimension of epidemic is known to all of us. So, epidemic cannot be prevented but the intensity of epidemic, the intensity of pandemic could have been mitigated. The measure of mitigation was not up to the mark. I must raise this point.

Secondly, I have a little doubt insofar as the number of deaths taking place under Corona in our country are concerned. It is because, I think, there is a serious under-reporting of deaths in our country. I do not know how many

hospitals of our country can issue the medical certification of cause of death. सर हिन्दू पेपर के एक कॉलम में हेमंत दीपक शेवाडे और गिरिडर गोपाल परमेशरन लिखा था ।

**21.00 hrs**

According to the latest vital statistics of India based on the civil registration system, 86 per cent of the total deaths were registered out of which 22 per cent had a medically certified cause of death. This means 18.9 per cent of the total death was medically certified with a cause of death. To adjust for the prevailing under-registration of deaths and poor coverage of MCCD, we can multiply the reported COVID-19 deaths by a multiplication factor of 5.29 for India and calculated as the inverse of 18.9 per cent among total deaths based on 2018 CRS.

This estimated COVID-19 death per million population is higher than Russia. It is similar to South Africa. It is lower than USA. It is 99 per cent in (MCCD) Brazil. It is 100 per cent MCCD in Mexico. It is 95 per cent MCCD in Chile. It is 95 per cent in Spain. Even in Iran, it is 90 per cent MCCD.

Madhya Pradesh, West Bengal, UP, Bihar and Jharkhand constitute 43 per cent of national population. These States with 12 per cent MCCD coverage and less than 10,000 COVID-19 test per million contribute to 38 per cent of the total estimated COVID-19 death.

महोदय, डॉक्टर साहब, आप अंडर रिपोर्टिंग के बारे में एनलाइटन कीजिए, क्योंकि हिंदुस्तान में बहुत सी मौतें होती हैं, जिनके बारे में पता नहीं चलता है । गांव में पंचायत के प्रधान सर्टिफिकेट दे

देते हैं, उनको पता नहीं होता है कि मरीज की किस कारण से मृत्यु हुई । इस बारे में आप हमें बताइए ।

दूसरी बात, कोविड के कारण देश में पीएम केयर्स फंड बना । पीएम केयर्स फंड से मिनिस्ट्री को कितना पैसा मिला था, यहां पीएम केयर्स फंड के बारे में चर्चा करना मुश्किल हो जाता है । जब हम जानना चाहते हैं तो वित्त मंत्री और उनके बलशाली साथी गुस्से में भर कर उठते हैं और नेहरू जी से सोनिया गांधी जी पर झूठमूठ इल्ज़ाम लगा देते हैं । हम इसके बारे में जानने की कोशिश करते हैं । हम बार-बार सत्ता पक्ष के लोगों को कहते हैं कि किसी भी हालत में कांग्रेस पार्टी के साथ गांधी का संपर्क छीन नहीं सकते हैं । गांधी परिवार एक विचारधारा है, आप विचारधारा को खत्म नहीं कर सकते हैं । मेरा हैल्थ मिनिस्टर से सवाल है कि पीएम केयर्स फंड में आज तक मंत्रालयों और सूबों की सरकारों को कितना पैसा मुहैया कराया गया । आपके पास अगर इसकी कोई जानकारी है तो जरूर बताएं ।

मैं सदन में एक बात और कहना चाहता हूं कि आपको स्वीकार करना पड़ेगा कि हमारे देश में सूबों की सरकार के पास इतने साधन नहीं हैं, इतनी सुविधाएं नहीं हैं कि आईसीएमआर से लेकर सारी सैंट्रल ऑर्गेनाइजेशन उनकी मदद करने के लिए खड़ी रहें । आपने एडहॉक तरीके से एक टॉस्क फोर्स बनाई है, लेकिन टॉस्क फोर्स के पास इतने साधन नहीं हैं । सूबों की सरकार को इससे मदद नहीं मिलती है और जिस रफ्तार से मरीज को बीमारी के खिलाफ लड़ना चाहिए था, नहीं लड़ पाते हैं ।

दूसरी लहर आ रही है, सब कहते हैं कि हिंदुस्तान में दूसरी लहर आएगी । दूसरी लहर से पहले आप ठोस कदम उठाएं । हर सूबे की सरकार मजबूत रहे, इसके लिए साधनों की जरूरत है । उनके पास इतने साधन नहीं हैं । मैं हर्षवर्धन जी से जानना चाहता हूं कि वह इस विषय पर क्या सोच रहे हैं?

अभी निशिकांत जी माइग्रेंट लेबर्स के बारे में बात कर रहे थे । मैं सरकार को सुझाव देना चाहता हूं कि माइग्रेंट लेबर्स की अलग मिनिस्ट्री होनी चाहिए । पहली बार हमें इस तरह का तजुर्बा

हुआ है । माइग्रेंट लेबर्स हिंदुस्तान की हर स्टेट में है । हम बंगाल से आते हैं, हमारे प्रदेश से लोग लाखों की तादाद में बाहर काम करने के लिए जाते हैं । हिंदुस्तान में बड़े शहरों में बंगाल से लोग काम करने के लिए जाते हैं, कहीं राज-मिस्त्री, कहीं गोल्डस्मिथ जैसे तरह-तरह के काम करने के लिए जाते हैं ।

लेकिन, अचानक जब यह लॉकडाउन शुरू हो गया, उसके बाद इन लोगों के अंदर त्राहि-त्राहि मच गई । लोग भागते हुए अपने घर की तरफ जाने लगे । बीच में उनकी मदद करने के लिए कोई नहीं आया । आज हम बड़ी-बड़ी बात करते हैं, लेकिन, उस दिन प्रवासी मजदूरों को मदद करने के लिए सरकार की तरफ से कोई कदम नहीं उठाया गया, जिसकी हम सराहना कर सकें । इसके कारण हजार से ज्यादा प्रवासी मजदूरों की मौत हो चुकी है । पश्चिम बंगाल में 11 से 12 लाख प्रवासी मजदूर वापस चले गए । वहां जाने के बाद उनके पास कोई काम धंधा नहीं था । अब वे वापस जहां से आए थे, वहां जाने की तैयारी कर रहे हैं । प्रवासी मजदूरों की दुर्दशा देखकर हम सबको बहुत दु:ख होता है । हम माननीय मंत्री से अनुरोध करेंगे कि पीएम केयर्स फंड से प्रवासी मजदूरों के लिए कुछ ठोस कदम उठाए जाएं ।

मैं 'अनेकता में एकता' की बात मानता हूं । मैंने भी इसकी मदद ली थी । मार्टिन लूथ किंग ने एक बात कही थी- "If you cannot fly then run, if you cannot run then walk, if you cannot walk then crawl, but whatever you do, you have to keep moving forward." जब चारों तरफ सब कुछ बंद पड़ा हुआ था, हमारे घर पर लाखों की तादाद में प्रवासी मजदूरों के फोन आ रहे थे, क्योंकि मैं मुर्शिदाबाद डिस्ट्रिक्ट से आता हूं, वहां बहुत सारे प्रवासी मजदूर हैं । एक ही डिस्ट्रिक्ट में लाखों की तादाद में प्रवासी मजदूर हैं । हम क्या करते? इस सदन में हमारे जो भी दोस्त हैं, उन सबको मैंने फोन किया । आज इस समय वे सब साथी, जिन्होंने हमारी मदद की, मैं बंगाल के

प्रवासी मजदूरों की तरफ से उन सबको धन्यवाद देना चाहता हूं । मैं एमपीज का नाम पढ़कर खत्म कर दूंगा ।

सबसे पहले, सर्वश्री जितेन्द्र सिंह, सुरेश कश्यप, डॉ, अमर सिंह, गुरजीत सिंह औजला, संतोष कुमार चौधरी, सत्यपाल सिंह, श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी, अखिलेश यादव, श्रीमती मीनाक्षी लेखी, दर्शना जरदोश, विजय कुमार हांसदाक, अच्युतानंद सामंत, डॉ.राजकुमार सिंह, रिपन बोहरा, विनायक राउत, अरविंद सावंत, श्रीपद नायक, फ्रांसिस्को सर्दिन्हा, नामानागेश्वर राव, उत्तम कुमार रेड्डी, डी.वी.सदानंद गौडा, प्रहलाद जोशी, डी.के.सुरेश, बालाशोवरी वल्लभानेनी, रघुराम कृष्ण राजू, कनिमोझी, दयानिधि मारन, ए.राजा, टी.आर.बालू, डॉ. के.जयकुमार, डॉ.बसंत कुमार, जिनकी मौत हो गई, कुनहलिकुट्टी, एस.सुधाकरण, एम.के.राघवन, के.सुरेश, टी.एन.प्रथापन, के.मुरलीधरन, हिबी इडन कुलदीप शर्मा और इसके साथ हमारे प्रिय लोक सभा के स्पीकर और साथ-साथ मैं आज जरूर यह स्वीकार करूंगा कि हमारे होम मिनिस्टर साहब ने भी हमारी बहुत मदद की है । इन सब के चलते ही हम बंगाल के प्रवासी मजदूरों की मदद कर पाए, लेकिन, बंगाल की हालत बहुत बुरी हो चुकी है । बंगाल में त्राहि-त्राहि मची हुई है । वहां लोगों को लूटा जा जा रहा है । वहां के प्राइवेट हॉस्पिटल्स इस मौके का फायदा उठाकर मरीजों का गला कसाई की तरह काट रहे हैं । …(व्यवधान) आप इस चीज को देखिए । बंगाल में बहुत सारी मौतें होती हैं, उनका कोई हिसाब नहीं है । पूरे बंगाल में तानाशाही का राज है । तानाशाही के राज में लोगों की बात नहीं सुनी जाती है । इसलिए, मैं हर्ष वर्धन जी से अनुरोध करूंगा कि बंगाल के बारे में कुछ ठोस कदम उठाएं । अंत में एक बात कहना चाहता हूं, हर्ष वर्धन जी यह बताइए कि वैक्सीन कब मिलेगी? पूरा हिन्दुस्तान वैक्सीन के लिए इंतजार कर रहा है । हम सबको आप एक संदेश देते हुए भरोसा दें, तसल्ली दें, क्योंकि हिन्दुस्तान के आम लोगों को तसल्ली की जरूरत है ।

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय मंत्री जी, मैं आपसे आग्रह करूंगा कि आप संक्षिप्त में सारी बात सदन में रख दें । आप सभी संक्षिप्त में सुनना चाहते हैं या पूरा सुनना चाहते हैं । दो घंटा सुनना चाहते हैं या संक्षिप्त में सुनना चाहते हैं ।

**अनेक माननीय सदस्य:** संक्षिप्त में ।

**माननीय अध्यक्ष :** सदन भी यह चाहता है कि आप संक्षिप्त में बोलें । सदन की तरफ से मंत्री जी से आग्रह कर रहे हैं कि आप संक्षिप्त में अपनी बात रख दें ।

***श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया):** मैं कोविड-19, वैश्विक महामारी पर अपने विचार रखता हूं ।

मैं आज कोरोना काल की दुखद स्थिति पर ही कुछ कहना चाहता हूँ, यूं तो हमारी सरकार ने इस महामारी के खिलाफ सजगता व गंभीरता दिखाते हुए बहुत ही जल्दी इस विकट स्थिति को नियंत्रण में कर लिया । इसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व स्वास्थ्य मंत्री माननीय डॉ. हर्षवर्धन जी का आभार व्यक्त करता हूँ ।

आज पूरे विश्व की अपेक्षा हमारे देश का रिकवरी रेट सबसे ज्यादा है, ताजा जानकारी के मुताबिक यह करीब 75 प्रतिशत के आसपास है । इस वैश्विक महामारी से हमारा बिहार भी अछूता नहीं रहा । बिहार की जनता को केन्द्र सरकार द्वारा मिल रहे सहयोग की वजह से वर्तमान में नीतीश जी की सरकार ने इसे नियंत्रण करने में सफलता हासिल की है । बिहार का रिकवरी रेट करीब 92 प्रतिशत है, जो देश में सबसे ज्यादा है । बिहार में अब तक करीब 58 लाख लोगों को कोरोना चेक हो चुका है । इसके लिए मैं बिहार सरकार एवं वहाँ के स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडे जी का आभार व्यक्त करता हूँ । लेकिन, महोदय इस जाँच को और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है । मैं चाहूँगा कि इस जाँच को हमारे सीमांचल इलाके में ज्यादा से ज्यादा करवाया जाए । हमारे संसदीय क्षेत्र अररिया में भी कोरोना के कई मरीज मिले हैं, जिससे लोगों में भय व्याप्त है । इसलिए वहाँ जाँच जरूरी है, ताकि लोगों के मन का डर खत्म हो सके । मैं सरकार से यह भी अपील करना चाहूँगा कि वैश्विक महामारी ने देश-प्रदेश के लोगों का कमर तोड़ रखा है । सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाए, ताकि उनकी जीवनशैली पुन: पटरी पर आ सके ।

* Speech was laid on the Table.

***DR. SUJAY VIKHE PATIL (AHMEDNAGAR):** I would like to express my views on the outbreak of Corona Pandemic in India. I would like to begin with paying my tributes to the Corona warriors which include doctors, healthcare workers, sanitation workers, police staff and everyone who has strengthened our fight against this virus.

I would like to place on record my appreciation and gratitude to our Prime Minister, Shri Narendra Modi Ji who has led from the front and with his decisive leadership, we have been able to successfully fight this battle. I also thank Dr. Harshvardhan Ji for spearheading the efforts of the Ministry of Health and Family Welfare.

It is pertinent to note that we are currently facing a crisis which has affected every single person and has brought not only the country but the whole world to a standstill, but our Government has been taking decisive steps at regular intervals to ensure that every section of the society is benefited. Decisions like Atma Nirbhar Package of Rs.20 lakh crore or PM Garib Kalyan Yojana which has benefited more than 80 crore people are testaments to our effective governance.

The Opposition has been regularly criticizing the decision of lockdown instead of supporting the government in the fight against Corona. It has been estimated that this decision prevented approximately 14 lakh to 29 lakh cases and 37,000 to 78,000 deaths.

---

* Speech was laid on the Table.

Further, these four months were utilised to create additional health infrastructure, enhance human resource and produce within India critical elements such as PPEs, N-95 masks, and ventilators. A case in point is increase in dedicated isolation beds around 36.3 times and dedicated ICU beds above 24.6 times to what existed in March, 2020.

Whereas there was no indigenous manufacturing of PPE, with the requisite standards, at that point in time, we are now self-sufficient and, in a position, to even export the same.

I have few suggestions and recommendations:

Under the National Health Mission, the Government had in April 2020 announced significant investments to the tune of Rs.15000 crores for 'India COVID-19 Emergency Response and Health System Preparedness Package'. The funds sanctioned will be utilized for immediate COVID-19 Emergency Response (amount of Rs.7774 crores) and rest for medium-term support (1-4 years) to be provided under mission mode approach.

For my Ahmednagar Lok Sabha constituency, a fund of about Rs. 16 crore has come under the National Health Mission. There are two things regarding that. Firstly, they have different provisions for purchase of equipment, beds and everything but, as of now, the situation is such that availability of beds are very less even if we put an order regarding central oxygen system or facilities you have advised along with no provision for a rental allowance. For example, if a hospital

is taken and the hospital has the entire facility of beds, central oxygen system, and ventilators, the District Collector or the District Administration does not have funds to give for that hospital.

It has been more than 3 months since this package was announced and even when its Centrally Sponsored, it is my personal experience that the concerned Member of Parliament is not taken into confidence regarding the utilization of these funds. The entire control has been vested with the Collector who is already overburdened with several other obligations.

I am a neurosurgeon and if representatives with specialized medical knowledge are included while deciding the disbursement of funds under this package, it will ensure a holistic and better decision making process.

I really appreciate that we have increased the testing. I would only make a few suggestions as to what I have realized in this RT-PCR machine. There are two systems. One is open and one is closed. There has been increased cases of variability in testing, with negative showing as positive and positive showing as negative, due to the kits being used in an open-based system of PCR. That is very clear evidence that I found in my lab. My recommendation would be that in districts which do not have RT-PCR labs and private labs are available, the government should provide free kits on the lines of government hospitals to ensure free investigation by private labs because we cannot bear the cost of the

kit but we are ready to bear the cost of the technicians, the electricity, etc. So, private labs could be wilfully coming forward to do these tests for free.

The large Indian population does pose challenges in terms of health service provision. However, in the context of Covid-19, India has two socio-demographic features that confer advantage. First, we have a demographically young population which is better protected against severe illness than older populations. Second, nearly two-thirds of India is rural. The virus spreads more slowly in rural areas than in urban areas due to less crowd density, shorter distances that most people commute to work and more open spaces. It is necessary, however, that we address the need of population stabilisation through a broad range of strategies.

There are two types of incentives: (a) removal of the hurdles and grievances that are impeding their work or endangering them; (b) positive incentives for boosting their morale and enhancing their performance.

From being reasonably self-reliant-both in drug formulation and API production, in the early 1990s, India had become mostly import-dependent in API. Last year, India imported roughly Rs.50,000 crore worth of APIs, and other intermediaries that go into production of finished formulations. About Rs.31,740 crore worth of these were from China alone, accounting for two-third of API imports. Of the top 20 imported APIs, amounting to Rs.3,610 crore, 68 per cent

were from China. For production of several medicines, import intensity from China is alarmingly high.

In case of streptomycin, used in treating tuberculosis (TB) and other infections, nearly all imports are from China. In case of penicillin, another critical antibiotic, 90 per cent of imports are from China. And, 70 per cent of rifampicin API (used for TB treatment), 63 per cent of erythromycin API (an antibiotic used especially for respiratory infections), 82 per cent of glutamic acid and its salts (treatment for nerve disorders), 80 per cent of aniline and its salts (for antioxidant formulations), are imported from China.

This Pandemic has brought an opportunity for India to regain its status as a self-sufficient manufacturer of Active Pharmaceutical Ingredients.

China has not only created tension at the border but there are also strong evidences to state that the COVID-19 virus is a lab made virus. Chinese virologist Dr. Li-Meng Yan has claimed that coronavirus COVID-19 was made in a Wuhan laboratory. Dr. Li-Meng Yan, who was associated with Hong Kong School of Public Health, had been researching on the coronavirus for a long time. The Chinese virologist claimed that during her research, she came across that coronavirus was developed in laboratory in China.

With these recommendations and suggestions, I thank the government and conclude my speech.

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री; विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री (डॉ. हर्ष वर्धन):** सर, आपकी जिस तरह की भावना है, उसके अनुसार मैं आपके आदेश की पालना करने की कोशिश करता हूं । मैं सबसे पहले उन सभी कोरोना वॉरियर्स को, जिन्होंने हम सभी की प्राणों की रक्षा के लिए स्वयं के प्राणों की आहूति दी, उन सभी की पवित्र स्मृति को नमन करना चाहता हूं । आज भी जो कोरोना वॉरियर्स देशवासियों के प्राणों की रक्षा के लिए लगे हुए हैं, उनको और विशेष रूप से उन सभी की माताओं को भी मैं आज इस अवसर पर प्रणाम करना चाहता हूं । देश में एक भी ऐसी माता का उदाहरण सामने नहीं आया, जिसने अपने घर से कोरोना वॉरियर को अस्पताल जाने से रोका हो ।

**माननीय अध्यक्ष :** हम सदन की तरफ से सभी को धन्यवाद दे देते हैं ।

**डॉ. हर्ष वर्धन :** अध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में देश के 135 करोड़ लोगों ने, सभी मुख्य मंत्रियों ने, सभी अधिकारियों ने, सभी स्वयं सेवी संस्थाओं ने, सभी धार्मिक संगठनों ने और देश के साधारण नागरिकों ने मिलकर पिछले 9 महीने से इस संघर्ष को बहुत ईमानदारी से लड़ा है । हमने जब यह कहा कि इस देश को प्रधान मंत्री जी का अभिनंदन करना चाहिए तो उसका अभिप्राय केवल यही था कि प्रधान मंत्री जी ने नेतृत्व प्रदान किया और सभी ने मिलकर उनका सहयोग किया । मुझे पिछले 9 महीनों में एक दिन भी ऐसा नहीं लगा, जब प्रधान मंत्री जी ने देश के हर एक व्यक्ति को इस काम में साथ न लिया हो । छोटी से छोटी बात के लिए कंसेंसस न बनाया हो । सभी ने मिलकर यह काम किया इसलिए मैं प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में इस काम को करने के लिए देश के सभी लोगों को बधाई देना चाहता हूं । यहां पर कुछ ऐसे बयान भी हुए, जिनके आधार पर मुझे लगा कि हम बहुत सारी बातें अपने स्मृति पटल से भूल गए हैं । मैंने इस सदन के अन्दर फरवरी महीने में और मार्च के महीने में भी डिटेल्ड स्टेटमेंट दिया था । आपके सवालों के जवाब भी दिए थे । सरकार ने जो जनवरी और फरवरी में काम किया था, उसके बारे में मार्च में आप सभी के बीच में चर्चा की थी । मैं केवल आपको स्मरण

दिलाना चाहता हूं कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 30 जनवरी को सबसे पहले दुनिया को चेतावनी दी थी कि कोई ऐसी बीमारी आई है, जो एक इंटरनेशनल हेल्थ कंसर्न है, लेकिन हमने अपना काम 8 जनवरी को ही शुरू कर दिया था । हमने 17 जनवरी तक पूरे देश को डिटेल्ड हेल्थ एडवाइजरी दे दी थी । हमने पॉइंट ऑफ एंट्री सर्विलांस शुरू कर दिया था । कम्युनिटी सर्विलांस शुरू कर दिया था और जब भारत में 30 तारीख को पहला केस आया था तो सबसे पहले मैं सर्विलांस से जुडे हुए लोगों को हृदय से बधाई देना चाहता हूं । हमारे डॉक्टरों को बधाई देना चाहता हूं । दिल्ली में स्थित भारत सरकार के नेशनल सेन्टर फॉर डिजीज कंट्रोल को और देश के इंटिग्रेटेड डिजीज सर्विलांस सिस्टम को बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने उस पहले केस में 162 कॉन्टेक्ट्स की ट्रेसिंग की थी । आज तक भारत के अंदर 40 लाख लोगों को कम्युनिटी सर्विलांस में रखा गया है । एक करोड़ से ज्यादा लोगों की कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग हुई है । एयरपोर्ट्स पर 15 लाख से ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग हुई है । नेपाल में जब पहला केस आया तो उस बोर्डर के ऊपर स्क्रीनिंग शुरू हुई और 16 लाख लोगों की स्क्रीनिंग हुई । आस पास के 5 हजार गांवों के अंदर ग्राम सभाएं हुईं । आप शायद यह सब कुछ भूल गए, क्योंकि इस विषय को बहुत समय हो गया है । जब कोरोना भारत में आया तो दूसरे डिपार्टमेंट के लोग तो दूर, डॉक्टर्स को और दूसरे लोगों को भी कोरोना के बारे में इतना विस्तार से ज्ञान नहीं था । दो से तीन मिलियन लोगों के बीच में जितने भी हेल्थ डिपार्टमेंट से लेकर बाकी सभी डिपार्टमेंट्स और डिफेंस से लेकर एयरपोर्ट्स के ऑफिशियल्स के लोगों ने इस पर काम किया, उनको भारत सरकार ने उसी दौरान ट्रेंड किया था । उनकी कैपेसिटी बिल्डिंग की गई ।

यहां पर लॉकडाउन के बारे में भी बहुत सारी चर्चा हुई है । मैं सिर्फ स्मरण कराना चाहता हूं कि 16 मार्च और 23 मार्च के बीच में देश में आधा दर्जन से एक दर्जन के बीच में सरकारें या तो पार्शियल लॉकडाउन कर चुकी थीं या टोटल लॉकडाउन कर चुकी थीं । यह प्रधान मंत्री जी का विजडम है, उसे नमन करना चाहिए कि उन्होंने जब ‘जनता कर्फ्यु’ घोषित किया, तब वह शायद इतना बड़ा इनोवेटिव

आइडिया था सारे देश को प्रिपेयर करने के लिए और यह देखने के लिए भी कि क्या देश इस बात के लिए तैयार है कि अगर हम टोटल लॉकडाउन करें तो किस प्रकार की स्थिति आ सकती है ।

लॉकडाउन के लाभ और हानि के बारे में भी बहुत सारी बातें कही गई हैं । मैंने अपने स्टेटमेंट में भी बताया है कि पांच प्रोफेशनल इंडिपेंडेंट स्टडीज में, किस प्रकार से कितने केसेज और कितनी मौतें उसके कारण प्रिवेंट हुईं, उसके बारे में अलग-अलग स्टडीज में अलग-अलग बात की गई है । वह समय कितना भयानक था, अगर हम उसे स्मरण करने की कोशिश करें, उन विषम परिस्थितियों में हमारी सरकार ढाई हजार से ज्यादा लोगों को वुहान, इटली, ईरान, मलेशिया एवं अन्य स्थानों से यहां पर लेकर आई । हमारे लोगों को लाने के लिए लैब की टेस्टिंग की फेसिलिटी ईरान में नहीं थी, तो यहां से लैब तक हम लोगों ने ईरान के अंदर शिफ्ट की । बाद की परिस्थिति में आपने देखा कि 12 लाख से ज्यादा भारतीय, जो सारी दुनिया में स्ट्रैंडेड थे, उनको 'वन्दे भारत' के माध्यम से भारत में लेकर आया गया ।

अभी कई लोगों ने देश के अंदर स्टिग्मा की बात की, हमारे साथी डॉक्टर श्रीकांत ने अंत में यह बात की । जब हमारे डॉक्टरों और दूसरे लोगों के ऊपर एक स्टिग्मा लग गया था, लोगों को लगता था कि वे बीमारी लेकर आ रहे हैं । उनको कॉलोनियों में नहीं घुसने दिया जा रहा था, उनको फ्लैट में नहीं घुसने दिया जा रहा था और वे अपने ही घरों के अंदर, दूसरे स्थानों पर जाकर तकलीफ पा रहे थे । उस समय यह सरकार का विजडम था - इस पर कल चर्चा भी होगी – कि एपिडेमिक डिजीजेज (अमेंडमेंट) ऑर्डिनेंस लेकर आई । इसके आधार पर यह तय किया गया कि अगर उनके साथ कोई भी बदतमीजी करेगा, बदसलूकी करेगा, उनके साथ मार-पीट करेगा, क्योंकि पहले उनको चेज किया गया और बहुत तरह के अन्याय हुए, उसके खिलाफ काग्निजबल और नॉन-बेलेबल कानून बनाया गया । यह भी सरकार का विजडम था कि सारे देश में कहीं कोई भी हेल्थ वर्कर, आशा वर्कर तक को भी अगर कोरोना के लिए काम करते हुए किसी प्रकार से उसके प्राण जाते हैं तो भारत सरकार ने उसके

लिए 50 लाख रुपये के इंश्योरेंस की व्यवस्था की है । 22 लाख से ज्यादा लोगों के लिए यह व्यवस्था है ।

बहुत सारे लोगों ने यहां हमारे मजदूर भाइयों के बारे में बात की है । मजदूर भाइयों को जो तकलीफ हुई है, उसके बारे में हरेके के मन में एक संवेदनशीलता का भाव है, उसमें कोई डिफ्रेंस ऑफ ओपिनियन नहीं हो सकता है । गृह मंत्रालय ने उन विषम परिस्थितियों में सारी एसेंसिशल सर्विसेज को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने के लिए किस प्रकार के व्यापक अरेंजमेंट्स किए । जब विषम परिस्थिति हो गई थी, लोग डेस्परेट हो गए थे, तब मत भूलिए कि इस सरकार के प्रयासों से ही 64 लाख मजदूर भाई-बहन श्रमिक एक्सप्रेस एवं दूसरी ट्रेन्स और बसों के माध्यम से अपने-अपने गन्तव्य स्थानों तक पहुंचे थे ।

अभी यहां पर वेंटिलेटर्स इत्यादि के बारे में बात की गई, मैं बताना चाहता हूं कि पीएमकेयर्स फण्ड ने हमारे मंत्रालय को 893.93 करोड़ रुपये 50 हजार 'मेक इन इंडिया' वेंटिलेटर्स के लिए दिए । नेशनल डिजास्टर रिलीफ फण्ड के माध्यम से सारे देश की सरकारों को 11 हजार करोड़ रुपये देने की व्यवस्था की गई कि वे अपने स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट फण्ड को इस काम के लिए यूज कर सकते हैं । हमने अपने नेशनल हेल्थ मिशन में सारे फण्ड्स को किस प्रकार से वे रिएप्रोप्रिएट करके यूज कर सकते हैं, इसके अलावा तुरंत ही 4200 करोड़ सारे देश में सरकारों को बांटा गया । आज जो प्रधान मंत्री जी की बड़ी-बड़ी कल्याण योजनाएं हैं, उनकी बहुत लम्बी-चौड़ी लिस्ट है ।

कितने करोड़ों लोगों को उससे लाभ हुआ, उसकी चर्चा करना समय की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए शायद संभव न हो । भविष्य में भी बड़े पैमाने पर कोई भी पैनडेमिक आए तो उसे कैसे सरकार हैंडल कर सकती है, इसके लिए प्रधान मंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत की योजना के तहत 65 हजार करोड़ रुपये के पैकेज के ऊपर आलरेडी काम शुरू हो गया है और विस्तार से सारे देश में ब्लॉक लेवल तक किस प्रकार से इनफेक्शियस डिसीसेज अस्पताल और लैबोरेट्रीज को ज्यादा विकसित

करने का काम शुरू हो गया है । आप देख सकते हैं कि किन परिस्थितियों से हमने पीपीई सूट की शुरूआत की थी । चारों तरफ उसके बारे में चर्चा होती थी, शायद आप लोग भी फरवरी में उसकी बातचीत करते थे । डेढ़ करोड़ पीपीईज और साढ़े तीन करोड़ एन-90 मास्क, तीस हजार वेंटिलेटर्स और इसी प्रकार से एक लाख आक्सीजन सिलेंडर्स राज्यों की सरकारों को पर्याप्त मात्रा में सप्लाई कर चुके हैं । अधिकांश स्थानों पर सैचुरेशन प्वाइंट आया और राज्य सरकारें मना करती थीं कि हमारे पास इन सामानों को रखने की जगह नहीं है, इसलिए आप कुछ समय बाद हमें दीजिएगा ।

आप जानते हैं कि यदि लॉकडाउन पीरियड का इस्तेमाल सही ने नहीं किया गया होता और राज्यों की सरकारों को ठीक प्रकार से सपोर्ट न किया गया होता तथा उनकी ठीक से मोनिटरिंग न की गई होती, तो शायद आज स्थिति कुछ और होती । देश में जो डेडिकेटेड कोविड की फैसीलिटीज बनाई गई, जिसमें 18 लाख से ज्यादा (सभी प्रकार के) बैड्स हैं, देश में 13 हजार क्वारंटीन सैंटर्स बनाए गए हैं, जिनमें छः लाख से ज्यादा बैड्स हैं और हम जो बात बार-बार करते हैं कि हमारी एक लैब एनआईबी, पुणे में थी, जहां इसकी जांच हो सकती थी । आज जब मैं सितम्बर में बात कर रहा हूं, तो 1773 लैब्स हैं । ये 1773 लैब्स ऐसे ही नहीं बनी हैं, बल्कि उन विषम परिस्थितियों के अंदर किस प्रकार से चार सैंट्रल, 16 रीजनल डिपोज क्रिएट किए गए । आज देश में तीन किलोमीटर के डिस्टेंस पर एक लैबोरेट्री लोगों के लिए उपलब्ध हैं । उसके लिए कितने प्रकार के मैटीरियल्स को जगह-जगह पहुंचाना था । उन विषम परिस्थितियों में सरकार ने ऐसा करने का काम किया और उसी का परिणाम है कि आज 6.37 करोड़ टैस्ट देश में हो चुके हैं । शायद दुनिया में सबसे ज्यादा टैस्ट हो रहे हैं । कल भी हमने 12 लाख टैस्ट किए हैं । आप याद कीजिए वह दिन, हर टेलीविजन चैनल पर बोलते थे – टैस्ट, टैस्ट, टैस्ट । हमने जो टार्गेट्स तय किए, उन्हें समय से बहुत पहले पूरा करके आज 12 लाख टैस्ट एक दिन में किए । आप वह समय भी याद कीजिए, जब हम किट्स को इम्पोर्ट करते थे और वह बहुत महंगी होती थीं । वे किट्स चाइना से आती थीं या किसी दूसरे देश से आती थीं । आज दस

लाख से ज्यादा किट्स हम रोज बनाते हैं और 860 किट्स को हमने इवेल्यूएट किया है तथा 442 किट्स को रिक्मेंड किया है और इनमें से  308 इंडिजनस किट्स हैं, यानी इस स्तर पर देश के अंदर काम हुआ  है ।

मैं कुछ बातें वैक्सीन के बारे में भी बताना चाहता हूं । यद्यपि दुनिया में 145 वैक्सीन कैंडिडेट्स हैं, जो कि प्रीक्लीनिकल इवेल्यूएशन में हैं और लगभग 35 ऐसे हैं, जो क्लीनिकल ट्रायल्स में हैं । भारत में हमने 30 कैंडिडेट वैक्सीन्स को पूरा सपोर्ट दिया है, उसके बारे में एक माननीय सदस्य ने कहा कि हमें और ज्यादा सपोर्ट करनी चाहिए और उसमें से तीन केंडिडेट्स हमारे फेज-1, फेज-2 और फेज-3 के एडवांस ट्रायल्स के अंदर हैं और लगभग चार से ज्यादा प्रीक्लीनिकल डेवलपमेंट, प्रीक्लीनिकल ट्रायल्स होते हैं, उसके एडवांस स्टेजेज के अंदर आलरेडी पहुंच गए हैं ।

इसके साथ-साथ लोगों ने आने वाले समय के लिए भी बताया है, उसके लिए भी तैयार हैं । प्रधान मंत्री जी ने एक National Expert Group on Vaccine Administration बनाया है । जिसका चेयरमैनशिप मैम्बर नीति आयोग कर रहे हैं, जो हेल्थ के मैम्बर हैं । जैसे-जैसे भविष्य में वैक्सीन बनती है, उसकी उपलब्धता कैसे करानी है, वह सबसे पहले किन लोगों के लिए आवश्यक है, उसके लिए भी डिटेल्ड स्ट्रैटजी ऑलरेडी वर्कआउट कर ली गई है । ऐसा नहीं है कि हम केवल ट्रीटमेंट कर रहे हैं, टेस्ट कर रहे हैं, लोगों को अस्पतालों में भेज रहे हैं, हमारे वैज्ञानिक वायरस पर रिसर्च का भी काम कर रहे हैं । आज जैसा कि मैंने अपने स्टेटमेंट में भी लिखा था कि हम दो हजार से ज्यादा वायरसेज का जिनोम सिक्वेंसिंग कर चुके हैं । एक प्रकार से वायरस की बहुत डिटेल्ड स्टडी हो रही   है । चालीस हजार वायरसेज के सैम्पल्स की, हम लोग ने 15, 10 आईसीएमआर और पांच बायोटेक्नोलॉजी की रिपॉजिट्रीज बनाई है । हम लोगों ने वह उसके अंदर रख दिया है । देश में अनेक प्रकार के चाहे वे इंडस्ट्रीज हों, एकैडेमिया हो, यंग रिसचर्स हों, या स्टार्टअप्स वाले हों, उनके लिए वे रिसर्च करने के लिए और आगे बहुत सारी चीजों के डेवलपमेंट के लिए उपलब्ध हैं ।

इसके साथ-साथ साइंस के अंदर जितनी भी बेसिक साइंटिफिक स्टडीज हो सकती हैं, behaviour transmission, effects of virus, mathematical modelling, academia R &D labs, industries, start-ups, DBT, DST, CSIR, ICMR सभी मिल कर हॉलिस्टिक तरीके से सारे एकैडेमिया के साथ मिल कर काम कर रहे हैं और इतने प्रकार के प्रोडक्ट्स हो सकते हैं । वेंटिलेटर्स के ऊपर काम हो रहा है, diagnostic kits पर काम हो रहा है, वैक्सीन्स पर काम हो रहा है, therapeutics पर काम हो रहा है, disinfectants पर काम हो रहा है, PPEs, मास्क, मोबाइल टेस्टिंग बुथ, anti-viral coating पर काम हो रहे हैं । बहुत सारी चीजों पर लगातार काम हो रहे हैं । इसी के साथ-साथ composite mapping of our entire start-up ecosystem, इन सारी चीजों पर काम हो रहा है । हम ने 110 टेक्नोलॉजी के स्टार्टअप्स को इस दौरान इसी कोविड के काम के लिए सपोर्ट किया है, 20 इंडस्ट्रीज को सपोर्ट किया है । 150 प्रोजैक्ट्स in all areas of virus behaviour और बहुत सारी चीजें जो artificial intelligence से जुड़ी हैं, उनके साथ भी मिल कर काम कर रहे हैं । विज्ञान के माध्यम से हमारे वैज्ञानिक कोविड के खिलाफ जंग को कैसे सफल बना सकते हैं, इसके ऊपर काम कर रहे हैं ।

अंत में, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ थ्रू-आउट, चाहे वह कंट्री लेवल हो, रीजनल लेवल हो या ग्लोबल लेवल हो, हमारी सरकार का पूरा कॉर्डिनेशन है । वहां पर भी हमारे टेक्निकल एक्सपर्ट्स सबके साथ मिल कर अपनी रणनीति बनाते हैं । सब प्रकार की एडवाइजरीज, सब प्रकार की गाइडलाइंस पर्याप्त मात्रा में हर विषय के ऊपर देश की सारी सरकारों को दी गई है । इसी तरह से पिछले समय जी-20 नेशंस, ब्रिक्स नेशंस में हमारी सरकार ने एक मेजर रोल प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में, अपनी पॉलिसीज को शेप-अप करने में प्रस्तुत किया है । खासकर जो शार्क नेशंस हैं, उनको बहुत सिगनिफिकैंट किस्म की सपोर्ट दी है ।

अध्यक्ष जी ने कहा है कि संक्षेप में बात करनी है । मैंने आपको कुछ चीजें स्मरण कराई है । यह ऐसा विषय है कि आप इस पर बात करने के लिए तीन घंटा लगाए, तो मैं भी तीन घंटे तक यहां बात कर सकता हूं । मैंने बहुत सारी बातें आपको स्टेटमेंट के माध्यम से फरवरी और मार्च में और अभी जो स्टेटमेंट दिया है, उसमें शेयर की है । आज कोविड का वायरस ज्यादा तेजी से हमारे समाज को प्रभावित कर रहा है । अभी मेरी आप सभी से एक ही अपील है कि कोविड के खिलाफ जंग में सफलता पाने के लिए सबसे ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है । यह आपने भी देखा है कि हमारे बीच भी बहुत सारे लोग प्रभावित हो गए हैं । उसका कारण एक प्रकार से इरिस्पाँसिबल बिहैबियर यानी जो कोविड के लिए बिहैबियर होना चाहिए, कोविड वाले बिहैबियर में बहुत बड़ी बातें नहीं कही गई हैं । मास्क से नाक-मुंह को ढ़क कर रखना है । अपने नाक-मुंह पर उंगली नहीं लेकर जानी है, अपने हाथों को चेहरे पर लेकर नहीं जाना है । हाथों की हाइजीन और रेस्परेट्री एटिकेट्स, जिसके बारे में बहुत खूबसूरती से प्रधान मंत्री जी ने कहा है – दो गज की दूरी ।

लेकिन जब से अनलॉक हुआ है, तो देश ने समझ लिया है कि शायद अब सब कुछ ठीक हो रहा है । लोग रिलैक्स हो गए हैं । हम लोग पब्लिक रेप्रजेंटेटिव के रूप में जिस भी जूरिस्डिक्शन में काम करते हैं, अगर हम वहाँ पर एक अच्छी क्वालिटी का नेतृत्व प्रदान करें, इसका आन्दोलन विकसित करने के लिए बड़े पैमाने पर काम करें, ताकि समाज में जहाँ भी आपको दिखाई दे कि लोगों का विहेवियर, जो कोविड के लिए आवश्यक है, जैसा कि हम लोग बार-बार कहते हैं कि जब तक वैक्सीन नहीं है, तो यही विहेवियर हमारी सबसे बड़ी सोशल वैक्सीन है ।

मैं आप सभी से यह अपील करना चाहूँगा, मैं प्रधानमंत्री जी की ओर से भी अपील करना चाहूँगा और मैं चाहूँगा कि स्पीकर महोदय भी सबसे अपील करें कि हम हमारे क्षेत्र में फील्ड में जाकर देखें कि कहाँ कोविड के अनुकूल विहेवियर नहीं है, कहाँ कमी है । अगर हमने इस कमी को दूर कर दिया, तो मैं आपको विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि कोविड के ऊपर विजय प्राप्त करने में कोई

लम्बी यात्रा नहीं है । कोविड का ट्रांसमिशन एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में होता है । कोविड हवा में जीवित नहीं रह सकता है । वह जब किसी के शरीर में प्रवेश करता है, तो वह सात-आठ दिनों के बाद डेड होता है । उसके पहले अगर वह दूसरी जगह चला जाएगा, तो उसकी सायकिल मेनटेन रहती है । लेकिन उसकी सायकिल, उसके ट्रांसमिशन को ब्रेक करने के लिए यही प्रि-कॉशंस हैं । मुझे पूरा विश्वास है कि आप सब इन प्रि-कॉशंस के ऊपर गम्भीरता से ध्यान देंगे ।

मेरे मन की बहुत-सी भावनाओं को डॉ. निशिकांत दुबे ने व्यक्त की । जब तक मैं लोक सभा और राज्य सभा की डिबेट में नहीं आया था, तो पिछले आठ महीने में मुझे एक क्षण के लिए भी ऐसा नहीं लगा कि यह सारा देश मिलकर कोविड के खिलाफ लड़ाई नहीं लड़ रहा है । जब यहाँ पर आकर दोनों सदनों में मैंने डिबेट्स सुनीं, तो मुझे पहली बार अहसास हुआ कि शायद कहीं कुछ कमी है । इसलिए डॉ. निशिकांत दुबे ने भी मेरी भावना को बहुत अच्छी तरह से व्यक्त किया है । मैं हृदय से आप सब के स्वास्थ्य की कामना करता हूँ और आपके क्षेत्र में हम सब लोग मिलकर काम करें, इसी कामना के साथ मैं माननीय अध्यक्ष महोदय और सभी स्पीकर्स का, जिन्होंने आज इस डिबेट में कांट्रिब्यूट किया, उनका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ ।

**माननीय अध्यक्ष:** धन्यवाद माननीय मंत्री जी । आपने संक्षिप्त और सारगर्भित तरीके से अपनी बात की, इसके लिए आपको धन्यवाद ।

**श्री अधीर रंजन चौधरी:** यह भी आपकी कला है ।

___

**21.33 hrs**

## NATIONAL FORENSIC SCIENCES UNIVERSITY BILL, 2020

**माननीय अध्यक्ष:** आइटम नम्बर 17, राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय विधेयक, 2020.

मैं माननीय मंत्री जी से कहूँगा कि आप इस पर थोड़ा-सा ब्रिफ कर दें ।

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI G. KISHAN REDDY):** Hon. Speaker, Sir, with your permission, on behalf of hon. Home Minister, Shri Amit Shah ji, I rise to move* :

> "That the Bill to establish and declare an institution to be known as the National Forensic Sciences University as an institution of national importance to facilitate and promote studies and research and to achieve excellence in the field of forensic science in conjunction with applied behavioural science studies, law, criminology and other allied areas and technology and other related fields, and to provide for matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration."

**माननीय अध्यक्ष:** आपने राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय विधेयक के बारे में बता दिया?

**श्री जी. किशन रेड्डी:** जी हाँ ।

**माननीय अध्यक्ष:** कोई माननीय सदस्य, इस विषय पर क्वेरी करना चाहते हैं?

कोई नहीं करना चाहते ।

---

* Moved with the recommendation of the President.

***SHRI NAMA NAGESWARA RAO (KHAMMAM):** I would like to express my views on the Bill. Whereas the Bill seems to be well intended, some of the areas either not so clear, or missing. Policing in India is a State subject which means there are large variations across the States. This includes forensic science facilities as well.

In a large number of cases the results of forensic science aspects are to be explained jointly with the observations relating to forensic medicine as in case of poisoning, firearm wounds, suicides etc. Hence, it is important that studies in Forensic medicines are also given due emphasis. A burning case in point is the case of alleged suicide by a Bollywood film actor being investigated and discussed in media.

Further, the regional aspects are also to be given due consideration. Every region or State has its own issues and problems, be it economic, social and cultural or such other factors or a combination of factors. Therefore, specific studies are important and may be promoted even by the institutes of national importance.

There are other institutions of State and Centre that are also engaged in similar works. These institutions, academic research centres, laboratories and other field units also need to be developed and integrated with these central and State universities. This will create synergy among them, make the outcome

---

* Speech was laid on the Table.

qualitative and more purposeful. Such an arrangement will also make our effort more efficient and avoid duplication as well as highlight areas of focus.

It is suggested to create a knowledge-pool of the achievements of all such institutions, regional, Central or belonging to States. Such a sharing platform will benefit all these organisations and keep them updated.

To derive full benefit of the services of these institutions, facilities for early dissemination of knowledge is needed. This will also benefit in identifying the areas if studies to be given more focus or new areas to be studied.

The State of Telangana has opened three regional Forensic Science Laboratories. This has not only made collection of evidence from the scene of crimes faster but also saved evidences from destruction due to time gap. Further, the early expert opinion has resulted in faster completion of investigation of cases.

Under the able and dynamic leadership of our CM of Telangana, Shri KCR garu, the State police has brought various reforms in the Department for providing better policing for the sake of people. The State police are implementing a number of Information Technology (IT) initiative that helped police in detection and prevention of crimes in the State.

Vacancies have been filled up and the police have come up with several initiatives to engage with communities. People are now bringing issues to the notice of the police and throw up various facts, social media etc and their grievances are being addressed. They are delivering round the clock revises for

crime prevention, women safety and all other aspects. There have been no extremists and Maoist activities since the formation of the State.

The State Government has made a provision for a sum of Rs. 5852 crore for police Department in the financial year 2020-21. Telangana received special incentive funds of Rs. 7.69 crore under modernisation scheme of the Centre due to efficient implementation of police reforms in the State.

These achievements show that modernisation of Police Force of the State is important and the most important factor to strengthen the internal security. Hence, the Centre should allocate more and more funds under this scheme and continue the scheme as modernisation is an ongoing process. Also, the allocation under the scheme be made on the basis of need of the State than the population base so that the State police is able to achieve its modernisation targets early and people are benefited.

The most important aspect is how to take the benefits to the ground. Modalities may be developed to lay a mechanism for sharing of benefits by stakeholders as early as possible. Hon. Police Commission reports that even judicial guidelines could hardly be implemented due to various factors as stated above. Hence, it is important that the State police is strengthened and modernised.

Our society is fast changing and so are the needs and aspirations of people. Rapid advancement of technology is making the changes even faster.

Hence the needs, modes and ways of policing are to be dynamic. In this background, such academic institutions are to be dynamic in their approach with respect to academics and research. Only then they can meet the needs of the society and keep pace with the change. Hence keeping the management able for change is of utmost importance. Otherwise, studies and efforts may become irrelevant.

Thank you.

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न यह है:

> "कि राष्ट्रीय विधि विज्ञान विश्वविद्यालय के नाम से ज्ञात एक संस्था को अध्ययन और अनुसंधान को सुकर बनाने और उसका संवर्धन करने तथा अनुप्रयुक्त व्यवहार विज्ञान अध्ययन, विधि, अपराध विज्ञान तथा अन्य आनुषंगिक क्षेत्रों में और प्रौद्योगिकी तथा अन्य संबंधित क्षेत्रों में राष्ट्रीय महत्ता की संस्था स्थापित और घोषित करने तथा उससे उपाबद्ध या आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए ।"

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।*

**माननीय अध्यक्ष:** अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी ।

**खंड 2 राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय महत्ता की संस्था घोषित किया जाना**

***SHRI UNMESH BHAIYYASAHEB PATIL (JALGAON) :** Hon'ble Speaker Sir, thank you. The issue of Maratha reservation has become a hot and sensitive issue in Maharashtra. The then BJP Government led by Devendra Fadnavis ji had given safe and secured reservation to the Maratha community after their protest for it. But, unfortunately Supreme Court has given stay in this matter. Hon'ble Sir, due to this Supreme Court decision, Maratha youths and students are very disappointed and highly agitated. Hence, through you Sir, I would like to request the Union Government to instruct the State Government to take immediate steps to find a solution for it through the legal route.

Thank you.

**माननीय अध्यक्ष:** श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे और डॉ. सुजय विखे पाटील को श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**डॉ. जयसिद्धेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी (शोलापुर) :** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे लोक महत्व के विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया, इसलिए, मैं आपका हृदयपूर्वक अभिनन्दन करता हूं । भव्य भारत देश के सम्माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदृष्टि और विशाल दृष्टि के कारण शोलापुर स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित हो रहा है । मेरा संसदीय क्षेत्र शोलापुर आध्यात्मिक क्षेत्र के साथ-साथ टेक्सटाइल, गारमेंट तथा यूनिफार्म हब के रूप में जाना जाता है ।

इन इंडस्ट्रीज में उत्पादित उत्पादन की मांग केवल हमारे देश में ही नहीं अपितु विदेशों में भी है, परन्तु दुर्भाग्यपूर्ण कोविड की इस आपदा के कारण टेक्सटाइल तथा गारमेंट इंडस्ट्री आर्थिक संकट से

---

* English translation of the speech originally delivered in Marathi.

जूझ रही है । इस इंडस्ट्री को भारत की ओर से विशेष आर्थिक पैकेज की अत्यन्त आवश्यकता है । आज की हालत के अनुसार इंडस्ट्री के उद्योजक बैंक से लिए गए कर्ज का हफ्ता भरने की स्थिति में नहीं है । इस इंडस्ट्री से लाखों परिवारों का जीवन जुड़ा हुआ है । मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि उद्योजकों के बिजली का बिल एवं कर्ज राशि पर बैंक द्वारा लगाई गई ब्याज राशि को अप्रैल, 2020 से माफ किया जाए । यदि सरकार इन उद्योजकों को आर्थिक मदद करेगी तो सोलापुर टेक्टाइल तथा गारमेंट उद्योग फिर से सक्षम हो सकता है ।

***SHRI GIRISH BHALCHANDRA BAPAT (PUNE) :** In my city Pune, the ill effects of this Corona pandemic are growing day by day. Around 1500 to 2000 people are getting infected on daily basis. The mortality rate is around 70 to 80%. By considering the total population of Pune city, district and Pimpri-chinchwad, the people are very much scared due to growing number of patients. The State Government, Municipal Corporation are fulfilling their own responsibilities and I do not want to blame anybody.

Today, Pune is at number one position in Maharashtra. But, we really do not want to top this list of Corona patients as we have already topped in the sectors of IT, education and industry. The State Government has appointed 20 IAS officers in Corona management team. But, no concrete work has been done as they lack co-ordination. No sufficient number of ventilators, oxygen cylinders, beds and ambulances are available and that is why I would like to request the Union Government to set up a task force to take care of Corona patients and to save the residents of Pune.

Thank you.

---

* English translation of the speech originally delivered in Marathi.

**माननीय अध्यक्ष :** श्री सी.पी. जोशी को श्री गिरीश भालचन्द्र बापट द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**श्री सय्यद ईमत्याज जलील (औरंगाबाद):** अध्यक्ष महोदय, क्या वजह है कि हम लोग हजारों-करोड़ों रुपये सड़क के कामों के ऊपर खर्च करते हैं, लेकिन महज एक बारिश या दो बारिश में ही सड़कें पूरी तरह से खराब हो जाती हैं । प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के ऊपर न जाने कितने ही 100 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं और उसका बंधनकारक होता है कि जहां पर भी सड़क बनाई जाती है, वहां पर बोर्ड लगाया जाता है कि यह सड़क प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से बनाई गई है । मैंने प्रधान मंत्री जी को, नितिन गडकरी जी को और नरेन्द्र सिंह तोमर जी को तस्वीरों के साथ सबूत दिया है कि सड़क तीन साल पहले बनी है और वहां पर सिर्फ एक बोर्ड लगा हुआ है । मैं सरकार के जरिए यह अनुरोध करना चाहूंगा कि यह समस्या सिर्फ मेरे चुनावी क्षेत्र औरंगाबाद की ही नहीं है, बल्कि इसे पूरे मराठवाड़ा या पूरे देश की समस्या कह सकते हैं । हम जब तक ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेंगे और ठेकेदार ही नहीं बल्कि इसके साथ जो इंजीनियर होता है, जो इसका जिम्मेदार होता है और जो क्वॉलिटी कंट्रोल चैक करता है, उनके ऊपर जब तक एफआईआर रजिस्टर नहीं करेंगे तब तक देश की सड़कें नहीं सुधरेंगी । हम गडकरी साहब का तहे दिल से शुक्रिया करते हैं । वे इस मामले में बहुत संजिदा है । लेकिन जब एक बारिश में पूरी सड़क बह जाती है तो कहीं न कहीं लगता है कि वहां पर कोई गलत काम होता है । आपको मालूम होगा कि हर व्यक्ति का कहीं न कहीं लेनदेन होता है, इस वजह से किसी को किसी का डर नहीं है । अगर उन्हें डर दिखाना है तो हम समझते हैं कि ऐसा कानून लाया जाए, जिससे ठेकेदार के ऊपर एफआईआर हो और अधिकारी के ऊपर भी एफआईआर हो तभी जाकर हमें अच्छी सड़कें मिल पाएंगी

**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले (बारामती):** सर, मैं आपकी आभारी हूं । आपने मुझे **शून्य** काल में बोलने की अनुमति दी है ।

* There is a growing unrest among the Maratha youths in Maharashtra. There had been a long pending demand for Maratha reservation and all the political parties came together to support their demand. That demand was fulfilled but now the Supreme Court of India has given an interim stay in this case.

I think, this is very rare and hardly in any case, Supreme Court of India has given stay for reservation in India. The reservation has been challenged in the State of Tamil Nadu too but the court has not given any stay to reservation even in that state.

All the political parties from Maharashtra have requested the Supreme Court of India unitedly to grant reservation to Maratha community with one voice. Hence, I would like to request our Hon'ble Prime Minister to come forward and support their demand. He should guide us what could be done in this matter. We need an immediate solution to this problem as the Maratha youth and students are facing acute problems in the field of education and jobs and we need to take care of this unrest at once.

Thank You. *

---

*....* English translation of this part of the Speech was originally delivered in Marathi.

**माननीय अध्यक्ष:** श्री कुलदीप राय शर्मा को श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**श्री संजय जाधव (परभणी):** धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय । मैं आपके माध्यम से महाराष्ट्र के बेहद संवेदनशील मराठा आरक्षण के विषय पर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । महोदय, माननीय सुप्रीम कोर्ट ने मराठा आरक्षण पर इंटरिम स्टे दिया है, इससे पूरे मराठा समाज में निराशा और क्रोध की भावना है । हमें फंसाया जा रहा है, यह समाज की भावना है । इससे पहले मराठा समाज ने आरक्षण की मांग के लिए पूरे राज्य में शांतिपूर्ण तरीके से मराठा मूक मोर्चा निकाला था । उसके बाद तत्कालीन महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समाज को आरक्षण देने का फैसला लिया । माननीय उच्च न्यायालय ने भी मराठा आरक्षण पर मुहर लगाई थी, किन्तु सुप्रीम कोर्ट ने इस आरक्षण पर इंटरिम स्टे दिया । मराठा समाज हमेशा त्याग और शौर्य के लिए जाना जाता है । किसी का आरक्षण छीनकर हमें आरक्षण नहीं चाहिए, लेकिन आरक्षण को स्टे मिलने के कारण मराठा समाज के लाखों नौजवानों का भविष्य अंधेरे में चला गया है ।

महोदय, इस विषय में माननीय प्रधान मंत्री जी तुरंत हस्तक्षेप करें और मराठा समाज को न्याय दें, यह मेरा आपसे अनुरोध है । धन्यवाद ।

**श्री सुधाकर तुकाराम श्रृंगरे (लातूर):** अध्यक्ष महोदय, वर्ष 2018 में महाराष्ट्र सरकार ने कानून बनाकर मराठा समाज को नौकरियों और शिक्षा में 16 प्रतिशत आरक्षण दे दिया था । 9 सितम्बर, 2020 को देश की सर्वोच्च अदालत ने इस पर रोक लगाते हुए, संबंधित याचिकाओं को बड़ी बेंच को सौंप दिया । उल्लेखनीय यह है कि केन्द्र ने संविधान में संशोधन कर आर्थिक आधार पर 10 फीसदी आरक्षण देकर 50 प्रतिशत की सीमा पार कर ली है । यही नहीं, कई अन्य राज्यों में 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण लागू है । मराठा समुदाय सामाजिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ है । सरकार का यह दायित्व है कि वह इस समुदाय के उत्थान के लिए आवश्यक कदम उठाए । मैं मराठा आरक्षण के संबंध में मराठा क्रान्ति मोर्चा की भावनाओं का सम्मान करता हूं और उन्हें यह आरक्षण मिलना ही चाहिए । उच्चतम न्यायालय के फैसले से पूरे मराठा समुदाय में रोष और असंतोष व्याप्त हो गया है । इस सम्माननीय सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करे और ऐसे कदम उठाए, जिनसे मराठा समुदाय को न्याय मिले तथा उनका सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास सुनिश्चित किया जा सके ।

**श्रीमती गीता कोडा (सिंहभूम):** बहुत-बहुत धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय । बहुत लम्बे इंतजार के बाद आज मुझे बोलने का मौका मिला है ।

अध्यक्ष महोदय, मैं सदन का ध्यान झारखण्ड के एनएच 75 की ओर दिलाना चाहूंगी । यह सड़क बहुत ही महत्वपूर्ण है, जो राजधानी रांची से होते हुए बंद गांव, चक्रधरपुर, चाईबासा, जैंतगढ़ होते हुए ओडिशा को जोड़ती है । आज के समय में इसकी स्थिति इतनी दयनीय है कि यहां से पैदल आना-जाना जान हथेली पर लेकर चलने जैसा है । यह सड़क बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारा वह क्षेत्र माइनिंग इलाका है, वहां से ओडिशा और सरंडा के जंगल से हजारों टन लौह अयस्क सड़क के रास्ते होते हुए जाता है । ऐसी स्थिति में इस सड़क का निर्माण होता अति आवश्यक है । सरकार ने इसे फोरलेन के रूप में टेक-अप कर लिया है, लेकिन वहां अब भी सिर्फ रिपेयरिंग वर्क हो रहा है । वहां

के लोग काफी आक्रोश में हैं और आन्दोलन करने को मजबूर हैं । मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करूंगी कि इस सड़क को अविलम्ब बनाया जाए । धन्यवाद ।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री कुलदीप राय शर्मा को श्रीमती गीता कोडा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**SHRIMATI SANGEETA KUMARI SINGH DEO (BOLANGIR):** Sir, through you, I would like to draw the attention of the hon. Minister of Chemicals and Fertilizers to the immense problems being faced by the farmers of my State Odisha due to non-availability of Urea.

The hon. Minister Shir Dharmendra Pradhan Ji had also drawn the attention of the hon. Minister regarding the shortage of fertilizers in Odisha and in my Constituency, the farmers are purchasing bags of urea from the black market at an inflated cost of Rs. 1,000 instead of Rs. 266 per bag.

I would request the hon. Minister of Chemicals and Fertilizers, through you Sir, to have this matter examined expeditiously in order to ensure adequate supply of fertilisers so that this artificial scarcity being created in the market is stopped at once. Thank you, Sir.

**माननीय अध्यक्ष:** श्री कुलदीप राय शर्मा को श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**KUMARI RAMYA HARIDAS (ALATHUR):** *Aadharniya Adhyaksha Ji,* I would like to point out here an issue related to the receipt of foreign aid from the United Arab Emirates- based Red Crescent for construction of houses under the Life Mission

Housing Project in Kerala. In reply to the Unstarred Question of hon. Member, Shri K. Muraleedharan, the Ministry of Home Affairs has stated that such a proposal from the Kerala State Government was not received by the Ministry. It is a shocking news. Two real estate companies from India have undertaken a housing project estimated at Rs.19 crore under the Life Mission Housing Project in my constituency by offering about … * This is a hot discussion in the Malayalam media. I think the Government of India should conduct an inquiry into this matter.

If the Government of India or the Ministry of Home Affairs has not conducted an inquiry or registered any case relating to this serious issue even yet, then the Government should announce a detailed CBI inquiry to unveil the culprits behind the exploitation of the homeless and helpless flood-affected SC/ST and poor families.

I request you to include violation of code of conduct of the State also in this CBI inquiry. Thank you.

**माननीय अध्यक्ष:** श्री कुलदीप राय शर्मा को कुमारी राम्या हरिदास द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

मैं गुजराती इंटरप्रेटर से आह्वान करूंगा कि वे यहां रहें ।

* Not recorded.

*__SHRIMATI RANJANBEN BHATT (VADODARA):__ Hon’ble Speaker Sir, I thank you very much for giving this opportunity to speak. Sir, Vadodara is the third biggest city of Gujarat State. Sir, through you I request to the Ministry of Home Affairs and Ministry of Civil Aviation to start immigration and hub service in Vadodara city so that the passengers travelling abroad from Vadodara and Central Gujarat can avail this facility. Therefore, through you, I request to the Ministry of Home Affairs and Ministry of Civil Aviation to start immigration service at Vadodara at the earliest. Thank you.

**माननीय अध्यक्ष :** जरदोश जी, आप भी गुजराती में बोलें ।

**श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत):** अध्यक्ष जी, आज के हालात में आपने जो व्यवस्था की है, उसके लिए आपको धन्यवाद ।

महोदय, आपने बहुत अच्छी व्यवस्था की है । बैठे-बैठे बोलने की व्यवस्था शायद इसी सत्र के लिए है । आज कोविड-19 विषय पर चर्चा हुई, तब मैं अपने विषय को जोड़ना चाहती थी । माननीय प्रधान मंत्री और गृह मंत्री जी के मार्गदर्शन में कोरोना के समय के देश भर के श्रमिक अपने-अपने घर में जाना चाहते थे, तब उसके लिए उत्तम व्यवस्था की गई । इस कारण शायद भारत बहुत बड़े संकट से बच गया । इस कार्य हेतु सूरत शहर की ओर से आपको बहुत-बहुत अभिनंदन । आने वाले समय में दीपावली का त्योहार आने वाला है । यदि हम सही से संभाल लें तो उद्योगों को हम पटरी पर लाने में समय से पूर्व सफल हो पाएंगे । कौशल प्राप्त श्रमिकों की व्यवस्था शायद नामुमकिन है । सूरत से सिर्फ रेल के माध्यम से ही 700 से ज्यादा जगहों पर 15 लाख से ज्यादा श्रमिक गए हैं । आज आपके माध्यम द्वारा जो व्यवस्था की गई है, उसके लिए मेरी यही प्रार्थना है कि जो ट्रेन शुरू की गई है, उससे

---

* English translation of the speech originally delivered in Gujarati.

सीधे सूरत जाने की बजाय अन्य जगहों से वहां आने के कारण शायद सूरत के श्रमिकों का खर्च एवं ज्यादा समय लग रहा है । इस स्थिति में सूरत से सीधे ट्रेन के बारे में सोचना चाहिए ।

इस स्थिति में सूरत से ट्रेन की व्यवस्था के बारे में सोचना । ओडिशा, बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड से श्रमिक लाखों की संख्या में आते हैं । मेरी विनती है कि वाराणसी, इलाहाबाद, लखनऊ, पटना, दरभंगा, भुवनेश्वर, रांची, इन जगहों से सूरत के लिए डायरैक्ट ट्रेन चलाई जाए । अभी जो ट्रेन्स चलाई जा रही हैं, उनकी ट्रिप बढ़ाई जाए । इसके लिए मैं आने वाले दिनों में आपका आभारी रहूंगी ।

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री श्यामनारायण उर्फ रवि किशन को श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**श्रीमती संगीता आजाद (लालगंज):** अध्यक्ष जी, मैं अपने संसदीय क्षेत्र आजमगढ़ की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र में एनएच-233 बन रही है, जो अम्बेडकर नगर से होते हुए वाराणसी तक जाती है । इस हाइवे का कार्य काफी वर्षों से चल रहा है और बहुत ही धीमी गति से चल रहा है । हाइवे पर जो मुख्य बाजार है, जैसे मोहम्दपुर बिंद्रा बाजार, लालगंज, देवगांव आदि, जहां बाइपास बने हैं और हाइवे से जो लिंक रोड गांव से जुड़ी हुई हैं, वे बहुत ही जर्जर स्थिति में हैं । सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढे में सड़क यह कह पाना मुश्किल है । क्षेत्रीय जनता उन गड्ढों में धान की रोपाई कर और मछली पालन कर अपना विरोध प्रदर्शन कर चुकी है, परंतु उच्च अधिकारियों के कान पर जूं नहीं रेंगी है । अधिकारी कहते हैं कि यह एनएचएआई का काम है और एनएचएआई कहता है कि यह पीडब्ल्यूडी का काम है । इस झगड़े में क्षेत्रीय जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । इन मार्गों पर एक्सिडेंट का बहुत ज्यादा खतरा बना रहता है ।

अध्यक्ष जी, जैसा कि विदित है कि सांसदों की निधि पर दो साल तक के लिए रोक लगा दी गई है, तो हम जैसे माननीय सांसद जनता को जवाब देने में असमर्थ महसूस कर रहे हैं । मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करती हूं कि इन मार्गों की मरम्मत जल्द से जल्द कराई जाए और साथ में यह

भी अनुरोध करती हूं कि केन्द्र सरकार राज्य सरकार को निर्देशित करे कि माननीय सांसद जो भी कार्य अपने लेटर पैड पर लिख कर देते हैं, उक्त अधिकारी उसकी सुनवाई जल्द से जल्द करे । धन्यवाद ।

**श्रीमती अन्नपूर्णा देवी (कोडरमा):** अध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान झारखंड की ओर ले जाना चाहती हूं । पूर्व मध्य रेल के धनबाद रेल मंडल अंतर्गत हजारीबारी रोड, रेलवे स्टेशन पर मेल व एक्सप्रेस गाड़ियां सभी गाड़ियों का ठहराव लॉकडाउन के पूर्व सामान्य रूप से था । परन्तु वर्तमान में चल रही रेल गाड़ी का ठहराव समाप्त करने की प्रक्रिया की जा रही है, जिसके कारण यात्रियों के साथ-साथ प्रवासी मजदूर जो वापस गए हैं, उनको काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है । इस संबंध में रेल यात्रियों तथा रेल यात्री संघ के द्वारा कुछ गाड़ियों के हजारीबाग रोड, रेलवे स्टेशन पर पूर्व की तरह ही ठहराव जारी रखने की मांग की गई है, जोकि रेल यात्रियों की समस्या को देखते हुए उचित भी है ।

अत: सदन के माध्यम से भारत सरकार से मेरा अनुरोध है कि आम रेल यात्रियों की समस्याओं को दृष्टिगत करते हुए जनहित में हजारीबाग रोड, रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 13307/13308 धनबाद फिरोजपुर एक्सप्रेस एवं पटना रांची जन शताब्दी एक्सप्रेस, नई दिल्ली-पूरी एवं पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का ठहराव पूर्व की तरह ही यथावत रखते हुए, सकारात्मक कदम उठाने का कष्ट करें । मैं आपके माध्यम से सरकार से यह आग्रह करती हूं ।

**श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर):** अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से कहना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र भरतपुर के तहसील रूपबास, बंसी पहाड़पुर में प्रसिद्ध सफेद एवं लाल पत्थर मिलते हैं । विश्व प्रसिद्ध इमारतें, अक्षरधाम मंदिर, संसद भवन एवं और भी कई प्रसिद्ध इमारतों के निर्माण कार्य में यह प्रयुक्त हो चुका है । मेरे जिले के रूपबास क्षेत्र में कई खानें हैं, जहां पर सरकार ने रोक लगा रखी है, जिसके कारण क्षेत्र का विकास रूका हुआ है ।

मैं सदन के माध्यम से अनुरोध करना चाहती हूं कि रूपबास में मिलने वाले सफेद पत्थर के खनन कार्य के सैंड स्टोन की 44 खान पट्टों को ईसी की अनुमति देकर खनन कार्य को चलाने की अनुमति प्रदान करें, जिससे खान के छोटे व्यापारी एवं मजदूरों को रोजगार मिल सके । इस संबंध में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार को अनुरोध कर चुकी हूं । मेरे पूरे लोक सभा क्षेत्र में पत्थर का ही व्यवसाय है । इसकी अनुमति से मेरे क्षेत्र में रोजगार में बढ़ोतरी मिलेगी । यहां से ये पत्थर भारी मात्रा में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए जाना है । धन्यवाद ।

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती रंजीता कोली द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**सुश्री सुनीता दुग्गल (सिरसा):** धन्यवाद अध्यक्ष जी । मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से आग्रह है कि सिरसा जिला शायद पूरे हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा पिछड़ा हुआ है । हम देखते हैं कि फरीदाबाद, गुड़गांव में मेट्रो रेल चल रही है । जबकि हमारे यहाँ ठीक तरह से रेलवे भी नहीं पहुंची है । सिरसा स्टेशन लगभग डेढ सौ साल पुराना है, लेकिन अभी तक यह बहुत ही माली हालत में है । सिरसा से एलनाबाद तक ट्रेन चलाई जाए ।

मैं चाहती हूँ कि अगर रेलवे डिपार्टमेंट वहां पर एक इंटरसिटी ट्रेन शुरू कर दे तो वहां पर लोगों को उसका बहुत फायदा मिलने वाला है । इतना पुराना रेलवे स्टेशन होने के बाद भी अभी तक उसकी देखभाल नहीं हो रही है ।

आपके माध्यम से मैं रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहती हूँ कि वे थोड़ा-सा सिरसा जिले का ध्यान रख लें, जो अभी तक पूरे हिन्दुस्तान में सबसे पिछड़ा इलाका है, किसी ने अभी तक उसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया है ।

आप यह देखें कि वहाँ से पहली बार भारतीय जनता पार्टी की मैं सांसद हूँ । इसलिए मेरी बहुत बड़ी जिम्मेवारी बन जाती है कि वहां पर एक छोटी रेल की व्यवस्था हो जाए । अगर यह आ गई तो समझ लीजिए कि पाँच सालों के बाद वहां पर कमल का फूल खिलने की पूरी-पूरी उम्मीद है ।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री रवि किशन एवं कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती सुनीता दुग्गल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**श्रीमती रमा देवी (शिवहर):** माननीय अध्यक्ष महोदय, पर्यावरण से लेकर मानव जीवन पर प्लास्टिक का बुरा प्रभाव सामने आ रहा है, फिर भी प्लास्टिक का उपयोग एवं उत्पादन दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है । आज दैनिक जीवन के लगभग हर क्षेत्र में हम प्लास्टिक को मौजूद पाते हैं । पहले से भी यह अनुमान लगाया गया था कि प्लास्टिक प्रसंस्करण उद्योग वर्ष 2020 तक 13.4 मीट्रिक टन से बढ़कर 22 मीट्रिक टन होने की संभावना है ।

कोरोना रूपी वैश्विक महामारी के इस दौर में प्लास्टिक इस्तेमाल करने पर हमारी निर्भरता और ज्यादा बढ़ गई है । कोरोना वायरस से बचाव के लिए बनने वाले मास्क, गलव्स, पीपीई किट्स, सैनिटाइजर की बोतल आदि में प्लास्टिक का उपयोग होता है । इनके इस्तेमाल में बेतहाशा वृद्धि हुई है । डब्ल्यूएचओ का अनुमान है कि हर महीने दुनिया में 89 मिलियन प्लास्टिक मेडिकल मास्क, 76 मिलियन प्लास्टिक एग्जामिनेशन मास्क, 1.6 मिलियन प्लास्टिक प्रोटेक्टिव चश्मे की आवश्यकता होती है । परन्तु, इन वस्तुओं के इस्तेमाल के बाद कचरे के रूप में इनका प्रबंध कैसे किया जाए, इसका उपाय नहीं हुआ है । जब विश्व की आबादी प्रतिदिन सिर्फ एक मास्क या गलव्स का उपयोग करती है, तो महामारी खत्म होने के बाद दुनिया में 129 बिलियन फेस मास्क और 65 बिलियन दस्ताने की बर्बादी हो सकती है । मास्क और गलव्स, पीपीई, किट्स का उपयोग करने के बाद सीधे कचरे में डाल देने से जहाँ एक तरफ वायरस के विस्तार का खतरा हो सकता है, वहीं दूसरी तरफ प्लास्टिक से निर्मित इन वस्तुओं के रीसाइक्लिंग की उचित व्यवस्था न होने से यह पर्यावरण के लिए

घातक साबित हो रहा है क्योंकि हम सभी जानते हैं कि प्लास्टिक किसी अन्य तत्व या जैविक चीजों की तरह पर्यावरण में नहीं घुलता है, बल्कि इसे अपघटित होने में सैंकड़ों साल लग जाते हैं ।

अत: सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त तथ्यों पर विचार करते हुए आवश्यक उपाय किए जाएं, जिससे वायरस की रोकथाम के बाद पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सके ।

**माननीय अध्यक्ष:** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती रमा देवी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

*__SHRI PRABHUBHAI NAGARBHAI VASAVA (BARDOLI):__ Hon'ble Speaker Sir, I thank you for giving me this opportunity to speak during zero hour. Today I want to speak about compensation given for land acquisition. Process of land acquisition is going on in South Gujarat for Delhi - Mumbai Express Way project and Ahmedabad - Mumbai Bullet Train project. These projects pass through Mandvi, Mangrod, Kamrej, Bardoli, Palsana and Choryasi talukas of Surat district in my constituency Bardoli. The farmers are ready to give their lands for these important projects which are very vital for economic development of the country. But the farmers are getting very less compensation for their lands. As per Land Acquisition Act 2013, four times amount of the market value of the land should be given to the farmers and 50% amount should be given for their rehabilitation. Despite these provisions, farmers are getting very low compensation. As per the present *Jantri* (rates fixed by government) the farmers are getting just 10 to 12 lacs for their lands whereas the actual market value of the same land is 50 to 60 lacs. Therefore it is apparent that the farmers are getting very less compensation for their lands.

Hon'ble Speaker sir, through you I request to the Government and concerned department to pay fair and just compensation to the farmers as per the market value. Thank you.

---

* English translation of the speech originally delivered in Gujarati.

**माननीय अध्यक्ष:** श्री रवि किशन को श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**23.00 hrs**

[*] **SHRI RAMESHBHAI L. DHADUK (PORBANDAR):** Hon. Speaker Sir, I thank you for giving me this opportunity to speak. A large area of my parliamentary constituency Porbandar in Gujarat is known as “Ghed Region” which has a shape like saucer. Water of most of the rivers of Saurastra like Ojat, Bhadar, Venu, Moj, Mesar, Sabli, Madhuvati and Vartur pass from this region and merge with ocean. But, as per topography our region has a shape like saucer, the water remains in this area for longer time due to its shape before merging with ocean. The area becomes an island in rainy season as water does not recede quickly. It causes extreme loss to agricultural lands and farmers have to suffer loss. Therefore, through you I would like to submit that the work of widening, deepening and fencing of the rivers is required. The Government has to pay compensation to farmers every year for their loss. In order to save this money for government and to stop the crops from being damaged or destroyed, fencing would be very helpful for both farmers and Government. Moreover, it will help to address the problems of farmers. It will also stop water from entering into villages. This work of fencing would cost huge amount and therefore, I request the Central Government to announce a package for this work and to do needful for the work of widening, deepening and fencing of the rivers.

---

[*] English translation of the speech originally delivered in Gujarati.

**SHRI BELLANA CHANDRA SEKHAR (VIZIANAGARAM):** Hon. Speaker, Sir, thank you very much for giving me this opportunity to bring to this august House about the importance of setting up National Cultural Academy in Vizianagaram in my parliamentary constituency.

The Vizianagaram District was part of ancient Kalinga. Its history was bounded by Eastern Ganga ruled northern part of Andhra during medieval times. Historically, Vizianagaram is a known place to cultivate culture and arts. Vizianagarm became a place of learning for many famous personalities in the field of art and culture like Shrimati P. Suseela, renowned male singer Shri Gantasala Venkateswararao, Shri Adibatla Narayana Das, Pitamaha of Harikathas, and Shri Dwaram Venkateswara Rao, renowned violinist.

During the $18^{th}$ Century, Vizianagaram became a stage for the world famous play 'Kanya Sulkam' whose author was Shri Gurajada Apparao. Though Vizianagaram is not his birth place, he spent his life in Vizianagaram. I am happy to inform to this House that tomorrow, i.e. $21^{st}$ September, 2020 is his birthday.

Hence, I request the Government of India, through you, to sanction a National Cultural University in Vizianagaram District in Andhra Pradesh to improve further the field of art and culture. Thank you.

**माननीय अध्यक्ष:** श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री बेल्लाना चन्द्रशेखर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री अबु हसन खान चौधरी – उपस्थित नहीं।

**श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज):** अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद।

महोदय, महाराजगंज में भगवान गौतम बुद्ध से संबंधित तीन महत्वपूर्ण बौद्ध स्थल हैं। उनकी ननिहाल देवदह, समाधि स्थल रामग्राम तथा धातु चैत्य तथा गृह त्याग के पश्चात राजसी वस्त्राभूषण त्यागने का स्थान – कुंवरवर्ती स्तूप का स्थल महाराजगंज में है। ये स्थान क्रमश: बनरसिया, कन्हैया बाबा का स्थान तथा चिंउटहा गांव में स्थित है।

देवदह भगवान बुद्ध की ननिहाल थी। यहां एक मंगल पोख्खरीण थी। इसमें केवल राज परिवार के लोग ही स्नान कर सकते थे। यह बनरसिया में आज भी स्थापित है। यहां भगवान बुद्ध के नाना महाराज अंजन के महल के अवशेष तथा ईटों से बने दो विशाल स्तूप भी हैं, जो संभवत: बुद्ध की मां महामाया तथा उनका लालन पालन करने वाली उनकी मौसी महाप्रजापति गौतमी के अस्थि अवशेष पर बनाए गए हैं।

रामग्राम का स्तूप भगवान गौतम बुद्ध के अस्थि अवशेष के आठवें भाग पर बनाया गया था। यह उनकी समाधि है। चीनी यात्री ह्वेनसांग ने रामग्राम की यात्रा की थी, उन्होंने वह यहां ईटों से बने विशाल स्तूप व उसके आगे मॉनेस्ट्री होने की बात लिखी थी।

कन्हैया बाबा का स्थान तथा ईंटों का बनाया विशाल स्तूप और उसके सामने लगभग 10 एकड़ मोनेस्ट्री के खंडहर तथा पुष्करणी आज भी देखी जा सकती है। यह स्तूप ह्वेनसांग द्वारा वर्णित कपिलवस्तु से इसकी दिशा व दूरी से मेल खाता है। ज्ञातव्य है कि अभी तक रामग्राम के स्तूप की पहचान नहीं हुई है। इस स्तूप के पास कुषाण कालीन तांबे के सिक्के भी मिले हैं। वर्ष 1992 में यहां पुरातत्व विभाग की पटना इकाई के द्वारा उत्खनन किया गया था। इससे पहले वर्ष 2003 में भी उत्तर प्रदेश पुरातत्व विभाग की तरफ से इसका खनन किया गया है।

अत: केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन स्थलों का राष्ट्रीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा सर्वेक्षण व उत्खनन कराकर इन स्थलों को विधिवत चिन्हित कराने व पर्यटक स्थल के रूप में इनका विकास कराने की अनुकम्पा करने की कृपा करें।

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री कुलदीप राय शर्मा**,** श्री सी.पी. जोशी और श्री जगदम्बिका पाल को श्री पंकज चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री विजय कुमार दुबे (कुशीनगर):** माननीय अध्यक्ष जी, धन्यवाद। बॉलीवुड में जिस तरह से ड्रग्स कारोबार में नित नए-नए और बड़े-बड़े नाम उजागर हो रहे हैं तो यह केवल महाराष्ट्र की समस्या नहीं है, अपितु पूरे देश की सुरक्षा-व्यवस्था के लिए चिंताजनक है। चूंकि हमारा कुशीनगर क्षेत्र नेपाल सीमा से लगा हुआ है, पाकिस्तानी ड्रग्स बॉलीवुड तक पहुंच सके, इसके लिए हमारी भूमि का उपयोग किया जा सकता है। हमारी भूमि के प्रतिभावान युवाओं को पथभ्रष्ट किया जा सकता है। हमारे उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी द्वारा कल लिए गए साहसिक निर्णय का मैं हार्दिक अभिनंदन और स्वागत करता हूं। बिहार और उत्तर प्रदेश के प्रतिभावान युवा कई वर्षों से जिस तरह अपनी कला को विकसित करने का लक्ष्य लेकर बॉलीवुड पहुंचते रहे हैं और अपने को शोषित करने का मार्ग प्रशस्त करते रहे। वहां न केवल उनकी कला को बल्कि उनके अस्तित्व को समाप्त करने की साजिश में ड्रग्स के करोबार में धकेलने का कार्य किया गया। इसी नाते पूज्य योगी आदित्य नाथ जी महाराज ने घोषणा की कि देश की सबसे बड़ी फिल्म सिटी का निर्माण अब उत्तर प्रदेश की धरती पर होगा।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश और बिहार के प्रतिभावान युवा अब अपनी कला को विकसित करने का लक्ष्य लेकर उसे बॉलीवुड में नहीं,

बल्कि उत्तर प्रदेश की धरती पर निर्माणाधीन बॉलीवुड पर अपनी कला को निखारने का कार्य करेंगे। धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री रवि किशन, श्री कुलदीप राय शर्मा और श्री सी.पी. जोशी को श्री विजय कुमार दूबे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

[*] **SHRI VINOD LAKHAMSHI CHAVDA (KACHCHH):** Hon. Speaker Sir, first of all, I thank you very much for giving opportunity to the Members to speak in their native languages. I think this will also be considered as a record in this Session. Hon. Speaker Sir, I want to thank the Ministry of Railways that amid the prevailing corona pandemic in our country and in the world, the Ministry is running special trains in the country. First of all, I would like to thank the Rail Ministry and the minister of railways that just yesterday one special train was announced from my Parliamentary constituency Kutch to Mumbai. Sir, there are good business relations between Kutch and Mumbai. Many trains are running between these two stations. But it is a demand of the people of my constituency to get one more super special train. Hon. Speaker Sir, through you, I want to submit that only one train is running between my parliamentary constituency Kutch and Delhi since many years i.e. Bhuj - Bareilly Express. Moreover, this train takes much travelling time and this causes inconvenience the passengers. Sir, through you I request to the Ministry of Railways to start one super fast train or Duranto Express train. Thank you.

[*] English translation of the speech originally delivered in Gujarati.

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री कुलदीप राय शर्मा और श्री सी.पी. जोशी को श्री विनोद लखमशी चावड़ा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री प्रद्युत बोरदोलोई – उपस्थित नहीं।

डॉ. मोहम्मद जावेद जी।

**डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज):** सर, बहुत-बहुत शुक्रिया। सुरजापुरी बिरादरी की तरफ से आपको बहुत-बहुत सलाम है। बिहार के सीमांचल के अतर्गत आने वाले सभी जिलों के सुरजापुरी मुस्लिम बिरादरी को राज्य में बीसी-2 का दर्जा प्राप्त है, लेकिन मेरे द्वारा बार-बार मांग किए जाने पर भी केन्द्र में अब तक आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाया है, जो बहुत ही दुखद है।

इस जाति को देश की मुख्य धारा में लाने के लिए केन्द्रीय स्तर पर सामाजिक न्याय के अंतर्गत इन्हें केन्द्र की ओबीसी लिस्ट में शामिल करना होगा, तभी हमारे क्षेत्र के लोगों के आर्थिक और एजुकेशनल पिछड़ेपन को दूर किया जा सकता है।

अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से अपील करना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार सुरजापुरी बिरादरी को ओबीसी का दर्जा दे, ताकि हम भी अपने मुल्क की तरक्की में शामिल हो सकें। आपका बहुत-बहुत शुक्रिया।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री कुलदीप राय शर्मा और श्री मलूक नागर को डॉ. मोहम्मद जावेद द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**डॉ. एस. टी. हसन (मुरादाबाद):** बहुत-बहुत शुक्रिया सर, मैं आपका ध्यान देश की बहुत महत्वपूर्ण और देश के भविष्य से जुड़ी हुई समस्या पर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं।

अध्यक्ष जी, लगभग आधे साल से कॉलेज, यूनिवर्सिटीज़ और स्कूल्स बंद हैं। लॉकडाउन के चलते लोगों के कारोबार तबाही पर आ गए हैं। गरीब आदमी को दो वक्त की रोटी कमाना भारी पड़ रहा है। इन स्कूलों के अंदर ट्यूशन फीस, मैनटेंनस फीस, ट्रांसपोर्ट फीस और होस्टल फीस ली जा रही है, जिसको देना गरीब आदमी के बस की बात नहीं है। बहुत से गरीब लोगों ने अपने बच्चों को घर बैठा लिया है।

अध्यक्ष जी, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि बहुत से प्राइवेट कॉलेजेस ने इस आपदा में अवसर तलाश कर लिए हैं और उन्होंने लगभग दस परसेंट स्टाफ को हटा दिया है। अपने स्टाफ की सैलरी में 30 से 50 परसेंट की कमी कर दी है, लेकिन बच्चों से पूरी फीस वसूल रहे हैं।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि ऐसे तमाम लोगों को जिन्होंने अपने स्टाफ की सैलरी कम कर दी है, उनको कोई हक नहीं है कि वे पूरी फीस वसूल करें। आपके माध्यम से मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि सरकार उन तमाम बच्चों की फीस प्राइम मिनिस्टर केयर फण्ड से जमा कराए, जो अपने बच्चों की फीस नहीं भर पा रहे हैं। यह देश के भविष्य का सवाल है। इसमें हम और हमारी समाजवादी पार्टी के लोग, सभी लोग और अखिलेश जी चाहते हैं कि हमारे देश के बच्चों की 50 परसेंट फीस प्रधान मंत्री केयर फण्ड से या किसी और फण्ड से दी जाए। इससे अभिभावकों को भी रिलीफ मिलेग। ईमानदार संस्थाओं के स्टाफ की सैलरी भी देने का कष्ट करें ताकि स्टाफ को भी उनकी सैलरी मिल सके।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री कुलदीप राय शर्मा और श्री मलूक नागर को डॉ. एस.टी. हसन द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर):** धन्यवाद अध्यक्ष जी, आपने मुझे मेरे संसदीय क्षेत्र उदयपुर के बारे में बोलने की मुझे अनुमति दी।

आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मेरे उदयपुर संसदीय क्षेत्र में चावण जो महाराणा प्रताप का निर्वाण स्थल है, जहां पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के टाइम में इसका विकास हुआ था और द्वार और बगीचे बने थे। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि उदयपुर में जो महाराणा प्रताप का जन्म स्थल कुम्भलगढ़, गोगुंदा जहां उनका राजतिलक हुआ और उनकी निर्वाण स्थली चावण मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है । उन सभी जगहों का विकास करने के लिए आपके माध्यम से टूरिज्म मिनिस्टर से मैं मांग करता हूं कि उस क्षेत्र के विकास के लिए, जहां हाड़ी रानी सलुम्बर …(व्यवधान) भील योद्धा का गढ़ बना हुआ है। इन सभी क्षेत्रों और केसरिया जी का जो जैन धर्म का प्रथम तीर्थंकर है। उस स्थान को आदिवासी अपनी आस्था का केन्द्र मानते हैं। इन सभी स्थलों के निर्माण के लिए, उन सभी के विकास के लिए, जो भारत सरकार की योजना है, प्रसाद और दर्शन योजना से जोड़कर उस क्षेत्र का विकास करने के कार्य में आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं। धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री सी.पी. जोशी और कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री अर्जुन लाल मीणा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री तापिर गाव (अरुणाचल पूर्व):** सर, 3 सितम्बर को अपर सुबनसिरि जिले से पांच अरुणाचल के लोगों को चीन की पीएलए ने अरुणाचल की टेरीटरी के 50-60 किलोमीटर के अंदर आकर से अबडक्ट किया। 12 तारीख को उनको रिलीज़ किया गया।

लेकिन मैं इस सदन, हमारी सरकार और मीडिया हाउसेज़ को यह बताना चाहूंगा कि अरुणाचल प्रदेश और चाइना-तिब्बत की जो सीमा है**,** वहां पर कोई एलएसी (लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल) नहीं है, वहां मैकमोहन लाइन है। सन् 1914 में ब्रिटिश इंडिया के हैनरी मैकमोहन और His

Holiness, the Dalai Lama Ji के रिप्रेजेन्टेटिव Paljor Dorje ने शिमला समझौता किया था। उस समझौते में चाइना नहीं था । सन् 1950 में चाइना आया और उसने तिब्बत पर जबरदस्ती कब्जा किया।**…(व्यवधान)** महोदय, बस एक मिनट और दे दीजिए।**…(व्यवधान)**

**माननीय अध्यक्ष :** अब कनक्लूड कीजिए।

…(<u>व्यवधान</u>)

**श्री तापिर गाव:** महोदय, ग्लोबल टाइम्स में अरुणाचल प्रदेश को इंडियन टेरिटोरी नहीं माना गया है। या तो तापिर गाव इस सदन में झूठ बोल रहा है, या हमारे हिन्दुस्तान की इंटैलीजेन्स एजेन्सीज़ गलत रिपोर्ट दे रही हैं। माननीय अध्यक्ष महोदय, आपके नेतृत्व में एक कमेटी गठित की जाए। सन् 1962 से लेकर आज तक चाइना पीएलए ने हिन्दुस्तान टेरिटोरी की कई वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया है।**…(व्यवधान)**

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री तापिर गाव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) :** अध्यक्ष जी, मैं आपका अत्यंत आभारी हूं कि आपने मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर बोलने की अनुज्ञा दी है। जब आज पूरी दुनिया में तनाव और हिंसा बढ़ रही है, तो गौतम बुद्ध आज और प्रासंगिक हो रहे हैं। दुनिया के अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर, चाहे वह आसियान हो, चाहे वह दावोस हो, चाहे वह यूनाइटेड नेशन्स हो, प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा है कि दुनिया ने तो युद्ध दिया होगा, लेकिन भारत ने हमेशा गौतम बुद्ध दिया है। इसका तात्पर्य यह है कि शांति**,** अहिंसा, करुणा और ममता का संदेश पूरी दुनिया में जाता है।

यह सौभाग्य है कि गौतम बुद्ध जी से जुड़े हुए चार महत्वपूर्ण स्थान, वाराणसी का सारनाथ, कुशीनगर, जहां उनकी निर्वाण स्थली है, उनकी जन्मस्थली कपिलवस्तु जो सिद्धार्थनगर में है और श्रावस्ती जहां उन्होंने अपने सबसे ज्यादा बसंत बिताए हैं। इन चारों महत्वपूर्ण स्थानों पर गौतम बुद्ध को मानने वाले दुनियाभर से लाखों की संख्या में लोग आते हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से यह मांग करना चाहता हूं कि आज वक्त का यह तकाजा है कि सारनाथ, कुशीनगर, कपिलवस्तु और श्रावस्ती को फोर लेन के नेशनल हाइवे से जोड़ा जाए, ताकि दुनियाभर से आने वाले पर्यटकों को सहूलियत मिल सके। कपिलवस्तु जो उनकी जन्मस्थली है, जहां भारत का एक संग्रहालय है, गौतम बुद्ध का अस्थि कलश जो यहां के एक संग्रहालय में रखा हुआ है, क्योंकि पर्यटक वहां पर आते हैं। वे उसका दर्शन कर सकें, तो उस जगह पर उसको स्थापित किया जाए। मैं आपके माध्यम से ऐसी मांग करता हूं।

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री मलूक नागर और श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री जगदम्बिका पाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर) :** अध्यक्ष जी, आपका धन्यवाद। मैं सरकार का ध्यान मेरे लोक सभा क्षेत्र सीकर की पेयजल की समस्या की ओर आकर्षित कराना चाहता हूं। जब राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की वसुंधरा जी की सरकार थी। उस समय कुंभाराम लिफ्ट कैनाल योजना का एक डीपीआर बनाकर केन्द्र सरकार के पास भेजा गया था। उसमें कुछ संशोधन के लिए केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार को वापस भेज दिया था। आज डेढ़ साल हो गए हैं, लेकिन आज तक उन्होंने उसको पूर्ण करके वापस नहीं भेजा है। जल जीवन मिशन के तहत भारत सरकार ने 7,681 करोड़ रुपये राजस्थान को भेजे हैं। उसकी सफलता तभी संभव है, जब इस कुंभाराम लिफ्ट कैनाल योजना का काम पूरा हो पाएगा।

इसलिए, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से यह निवेदन करता हूं कि राजस्थान सरकार से कहा जाए, उसके ऊपर बार-बार दबाव बनाए जाए कि वह उस डीपीआर को कंप्लीट करके वापस भेजे, ताकि वहां पर पानी की समस्या का समाधान हो सके। आप जानते हैं कि कोटा के बाद सीकर शिक्षा की दृष्टि बहुत महत्वपूर्ण जगह है। चाहे महिला शिक्षा हो, स्कूल एजूकेशन हो, या फिर कोचिंग हो। वहां पानी की बहुत आवश्यकता है। मैं यह आशा करूंगा कि भारत सरकार इस ओर ध्यान देगी और जो कुंभाराम लिफ्ट कैनाल योजना और यमुना प्रोजेक्ट है, उसको जल्दी पूरा करने का प्रयास करेगी।

**माननीय अध्यक्ष** : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री सुमेधानन्द सरस्वती द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल):** अध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बिहार के सुपौल जिले के अंतर्गत छातापुर प्रखंड में आजादी से 72 वर्ष तक सुरसर नदी, गेरा नदी तथा बिलनिया नदी में पुल का निर्माण नहीं हुआ है। फलस्वरूप प्रति वर्ष उन नदियों में डूब कर लोग मर जाते हैं। आपके माध्यम से मैं सरकार से निवेदन करता हूँ कि छातापुर प्रखंड के रामपुर पंचायत, नन्हीं टोला की सुरसर नदी के शिवनीघाट पर, लालगंज पंचायत के गेरानदी के परियाही घाट पर तथा तीसरा ग्वालपाड़ा पंचायत के बिलनिया नदी में रतनसार गांव के वार्ड नंबर 11 में अतिशीघ्र पुल का निर्माण कर यातायात की सुविधा बहाल कर लोगों के जान-माल की रक्षा करने की कृपा करें।

धन्यवाद।

**SHRI T. N. PRATHAPAN (THRISSUR):** Sir, around 25,000 families in four districts of Kerala – Thrissur, Calicut, Malappuram and Ernakulam – are disappointed because of land acquisition for road widening project on National Highway-66 in coastal area of Kerala. In my Thrissur district, the project is between Punnayurkulam, Kappitrikkad, and Kodungallur, Kottappuram, with 43 km distance. It became a huge controversy in the fear that these 25,000 families would lose everything they have because the Government is not ready to ensure the protection mentioned in the 2013 Act to the affected people. This Land Acquisition Act provides the protection of fair compensation, rehabilitation, and resettlement as people's right.

I strongly demand from the Government that it should ensure a fair compensation and rehabilitation to the people during land acquisition under Land Acquisition Act, 2013. Any procedures of land acquisition should not be done until the rehabilitation facilities are ready for affected people.

**श्री प्रसून बनर्जी (हावड़ा):** सर, हम आपको बधाई देना चाहते हैं, हम तो सोचते हैं कि आप ग्रेट आदमी है। सर, हम थोड़ा बहुत फुटबॉल के लिए बोलेंगे। I am a football player. I am Indian captain, arjun awardee first footballer M.P. आपके माध्यम से मैं डिफेंस मिनिस्टर राजनाथ साहब को बोलना चाहते हैं कि बंगाल में अभी बहुत सेंटिमेंट चल रहा है। वहां पर तीन फुटबॉल टीम – मोहन बगान, ईस्ट बंगाल और वेस्ट बंगाल हैं। इनके एक करोड़ सपोर्टर दुनिया में हैं। सन् 1922 में जब अंग्रेज लोग थे, उन लोगों ने ऐसाकिया था कि 01 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक किसी मैदान में लाइट मत जलाओ और पूरा ट्रेन खोल देते थे। यह बर्बाद था। सन् 1947 में हम लोग सादीनाता से

मिले। उसके बाद भी अभी भी यही चल रहा है। इसके लिए बहुत सेंसिटिव प्रॉब्लम बंगाल में हो रही है। Everybody is very much disappointed. आप जानते हैं कि बंगाल और केरल में फुटबॉल बहुत चलता है। इन तीनों टीमों को अभी तक स्लेव समझा जाता है। हम आपके माध्यम से मंत्री जी को बताना चाहते हैं कि प्लीज़ उधर के जीओसी को ऑर्डर करें कि इन तीनों की यह चीज़ उठा लें।

**माननीय अध्यक्ष:** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री प्रसून बनर्जी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल):** महोदय, मैं आपके माध्यम से दूरसंचार मंत्री एवं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सहित उत्तराखंड प्रदेश के पवर्तीय जिलों की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र गढ़वाल के अंतर्गत पूरे क्षेत्र में बीएसएनएल चैनल की इंटरनेट सेवा पूर्ण रूप से असंतोषजनक एवं खराब होने से जनता बहुत परेशान है। क्षेत्रीय जनता बहुत दूर-दराज गांवों से बैंक, पोस्ट ऑफिस एवं विकास खंडों में अपने कार्यों को करने के लिए आती है, लेकिन उनको यह कह कर लौटा दिया जाता है कि नेट नहीं चल रहा है।

विगत कई महीनों से जनपद चमौली के थराली, देवाल, नारायणबगड़ क्षेत्र में पोस्ट ऑफिस में काम बंद पड़ा है। इसी प्रकार जिला पौड़ी गढ़वाल के अंतर्गत दूरस्थ क्षेत्र रिखणीखाल, धुमाकोट, जयहरीखाल, बीरोंखाल, पोखड़ा, एकेश्वर, थलीसैंण, खिर्सू सहित पूरे क्षेत्र में दूरसंचार व्यवस्था असंतोषजनक एवं खराब है। जनपद चमोली के दूरदराज क्षेत्रों में थराली के अंतर्गत कफोली, रुइसेण, घेस, कनोल, सुनल, गोरीकांडा, भैराणी आदि स्थानों पर अभी तक दूरसंचार की कोई व्यवस्था नहीं है। वहीं ग्रामग्रेस, धारकोटवाला, देवाल, सतगाव और सोलाढूंगी, पटलियार आदि स्थानों में जियो कम्पनी द्वारा टावर बने हैं, लेकिन अभी प्रारम्भ नहीं किए हैं। वहीं कर्णप्रयाग विधान सभा के अंतर्गत चमोला, पखोली, सुमलखाल, सिलवाणा, मंगला, तेजाणी, पिंडवाली, पुनगाव, बिसुणा आदि स्थानों

पर अभी तक दूरसंचार की कोई व्यवस्था नहीं है और वहीं बद्रीनाथ विधान सभा के अंतर्गत सीमांत क्षेत्र के अंतर्गत, जो कि बॉर्डर के क्षेत्र हैं, नीति घाटी के 12 गाँवों तथा कलोट एवं पल्ला, भिमाणा, सलोन, पटेला, गोणा एवं पाणी-ईसाणी में दूरसंचार की कोई व्यवस्था नहीं है। आज संचार क्रांति के युग में भी ये लोग पिछड़े हुए हैं। मेरा आग्रह है कि इन क्षेत्रों में दूरसंचार की व्यवस्था को सुदृढ करें। धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री तीरथ सिंह रावत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री कुलदीप राय शर्मा (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह):** परम आदरणीय स्पीकर सर, सबसे पहले तो मैं आपको धन्यवाद देना चाहूंगा और सभी ऑनरेबल मैम्बर्स के लिए कोरोना से बचने के लिए आपने जो सुविधा सदन के अंदर की है, उसके लिए आप बहुत-बहुत बधाई के पात्र हैं।

सर, मैं बहुत ही दु:ख के साथ अंडमान और निकोबार की जनता की एक ऐसी प्रॉब्लम आपके माध्यम से सरकार के सामने लाना चाहता हूँ, जिसकी कोई कल्पना नहीं की जा सकती। आज हमारे पूरे देश के साथ-साथ अंडमान निकोबार आईलैंड कोरोना महामारी से पीड़ित है। अंडमान निकोबार की जनता कोरोना के साथ-साथ और भी एक बहुत बड़ी समस्या से जूझ रही है और वह समस्या पानी की समस्या है। यह बहुत ही दु:ख की बात है कि हर साल तीन हजार मिलीमीटर बारिश होते हुए भी वहाँ पानी की समस्या है।

सर, हम सब को पता है कि अंडमान निकोबार सिस्मिक जोन-5 में आता है और वहां पर सुनामी, अर्थक्वेक और साइक्लोन हमेशा आता रहता है। वहां पर एक ही डैम है, भगवान न करे अगर वह डैम कभी टूट गया, तो वहां के लोगों को पीने का पानी भी नहीं मिलेगा। जब मार्च से अगस्त तक लॉकडाउन था, तब कोरोना के साथ-साथ पानी की भी बहुत बड़ी समस्या थी। लोगों को सात दिन में एक बार पानी मिलता था और वह भी पन्द्रह मिनट के लिए। लॉकडाउन के कारण लोग घर से बाहर भी नहीं जा पाते थे।

सर, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से यह रिक्वेस्ट करता हूँ कि फ्लड बे वाटर प्रोजेक्ट, जिसका सर्वे आज से करीब 22 साल पहले 1998 में 287 लाख रुपये से हुआ था, इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए करीब दो हजार करोड़ रुपये का फंड सैंक्शन किया जाए, क्योंकि अंडमान निकोबार एडमिनिस्ट्रेशन को भारत सरकार से हर साल करीब 5000 करोड़ रुपये का फंड मिलता है, जो बाकी कामों खर्च हो जाता है। मैं आपके माध्यम से रिक्वेस्ट करता हूँ कि इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए

2000 करोड़ रुपये दिए जाएं, जिससे तीन लाख लोगों की 10 साल तक पानी की प्रॉब्लम सॉल्व हो जाएगी। सब को पता है कि अंडमान निकोबार एक टूरिज्म की जगह है और इससे टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा और जितने भी अनएम्प्लॉयड यूथ हैं, उनकी प्रॉब्लम सॉल्व होगी। धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री सुनील कुमार पिन्टू – उपस्थित नहीं।

श्री रमेश बिधूड़ी।

**श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली):** अध्यक्ष महोदय, मेरे क्षेत्र में साउथ दिल्ली के अंदर फतेहपुर बेरी एक गाँव है । वे इस बात के लिए बहुत आभारी रहेंगे, वहां पर पानी डम्प होता है, पानी की निकासी नहीं है । मैंने 27 दिसम्बर, 2018 को नितिन गडकरी से निवेदन किया था । उन्होंने 'नमामि गंगे' से केजरीवाल की विज्ञान भवन में कान्फ्रेंस कराई, मीटिंग हुई । वहां 65 करोड़ रुपये भी दे दिया कि वहां 9 एसटीपी लगने चाहिए, जिससे सीवरेज निकलने की व्यवस्था हो जाए । वहां गाँवों का सीवर का पानी निकलता नहीं है और वहां आठ गाँव हैं । वहां 75 एकड़ कृषि जमीन है, जिसमें गंदा पानी इकट्ठा होता है । गांव के अंदर 35 लोग कैंसर के पेशेंट हो गए, चर्म रोग से भी लोग पीड़ित हैं ।

सर, आपके माध्यम से, हमारे स्वास्थ्य मंत्री, विकास मंत्री या जल मंत्री, जो 65 करोड़ रुपये वर्ष 2018 में दिया था, उस पैसे से वहां पर, इसी प्रकार से नेब सराय में, जसोला में तालाब है, अगर उनकी भी व्यवस्था हो जाए, क्योंकि वहां पर फिल्टर वाटर की सप्लाई नहीं है । ग्राउंड का पानी लोग पीते हैं । वहाँ जहरीला पानी ऊपर आता है, जिससे कैंसर की बीमारी को बढ़ावा मिल रहा है । वहाँ पर बार-बार इंस्पेक्शन करने के बाद भी राज्य सरकार ध्यान नहीं दे रही है ।

महोदय, मेरी आपसे करबद्ध प्रार्थना है कि केन्द्र सरकार के माध्यम से उस पैसे को लगवाने की व्यवस्था की जाए । केजरीवाल की मौजूदगी में मीटिंग होने के बाद भी, पॉलिटिकल राइवलरी के कारण वहाँ काम नहीं हो रहा है । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

**माननीय अध्यक्ष :** मलूक नागर और कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री रमेश बिधूड़ी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्री कार्ती पी. चिदम्बरम जी ।

माननीय सदस्य तमिल भाषा में बोलना चाहते हैं ।

*[*]SHRI P. KARTI CHIDAMBARAM (SIVAGANGA):** Hon. Speaker Sir, We have high regards for all the soldiers working in Indian Army. It is our prime duty to protect their families. But, in my Sivaganga constituency two months ago, the house of an Army Soldier named Stephen was burgled; his mother and wife were killed; and their money and jewels were taken away. One week after this incident, there was another incident of burglary in the house of an Ex-soldier of the Air Force in my constituency. The Tamil Nadu State police so far have not arrested anyone in connection with these burglaries. I urge upon the Hon. Minister for Defence, through you Sir, that a report on these incidents should be sought immediately from the State Government of Tamil Nadu and the culprits should be brought to book and arrested. As we have high regards for our Armed Soldiers, we are duty-bound to protect their families as well. Thank you.

[*] English translation of the speech originally delivered in Tamil.

**श्री भोला सिंह (बुलंदशहर):** महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

महोदय, आज मैं सदन को अपने संसदीय क्षेत्र बुलंदशहर एवं एनसीआर के 1,800 ईंट भट्टा स्वामियों की समस्याओं से अवगत कराना चाहता हूँ।

महोदय, एनजीटी के आदेशानुसार केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने गजट नोटिफिकेशन कर ईंट के भट्टों को जिग जैग तकनीक में परिवर्तित करने के आदेश दिए थे। उन आदेशों का पालन करते हुए सभी ईंट भट्टा स्वामियों ने 40-50 लाख रुपये खर्चा कर अपने भट्टों को जिग जैग कर जीआरएपी यंत्र का उपयोग करके शुरू किया।

एनजीटी द्वारा दिनांक 15 नवम्बर, 2019 को एनसीआर के लगभग 1,800 ईंट भट्टों को बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके कारण एनसीआर के सभी ईंट भट्टा स्वामियों को बड़ा झटका लगा है। 40 से 50 लाख रुपये खर्च करने के बाद, एनजीटी एवं सीपीसीबी के नियमों का पालन करने के बावजूद भट्टे बंद करने के आदेश से सभी भट्टा व्यापारियों में बड़ा रोष है।

पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण एवं रोकथाम प्राधिकरण के चेयरमैन भट्टा स्वामियों को गलत नोटिस भेजकर उन्हें प्रताड़ित करते हैं। भट्टे बंद होने से एनसीआर का विकास भी प्रभावित हो रहा है। अगर ईंट नहीं बनेंगी तो माननीय प्रधान मंत्री जी का वर्ष 2022 तक हर गरीब को अपना घर देने का सपना कैसे साकार होगा।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि 1,800 ईंट भट्टा लघु उद्योगों को बर्बाद होने से बचाने के लिए एनजीटी के 15 नवम्बर, 2019 के आदेश को वापस कराने के निर्देश देने की कृपा करें, क्योंकि कोरोना महामारी में देश में बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने रोजगार गवाएं हैं। इन भट्टों के चालू होने से हजारों परिवारों को रोजगार भी मिलेगा। धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री राजेन्द्र अग्रवाल और मलूक नागर को श्री भोला सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**प्रो. अच्युतानंद सामंत (कंधमाल):** महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

Sir, I would like to speak on the subject – 'Funds for building long-term disaster-resilient infrastructure in Odisha'. We all know Odisha is the most disaster and cyclone prone State in the country. In the last 100 years, over 260 cyclonic disturbances had their landfall along the Odisha coast. The major cyclones that have hit the State in the last two decades are the 1999 super cyclone, Phailin, Hudhud, Titli, and also Fani. Besides, it is also prone to floods and droughts.

Odisha, under the leadership of hon. Chief Minister, Shri Naveen Patnaik Ji, has been hailed for its disaster management strategies and plans worldwide, including from the UN and the World Bank. Odisha's efforts at a well-targeted evacuation plan, which had involved moving more than one million people into storm shelters during Cyclone Fani have been applauded worldwide. Odisha has performed well in various parameters including risk minimisation, response, rehabilitation, and recovery but long-term infrastructure which is disaster-resilient is still a grey area considering the recurring nature of cyclones.

We request the hon. Minister of Home Affairs and hon. Minister of Finance to provide Odisha with a special fund for building long-term disaster-resilient infrastructure to minimize the need of the evacuation and also save on the systematic investments that are made when household assets are lost during a disaster. Our hon. Chief Minister of Odisha has also sought a long-term package of around Rs. 20,000 crore from the Centre to build disaster-resilient infrastructure in coastal embankment area.

**DR. K. JAYAKUMAR (TIRUVALLUR):** Hon. Speaker Sir, thank you for giving me this opportunity. The clock is going to strike twelve at midnight in another 20 minutes and you are still giving us an opportunity. I would like to draw the attention of the hon. Minister of Social Justice and Empowerment regarding the posts of Chairman and members of the National Commission for Scheduled Castes and Scheduled Tribes which have remained vacant for more than four months. It is an important organization and a constitutional institution and the Ministry should know when these posts are getting vacant. Despite knowing all these facts, these posts are kept vacant. I urge you to get the attention of the Minister to see that these vacancies are filled. The regional offices of this organization are very ineffective because they are manned by middle-level and junior-level officers. I request the hon. Minister to get these positions filled by IAS cadre. These offices are very poorly staffed and provided with inadequate facilities. I request that these offices may be provided with adequate facilities to protect the people of Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

**माननीय अध्यक्ष:** श्री मलूक नागर, श्री गिरीश चन्द्र एवं श्री बी**.** मणिक्कम टैगोर को डॉ. के. जयकुमार के द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री शंकर लालवानी (इन्दौर):** माननीय अध्यक्ष जी, रात के बारह बज रहे हैं और सदन चल रहा है। कोरोना की इस विषम परिस्थिति में माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में बहुत सारी सुविधाएं देश को मिली हैं। हमारे इन्दौर को भी केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार से बहुत सारी सुविधाएं मिली हैं, इसके लिए मैं आपके माध्यम से धन्यवाद देना चाहता हूं।

महोदय, इन्दौर, मध्य प्रदेश की औद्योगिक राजधानी है और एक मेडिकल हब भी है। कोरोना की इस महामारी के बीच मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इन्दौर के आस-पास के क्षेत्रों के, जैसे उज्जैन, रतलाम, मंदसौर, धार, झाबुआ आदिवासी क्षेत्र, खंडवा, खरगौन, हरदा के लगभग डेढ़ करोड़ की जनसंख्या का भार इन्दौर के अस्पतालों पर पड़ रहा है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से दो मांग करना चाहता हूं। एक तो वहां आई.सी.यू. बेड्स और वेंटिलेटर्स की काफी आवश्यकता है। इन्दौर में तुरन्त 500 आई.सी.यू. बेड्स और वेंटिलेटर्स की आवश्यकता है, यह मांग मैं आपके माध्यम से सरकार से कर रहा हूं। आपसे निवेदन है कि इन्दौर में एक एम्स अस्पताल की स्थापना होनी चाहिए, नहीं तो मध्य प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल एम.वाई. अस्पताल को एम्स की सुविधा मिलनी चाहिए।

**माननीय अध्यक्ष:** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री शंकर लालवानी के द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री जसबीर सिंह गिल (खडूर साहिब):** स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से सरकार और रोड-हाईवे मिनिस्टर नितिन गडकरी जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिन्होंने हमारे क्षेत्र को दो बहुत ही महत्वपूर्ण रोड्स, जिसमें ब्यास से डेरा बाबा नानक शाह, जहां पर गुरु नानक साहब गुरुद्वारा जाने का कॉरिडोर बना है, वह है और दूसरी रोड अमृतसर से डांडा वाया मेहता एवं श्री हरगोबिन्दपुर है और तीसरी रोड भटिण्डा से डबवाली है। ये पर्यटन, धर्म, व्यापार और सेना से जुड़ी हुई बहुत ही महत्वपूर्ण रोड है। इन्हें फोर-लेन करने की मंजूरी दी गई है।

सर, वहां इसमें एक प्रॉब्लम यह आ रही है कि वहां लोगों की बहुत थोड़ी-थोड़ी लैंड होल्डिंग्स हैं और कई ने उन पर अपने घर और दुकानें बनाई हुई हैं। जो ऑफिसर्स उसकी अवार्ड दे रहे हैं, उसके पैसे मार्केट रेट से बहुत ही कम हैं।

सर, उसका दो कारण हैं, एक तो वे लोगों को तंग करना चाहते हैं और दूसरा, उनको कोई लालच है। मैं आपको एक एग्जाम्प्ल दे रहा हूँ कि वहाँ एक हॉस्पिटल बना है, उसको उन्होंने रख लिया और उसके साथ जो पैलेस बना है, उसे छोड़ दिया। ऐसे भी डभवाली जो भटिंडा रोड है, उसके ऊपर पेट्रोल पंप बना है, रेस्टोरेन्ट बना है, उसे आगे रख लिया और वहाँ एक स्टील प्लांट है, उसे छोड़ दिया।

सर, मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से गुजारिश है कि हमें एक ऐसा प्रावधान करना चाहिए कि जो ऑफिसर्स लोगों को परेशान करते हैं, वहाँ के लोग अपना घर-बार तथा दुकान छोड़कर माइग्रेन्ट हो जाते हैं। आज उनको तंग किया जा रहा है। ऐसे ऑफिसर्स के ऊपर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इन्हें जिम्मेदार बनाया जाना चाहिए। यदि किसी गरीब आदमी की जमीन का मूल्य मार्केट से कम आँका जाता है तो उस ऑफिसर को बच के नहीं जाने दिया जाए। धन्यवाद।

**HON. SPEAKER:** Shri Khagen Murmu – Not present.

**DR. UMESH G. JADHAV (GULBARGA):** Sir, I thank you for allowing me to speak during 'Zero Hour'.

Sir, I had asked Unstarred Question No. 1299 from the Minister of Tribal Affairs regarding status of inclusion of Gangamath and its synonymous caste which is also known as Koli in the ST list. I have received the reply but it is partially satisfactory. The reply is that the matter regarding inclusion of Koli *samaj* in the ST list is under consideration. It is a long pending request. I would request that they should be included immediately. This community is educationally, socially, and economically very backward.

Recently, a community called Talwar community has been included in the list of ST. In my constituency, Gulbarga, Karnataka, this certificate is not being given, but in other parts of Karnataka, they are giving them certificate. So, there is a little bit confusion. I would request you to give direction to respective Departments for clearing the confusion and issue the certificates.

*__SHRI S. VENKATESAN (MADURAI):__ Hon. Speaker Sir, Vanakkam. In order to review the origin and development of Indian Culture, a 16-member Committee has been constituted. This was stated by the Hon. Minister for Culture. This Committee is not multidimensional in character. There is no representation from persons belonging to South India, North Eastern part of our country, minorities, women and Dalit in this Committee. Hindu high caste people have found their representation. The Scholars from the recognized South Indian languages particularly from Tamil, which is declared as a classical language by the Union Government, do not have any representation in this Committee. But a leader of a particular caste finds a place in this Committee. Is there not any part of India found beneath the Vindhya Range of mountains? Is there not any civilization other than Vedic civilization? Is there not any other ancient language other than Sanskrit? Is this Committee formed to neglect the findings of the researches of veterans like John Marshal, Sumit Kumar Chatterjee, Iravadham Mahadevan, Tony Joseph, R. Balakrishnan and to declare Puranas as History of this country? You cannot see the roots deep under the soil by flying on an airplane. Similarly the Culture of our country cannot be rewritten by those connected to Castes and Communities. I therefore urge upon the Government that this Committee should be scrapped.

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

**माननीय अध्यक्ष :** श्री बी. मणिक्कम टैगोर को श्री एस. वेंकटेशन द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**SHRI ANUBHAV MOHANTY (KENDRAPARA):** Sir, every time when we talk about our nation's security, protection or any big threat to our nation, the entire House and the entire nation speaks in one voice *i.e.,* Hind ki Sena or the Indian Army.

Sir, the Government's 2019 manifesto emphasized on re-settlement of our Armed Forces which will focus on skill development and transition to civil jobs post-retirement. The jawans of Armed Forces often retire early when they are in the prime of their lives. In reality, very little work has been done by the Central Government for their welfare in terms of re-settlement.

The Government also promised to appoint a Veteran Commission to address the grievances of our veterans but the National Commission for Ex-Servicemen Bill, 2015, is still pending and no action has been taken since then.

The Government should also increase allocation of funds in the Union Budget for skill development initiatives in the Indian Armed Forces. There are a few institutions which seek to provide management courses to a small portion of veterans, however it is restricted only to the higher rank officers. The welfare schemes for lower rank officers in the Armed Forces are restricted to poor level jobs like taking care of milk booths or Saffola outlets which provide no financial

stability. The implementation and regulation of the already existing welfare schemes is poorly managed and regulated. I would like to request the Government to form a National level data base which records the number of retired army personnel who have successfully re-settled to civil jobs after retirement. I would like to urge the Government to look into this issue of the resettlement of Armed Forces and to form a Central-level Authority for the veterans to look after it.

Thank you.

**श्री सी.पी. जोशी (चित्तौड़गढ़):** अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद । मक्का खरीफ की एक महत्वपूर्ण फसल है । खरीफ की इस महत्पूर्ण फसल की राजस्थान में बहुत बंपर क्रॉप पैदा हुई है । समस्या यह है कि भारत सरकार ने उसका मिनिमम सपोर्ट प्राइस तय कर रखा है, लेकिन मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि एमएसपी के कारण गेहूं खरीदा और अन्य फसलें खरीदीं, लेकिन इसकी एमएसपी पर खरीद नहीं होने के कारण किसान को आधे से भी कम दाम में उसको बेचने पर मजबूर होना पड़ रहा है । कोरोना के कारण किसान संकट में है । राजस्थान की सरकार बिजली के दाम बढ़ा रही है, वीसीआर भर रही है, उससे किसान मरा सा जा रहा है ।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है, क्योंकि आप पर हमें विश्वास है और आपके माध्यम से सरकार के पास बात पहुंचेगी । राजस्थान के किसान एक आशा भरी नजरों से देख रहे हैं, क्योंकि खून पसीने से वे अपनी फसल को पैदा करते हैं । उसको खाद और बीज का पैसा भी नसीब नहीं हो पाता है । ऐसे में आपके माध्यम से मेरा सरकार से आग्रह है कि मक्का के किसानों की एमएसपी के माध्यम से खरीद शुरू हो, ताकि किसान को उसकी उपज का पूरा पैसा मिल सके । यही मेरा आपसे आग्रह है ।

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री सी.पी. जोशी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**SHRI ABDUL KHALEQUE (BARPETA):** Hon. Speaker, Sir, the State of Assam is a land of rivers of varied sizes, including the mighty Brahmaputra. Apart from flood, erosion is the biggest danger as it keeps devouring the land every year. A lot of livestock, houses, and farmland are lost to river erosion as an annual ritual. In the process, according to figures of the Department of Water Resources,

Government of Assam, around 4.27 lakh hectares which is approximately 7.4 per cent of the State's land area has got eroded in the last 70 years.

The problem in my Parliamentary constituency is further compounded by the tributaries of Brahmaputra, namely, Beki, Manas and Aye rivers, in lower Assam. A vast area faces severe flood and erosion every year. Erosion of small river island (*char*) lead to migration of people every year. This migration of *char* area people has increased the workload of the Foreigners Tribunal and State Home Department.

Sir, therefore, I would urge upon the Minister of Jal Shakti to pursue the matter on a war footing; otherwise, much more of land and property will be lost because of flood and erosion in the area.

Thank you.

**डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा (रोहतक):** अध्यक्ष महोदय, मेरी आपके माध्यम से मिनिस्टर ऑफ अर्बन डेवलपमेंट से प्रार्थना है कि इसका फीजिबिलिटी सर्वे लास्ट ईयर हुआ और फीजिबिलिटी सर्वे की रिपोर्ट अभी कोविड के टाइम में, लॉकडाउन के टाइम में हमें मीडिया के माध्यम से, अखबारों के माध्यम से पता लगी। इसकी फीजिबिलिटी रिपोर्ट में आया, जो डीएमआरसी ने वायबिलिटी रिपोर्ट दी है, कि यह प्रोजेक्ट इनवायबल है । ड्यूरिंग कोविड टाइम में, लॉकडाउन के समय में यह क्या ट्रांसपायर हुआ, किस तरह से इसका सर्वे किया गया?

मेरी आपसे प्रार्थना है कि आप इसमें इंटरफियर करें और दुबारा से फिजिबिलिटी सर्वे कराया जाए। यह बहुत ही महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, हजारों की संख्या में रोहतक और साम्पला से डेली पैसेजर्स आते हैं, महादेवगढ़ से साम्पला और साम्पला से रोहतक आते है, आप इस पर ध्यान दें और मिनिस्टर ऑफ अरबन डेवलपमेंट को इन्स्ट्रक्शन दें कि दुबारा से फिजिबिलिटी सर्वे कराया जाए।

**श्री मलूक नागर (बिजनौर):** अध्यक्ष महोदय, मैंने कोरोना से संबंधित मुद्दे को पार्लियामेंट में 12 मार्च को उठाया था। अगर सरकार ने इसका संज्ञान ले लिया होता तो जो मजदूरों की हालत हुई, वह न हुई होती और वे समय से अपने घर भेज दिए जाते । जब लॉकडाउन खुला तो वापस भी आ जाते, इन्फ्रास्ट्रक्चर और बिल्डिंग प्रोजेक्ट चालू हालत में रहते और देश की आर्थिक स्थिति भी अच्छी रहती । किसानों की तरफ भी अगर ध्यान दे दिया जाता तो जो फसल बर्बाद हुई, दूध बर्बाद हुआ, वह भी न हुआ होता। विदेशों से जो लोग आते थे उनको एयरपोर्ट पर रोक दिया जाता तो निजामुद्दीन की घटना भी नहीं होती और कोरोना नहीं फैलता। खैर, जो हो गया सो हो गया। भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने जो नियम बनाए, हमने उसको पूरी तरह सपोर्ट किया। बहन कुमारी मायावती जी ने उसका सपोर्ट किया। अभी पूरे वर्ल्ड में दुबारा से यूरोप के इटली से शुरूआत हो गई है, सरकार जागे ताकि दुबारा से देश की हालत ऐसी न हो जाए और एडवांस में जाकर कार्रवाई करे। धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री गिरिश चन्द्र को श्री मलूक नागर  द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज):** अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज से बाल्मीकीनगर के बैराज से अत्यधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने के चलते गंडक नदी में आई विनाशकारी बाढ़ से गंडक नदी का रिंग बांध तथा सारण तटबंध कई जगहों पर टूट गया है, जिससे हमारे क्षेत्र के छह प्रखंड के दो सौ गांवों की दो लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। मेरे संसदीय क्षेत्र में गंडक नदी अस्सी किलोमीटर में बहती है जिसमें आठ डेंजर पाइंट्स हैं।

यदि बांध में बोल्डर्स लगा दिए जाएं और किनारों को सीमेंटेड कर दिया जाए तो कटाव को स्थायी रूप से रोका जा सकता है। अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं कि एक केन्द्रीय टीम भेज कर इसका स्थायी समाधान करने की कृपा करें, क्योंकि यह समस्या नेपाल से भी जुड़ी हुई है।

**कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर):** अध्यक्ष महोदय, आज मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय आपके सामने रखना चाहता हूं। आज मैं एक ऐसे व्यक्ति की चर्चा कर रहा हूं जो ईमानदारी से राजनीति करने के पर्याय थे। हम लोग उनको आदर्श मानकर चुनावी राजनीति में आए, दुर्भाग्य से वे आज हम लोगों के बीच नहीं हैं, आज उनकी त्रयोद्वशी भी है। उनका नाम जमुना प्रसाद निगम था, लेकिन लोग उनको बोस जी के नाम से जानते थे और उनको 'बुंदेलखंड का गांधी' कहा जाता था। वह उत्तर प्रदेश सरकार में तीन-चार बार मंत्री रहे, बड़े सोशलिस्ट लीडर थे और ईमानदारी के प्रतिमूर्ति थे।

सारे जीवन पॉवर में रहने के बाद भी वह किराये के घर में रहें, उनकी घर की आर्थिक स्थिति कमजोर रही लेकिन संतुष्टि भाव में रहे। चन्द्रशेखर जी के करीबी थे, एक बार उनको राज्य सभा लाने

की बात की गई, लेकिन उन्होंने कहा कि नौजवान पीढ़ी को अवसर मिलना चाहिए, हम वहां नहीं जाएंगे, हम यहीं पर ठीक हैं।

मेरा कहने का तात्पर्य यह है, वह कहा करते थे कि जनता के प्रति नेताओं की जवाबदेही है। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की भी जवाबदेही है। जब विधायिका में जनप्रतिनिधि लोग जनता की अदालत में जाते हैं और ठीक से काम नहीं करते हैं तो पांच साल बाद उनको सजा मिल जाती है। वह न्यायपालिका के बारे में भी कहते थे कि जज किसी कारण से गलत काम करते हैं तो आर्टिकल 124 सब क्लॉज 4 के तहत पार्लियामेंट को अधिकार है कि इम्पीचमेंट लेकर आ सकते हैं। मैं बहुत गहराई में नहीं जाउंगा, रात के बारह बजने जा रहे हैं और आप समय नहीं देंगे, लेकिन मैं आपसे एक मिनट का अतिरिक्त समय मांगूगा, आपकी कृपा होगी। मैं विस्तार में नहीं जाउंगा, वह बोलते थे, कार्यपालिका के बारे में वह कहते थे कि आर्टिकल 310 प्रसादपर्यन्तता के आधार पर जितने भी हमारे वरिष्ठ अधिकारी हैं, जिनका चयन यूपीएससी के आधार पर होता है। अभी वर्तमान में मेरे क्षेत्र के एक एसएसपी भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित किए गए और इससे बड़ी बदनामी हुई। अभी तक हमारे जनपद में ऐसा कभी नहीं हुआ था।

जब मैं एक ईमानदार नेता का नाम लेकर अपनी बात शुरू कर रहा हूं तो मेरा भारत सरकार से यह निवेदन है कि एक यूपीएससी रिव्यू बोर्ड का गठन किया जाए। जो अधिकारी अच्छा काम करते हैं, वे तरक्की पाएं, जो गड़बड़ काम करते हैं, वे पनिश किए जाएं। जो अच्छे अधिकारी हैं, उनके मौलिक अधिकारों की रक्षा भी रिव्यू बोर्ड करे। जो भ्रष्ट अधिकारी हैं उनको बाहर निकालने का भी काम किया जाए। मैं समझता हूं कि यह श्री जमुना प्रसाद बोस जी के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मैं एक बात और कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा। मैं बताना चाहता हूं कि उनको लोग बोस जी क्यों कहते थे। जब देश में आजादी की लड़ाई चल रही थी, वे विद्यालय में पढ़ते थे। वे बोस जी की चर्चा किया करते थे। लोगों ने उनका उपनाम बोस रख दिया और उनको बोस जी, बोस जी कहते रहे तो उन्होंने संकल्प

लिया कि जीवन पर्यंत खादी धारण करूंगा। जब इतने महान व्यक्ति के नाम से मेरा उपनाम रखा गया है तो मैं जीवन में कभी भी भ्रष्टाचार नहीं करूंगा और ईमानदारी से काम करके अपने राष्ट्र की सेवा करूंगा।

**श्री मनोज तिवारी (उत्तर पूर्व दिल्ली):** माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरी पुकार दिल्ली के गरीब नागरिकों की भूख से जुड़ी है। क्योंकि, राशन वितरण की बदहाल व्यवस्था से दिल्ली में त्राहि-त्राहि मची हुई है। यों कहिए कि प्रधान मंत्री जी ने अपनी दरियादिली से दिल्ली या देश को अनाज की जो खुशहाली दी थी, उसको दिल्ली सरकार ने गरीबों की थाली दिल्ली में खाली कर दी है। जहां-जहां हम लोग सुनवाई में जा रहे हैं, वहां एक ही दर्द हम लोगों के पास आता है। आपको याद हो, जब कोरोना के कहर से लॉकडाउन में देश परेशान था और मजदूरों के सामने भूख का संकट खड़ा हो गया था, तब प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरुआत की थी। उनके दर्द को बांटा, परन्तु दिल्ली सरकार ने ईमानदारी से जरूरतमंदों को राशन नहीं पहुंचाया, जिसके कारण मजदूरों का दर्दनाक पलायन इस देश ने देखा।

अध्यक्ष महोदय, आज भी दिल्ली में गरीबों को मुफ्त राशन नहीं मिल रहा है, क्योंकि दिल्ली सरकार ने न तो उनके राशन कार्ड बनवाए हैं और न ही ऐसे लोगों को पहचान कर सूचीबद्ध किया गया है, जिससे उनको मुफ्त राशन दिया जा सके। मेरी मांग है कि दिल्ली के लाखों गरीबों की समस्या के निदान के लिए हस्तक्षेप कर वितरण व्यवस्था में सुधार किया जाए। राशन कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना की दिल्ली में शुरुआत की जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष:** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री मनोज तिवारी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**ADV. ADOOR PRAKASH (ATTINGAL):** Mr. Speaker, Sir, I would like to draw the attention of the House towards the need to issue a commemorative postage stamp for Shri Mooloor S. Padmanabha Panicker. He was born in 1869 in Kerala and was a great genius whose influence brought fundamental changes in many fields. He was a Member of Sree Moolam Popular Assembly, the legislative body of erstwhile Travancore during the period from 1914 to 1928.

He was a great scholar, poet and social reformer. He fought against social injustices and worked towards upliftment of downtrodden classes of the society. He was the first Chief Editor of Kerala Kamudi, a daily started in 1911 to fight against social injustices and to strengthen the freedom movement. A proposal to issue a commemorative postage stamp has already been submitted to the Department of Posts. A postage stamp in his name would be an honour for such an eminent personality.

I request the Government to consider this proposal favourably and give direction to the concerned for necessary action.

*[*]* **DR. RAJDEEP ROY (SILCHAR) :** Thank you, Speaker Sir, and greetings to you. The House is sitting so late tonight and I think that for the first time in the history of 70 years, the Parliament is sitting on a Sunday. Congratulations to you sir for this. My constituency Silchar is one of the most backward regions of Southern Assam. There are more than 50,000 beneficiaries of CGHS and ECHS in that region. Government of India had decided to open CGHS units in Guwahati, Dibrugarh and Silchar. The units have already opened in Guwahati and Dibrugarh. Six months ago, I wrote a letter to Hon'ble Health Minister Dr. Harshavardhan requesting him to expedite the work of opening up of CGHS unit in Silchar. He has replied to that letter assuring me of making it functional soon. I believe that during this Corona pandemic, if we are unable to extend the facility to the poor pensioners and many other needy people, we shall be failing in our duties in some way or the other. Thank you.

**24.00 hrs**

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, अगर सदन की सहमति हो तो क्या सदन का समय 12 बजकर 30 मिनट तक बढ़ाया जा सकता है?

**अनेक माननीय सदस्य :** जी, हाँ।

---

[*] English translatio n of the speech originally delivered in Bengali.

**श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना):** अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद। मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र गुना की ओर दिलाना चाहता हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र का अशोकनगर जिला स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यन्त पिछड़ा हुआ है। यहां पर मात्र एक ही जिला अस्पताल है। यहां पर मरीजों की संख्या बहुत अधिक रहती है। अशोकनगर जिले में लगभग 200 से 250 किलोमीटर के क्षेत्र में एक भी सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल नहीं है। यहां के जिला अस्पताल में वेंटिलेटर्स की व्यवस्था नहीं है। कोरोना महामारी के दौरान कई मरीजों को बड़े शहरों में शिफ्ट करना पड़ा था। यह बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि कई मरीज बड़े शहरों के अस्पताल पहुंचते-पहुंचते रास्ते में ही स्वर्गवासी हो गए।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि अशोकनगर जिला मुख्यालय व गुना जिला मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें।

**एडवोकेट अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर):** मान्यवर, आपने मुझे अविलंबनीय लोकमहत्व के विषय पर बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। भारत सरकार द्वारा उड़ान योजना के अन्तर्गत उत्तराखण्ड में कई मार्गों पर हवाई जहाज एवं हेलीकॉप्टर की सेवाएं प्रारम्भ करवाई गई थीं, लेकिन वे बीच में ही रुक गई हैं और जो कुछ चल रही थीं, वे भी रुक गई हैं तथा कुछ प्रारम्भ ही नहीं हो पाई हैं, जबकि केन्द्र सरकार ने पूर्णत: स्वीकृति प्रदान कर दी थी।

मान्यवर, उत्तराखण्ड की नियति में आपदाएं आना निश्चित हैं। वहां पर कभी बादल फट जाते हैं, कभी पहाड़ खिसक जाते हैं तो कभी नदियां उफान पर होती हैं। इसलिए सरकार ने यह निर्णय लिया था कि वहां पर हेली-सर्विस चले। सभी हेलीपेड और एयपोर्ट्स बनकर तैयार हैं। केन्द्र सरकार ने स्वीकृति दे दी है। डीजीसीए हवाई सेवाएं क्यों प्रारम्भ नहीं कर रहा है, यह बहुत कष्ट की बात है।

मान्यवर, देहरादून-गौचर-देहरादून, देहरादून-चिन्यालीसौड़-देहरादून, हल्द्वानी-हरिद्वार-देहरादून-हल्द्वानी, हल्द्वानी-धारचूला-हल्द्वानी, पंतनगर-नैनीताल-पंतनगर, पंतनगर-अल्मोड़ा-पिथौरागढ़, पंतनगर से पिथौरागढ़ और देहरादून से पिथौरागढ़ तथा हिंडन से पिथौरागढ़, ये सभी सर्विसेज स्वीकृत पड़ी है। इसलिए मेरा आपके माध्यम से एविएशन मिनिस्ट्री से निवेदन है कि तुरन्त इन सेवाओं को जो भारत सरकार ने स्वीकृत की हैं, उनको प्रारम्भ करने की कृपा की जाए।

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को एडवोकेट अजय भट्ट द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री अरूण साव (बिलासपुर):** माननीय अध्यक्ष महोदय, छत्तीसगढ़ में बहुत बड़े-बड़े वायदे कर भारी बहुमत से कांग्रेस ने राज्य में सरकार बनाई। परन्तु हमेशा की तरह सरकार ने वादा खिलाफी की और इसका नतीजा यह हो रहा है कि राज्य के युवाओं में, बेरोजगारों में, मजदूरों में, महिलाओं में, शासकीय कर्मचारियों में और पुलिसकर्मियों में घोर निराशा घर कर गई है। इसका प्रमाण इससे मिलता है कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की ताजा रिपोर्ट के अनुसार राज्य में 233 किसानों ने, 329 बेरोजगारों ने 1679 दैनिक मजदूरों ने और इस तरह कुल 7629 लोगों ने आत्महत्या की थी। आत्महत्या के मामले में देश में राज्य का नौवां स्थान आया है। आज राज्य में प्रशासनिक अराजकता का वातावरण है। लोग परेशान हैं।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूं कि माननीय राज्यपाल से इस संबंध में रिपोर्ट मंगवाकर राज्य सरकार को आवश्यक निर्देश प्रसारित करें।

**श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी (कटिहार):** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र कटिहार पश्चिम बंगाल और नेपाल की सीमा पर स्थित है तथा बिहार में एक महत्वपूर्ण जिला है। कटिहार में सेना का रिक्रूटमेंट सेंटर है और रेलवे डिवीजन भी है। मैं यह कहना चाहता हूं कि कटिहार भारत सरकार के आकांक्षी जिलों में से एक है। यह जिला शिक्षा की दृष्टि से पिछड़ा जिला है, इसलिए मैं, आपके माध्यम से, माननीय रक्षा मंत्री जी से मांग करता हूं कि कटिहार जिले में सेना का रिक्रूटमेंट ऑफिस है, इसलिए वहां भारत सरकार की तरफ से एक सैनिक विद्यालय बनाया जाए, ताकि वहां शिक्षा का स्तर आगे बढ़ सके। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री सुब्रत पाठक (कन्नौज):** अध्यक्ष जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

मैं सबसे पहले रविकिशन जी को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने फिल्म इंडस्ट्री और देश को केमिकल-ड्रग माफिया से मुक्ति की ओर सदन का ध्यान खींचा है, लेकिन इससे भी अधिक गंभीर मुद्दा है – बॉलीवुड का साम्प्रदायीकरण, जो पिछले कई दशकों से कटरपंथियों की सोची-समझी रणनीति के तहत किया जा रहा है। जिस प्रकार से एक धर्म विशेष के लोगों को ईमान का पक्का और धार्मिक रूप दिखाया जाता है, वहीं दूसरे धर्म की तमाम जातियों को डकैत, बलात्कारी, अपराधी और गरीबों का शोषण करने वाला दिखाया जाता है और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई जाती है। सिनेमा हमारे समाज का पथ-प्रदर्शक है। आज देश भर में जो 'लव जिहाद' के मामले सामने आ रहे हैं, इसके सूत्र भी कहीं न कहीं बॉलीवुड से जुड़े हुए हैं। कई प्रकार के प्रलोभन और साजिशों से गुमराह करके, दूसरे धर्म की लड़कियों से शादी करके, उनका धर्म परिवर्तन कराकर देश भर में यह संदेश देने की कोशिश की जाती है कि जब सिनेमा जगत के लोग दूसरे धर्म के लोगों से शादी करके धर्म परिवर्तन करते हैं तो यह सब ठीक है। यही 'लव जिहाद' को बढ़ावा देने का काम करता है। 'लव जिहाद'के षडयंत्र में लड़कियों को बेचने में और स्लेव बनाने की घटनाएं भी सामने आई हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश के कानपुर सहित

कई शहरों में लगातार इस प्रकार के कई मामले सामने आए हैं। कई जगहों पर अपनी पहचान छिपाकर शादी करने के बाद धर्म परिवर्तन न करने पर लड़कियों की हत्या तक कर दी जाती है। पिछले दिनों प्रसिद्ध एथलेटिक लड़की से पहचान छिपाकर शादी करने और फिर धर्म परिवर्तन न करने पर उसका शोषण और अत्याचार करने पर यह मामला सामने आने पर देश का ध्यान इस ओर गया था। अत: मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि 'लव जिहाद' को रोकने हेतु कठोर कानून बनाया जाए। साथ ही, दोनों पक्षों के माता-पिता और परिजनों की अनुमति के बिना दूसरे धर्म में शादी को देश भर में अवैध और दण्डनीय घोषित किया जाए। पहचान छिपाकर भ्रमित करने पर कठोर सजा का प्रावधान हो।

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री रवि किशन को श्री सुब्रत पाठक द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**SHRI B. B. PATIL (ZAHIRABAD):** Thank you, Sir. I would like to raise a long-pending issue of construction of permanent building for KV, Jharasangam which falls under my Zahirabad constituency in Telangana. The work has already been allotted to CPWD, Hyderabad. They have already submitted all relevant documents for the construction of KV building to the Kendriya Vidyalaya Sangathan in New Delhi. When approached KV Sangathan, they said: "They do not have funds for the construction of building. You can contact the Ministry of Education for the same."

Sir, I request the hon. Minister for Education to kindly intervene in the matter and get the needful done at the earliest as it is a long-pending demand.

Thank you.

**श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती):** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान मनरेगा मजदूरों और किसानों की तरफ दिलाना चाहता हूं। हमारे देश में मनरेगा मजदूर व किसान अभी भी बहुत पिछड़े हुए हैं। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी ने देश के किसानों-मजदूरों की कमर तोड़कर रख दी है। उनकी माली हालत बहुत ही खराब हो गई है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि किसानों की खेती में सहयोग हेतु गेहूं, धान, गन्ना आदि फसलों की खेती मनरेगा मजदूरों के माध्यम से कराया जाए।

जिससे किसानों को सहयोग मिलेगा और उनकी लागत में कमी आएगी। आज जो किसान भुखमरी की हालत में हैं, उन्हें राहत मिल सकेगी और मजदूरों को भी मनरेगा के तहत काम मिल सकेगा। उसके साथ मजदूरों को मनरेगा के तहत मिलने वाली सौ दिन की रोजगार गारंटी को बढ़ाकर 365 दिन रोजगार गारंटी दी जाए। इससे एक तरफ मजदूरों को काम मिलेगा और दूसरी तरफ किसानों को सहयोग मिलेगा। इससे मजदूरों और किसानों की माली हालत में सुधार होगा।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री मलूक नागर को श्री रामशिरोमणि वर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री दुर्गा दास उइके (बैतूल):** अध्यक्ष जी, मेरा लोक सभा क्षेत्र मध्य प्रदेश का वनांचल, बैतूल हरदा हरसूद जनजाति बहुत है। आजादी के 70 वर्षों से शिक्षा की उत्कृष्ट व्यवस्था की अपेक्षा मेरे लोक सभा के सभी भाई बहन कर रहे हैं। आपके माध्यम से केंद्रीय एचआरडी मंत्री जी से विनम्र अनुरोध करता हूं कि भैंसदेही में केंद्रीय विद्यायल की मांग 40 वर्षों से बनी हुई है। मुलताई और हरदा में केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत कर दिए गए हैं, किंतु भवन आज तक नहीं बने हैं, जिसके लिए लगातार प्रयत्न किए जा रहे हैं। बैतूल बाजार में पर्याप्त कृषि भूमि है। कृषि महाविद्यालय की मांग पिछले 30 वर्षों से मेरे लोक सभा क्षेत्र में लम्बित है। इसी तरह से बैतूल में चिकित्सा महाविद्यालय की मांग अनेक वर्षों से लम्बित है। मैं

आपके माध्यम से संबंधित मंत्री जी से एवं केंद्र सरकार से विनम्र प्रार्थना करता हूं कि हमारी शैक्षणिक समस्याओं को संज्ञान में लेकर हमारे जनजातीय क्षेत्र को अनुग्रहित करने की कृपया करें तथा समाधान की पहल करेंगे।

**माननीय अध्यक्ष:** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री दुर्गा दास उइके द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

*__SHRI K. NAVASKANI (RAMANATHAPURAM):__ Hon. Speaker Sir, Thank you for allowing me to raise an important issue during this odd hour after midnight, at 12.15 hours. During the year 1949 when there was discussion on Official language in the Constituent Assembly, Revered leader Quaid-E-Millath raised his strong voice upholding the importance of his mother tongue Tamil which he said only had all the distinction of being the Official language of a multi-dimensional country like India. I, on behalf of Indian Union Muslim League, a party found by him, wish to raise an important issue in this august House.

In Tamil Nadu, the people are protesting against imposition of Hindi in several ways. Expressing deep concern many educationists in Tamil Nadu have views against the New Educational Policy which they think is aimed to encourage imposition of Hindi. No language should be imposed on any one. In a diverse country like India, every language should be given its due importance. Our mother tongue Tamil should be particularly given importance as it is an ancient language with a long history of thousands of years with rich grammar and literature. Anybody can learn any language. But you cannot directly or indirectly force a person to learn a particular language. It is highly condemnable to impose or enforce a particular language on a particular set of people without their wish.

Hon. Prime Minister's speeches have high praise for the language Tamil. But it is doubtful as his action does not reflect what he says or feels about Tamil.

---

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

It is seen from the fact that the funds allocated for Sanskrit is more than that is allocated for Tamil. Therefore, Tamil Nadu government should respect the sentiments of the people of Tamil Nadu in this regard and act accordingly. In Oman, in the School run by the Indian Embassy there, Medium of instruction is not in Tamil. Along with the languages like Malayalam, Sanskrit and Hindi, Tamil should also be taught in the School run by Indian Embassy in the Sultanate of Oman. Students living there are not able to learn Tamil. I therefore urge that Tamil should be taught in the School run by Indian Embassy in Sultanate of Oman benefitting several thousands of Tamil families and students living there. This would be beneficial for continuing their education if such students return to India. Thank you, Sir.

**श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़):** माननीय अध्यक्ष जी, माननीय प्रधान मंत्री जी ने हमारे देश की सबसे बड़ी ज्वलंत समस्या आम आदमी को पीने का पानी उपलब्ध कराने हेतु हर घर नल-जल योजना की घोषणा की थी। उसके बाद उससे शुद्ध पेय जल को लेकर एक आशा की किरण जागी थी। मान्यवर, मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ के 14 विकास खंडो में अधिकांश ऐसे गांव हैं, जो नदी के किनारे हैं। वहां का पानी इतना खारा है कि लगाए जाने वाले हैंड पंप्स भी दो से चार महीनों में गल कर खराब हो जाते हैं और बच्चे विकलांगता के शिकार हो जाते हैं। माननीय अध्यक्ष जी, इस परियोजना को मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में स्वीकृति के लिए सभी औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद पूरे देश में पहला प्रोजेक्ट मेरे द्वारा मंत्रालय को सौंपा गया एवं उसके बावजूद भी लगभग 200 करोड़ रुपये धन की उपलब्धता राज्य सरकार के पास होते हुए भी उस पर कोई कार्रवाई न होना बहुत बड़ी चिंता का विषय है।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से आज सरकार से आग्रह करता हूं कि मेरे जनपद मुख्यालय से लगे हुए गांव खजुरनी, बाबा बेलखरनाथ धाम सहित छोटी-छोटी नदियों के किनारे बसे गांवों में खारे पानी के कारण लोगों का जीवन जीना दूभर हो गया है, तो ऐसे में पेय जल योजनाओं को प्रथम-आगत, प्रथम स्वागत के आधार स्वीकृति प्रदान कराने की कृपा की जाए।

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री संगम लाल गुप्ता द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**SHRI SURESH PUJARI (BARGARH):** Thank you, Hon'ble Speaker Sir, if you permit, I would like to speak in Odia. Sir, the matter which I want to raise here today in Zero Hr. is related to my Parliamentary Constituency Bargarh. In Bargarh, there is a district called Jharsuguda which houses one of the nation's biggest Coal mines.

The Mahanadi Coal Company engaged in coal mining here since the 1980s. Mining of coal takes place on the basis of the following laws - (1) Land Acquisition Act and (2) Coal Bearing Act.

Whenever any litigation relating to Coal Bearing Act takes place the cases are referred to Dhenkanal dist. which is 300 kilometers away. If a person has to go Dhenkanal from Jharsuguda, first he has to go 50 kms. in Sambalpur, then 150 Kms. to Angul and then travel 70 km. to reach Dhenkanal. This is long- winding and time-consuming. My question here is if coal is extracted from my district, coal-bearing Act is implemented in my district and displaced persons are people of my district, why should they go all the way to Dhenkanal to solve their cases?

Through you, I want to request the Ministry of Coal & Ministry of Law to establish a court to settle disputes involving Coal Bearing Act. District Judge of Jharsuguda and Session Judge should be notified and a Tribunal should be constituted to settle all the dispute relating to Coal Bearing Act so that people of my district will be benefited. Thank you, Sir.

**श्री ज्योतिर्मय सिंह महतो (पुरुलिया):** माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे अति महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

महोदय, मैं कुर्मी जाति समुदाय का सदस्य हूं। मेरे लोक सभा तथा पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों झारखंड एवं ओडिशा में भी इस जाति के लोग काफी संख्या में निवास करते हैं।

मान्यवर, 6 सितम्बर, 1950 को जब आजाद भारत में अनुसूचित जनजाति की सूची दोबारा बनाई जा रही थी, तब तत्कालीन 13 अनुसूचित जनजातियों की सूची से हमारी कुर्मी जाति को बिना किसी गजट नोटिफिकेशन के ही बाहर कर दिया गया। मान्यवर, गौरतलब है कि सन् 1931 की तत्कालीन सरकार ने भी जो 13 अनुसूचित जनजातियों की सूची थी, उसमें हमारी कुर्मी जाति का उल्लेख मिलता है। इसके अलावा दिनांक 2 मई, 1913 को तत्कालीन सरकार की गजट नोटिफिकेशन संख्या 550 के अनुसार 13 अनुसूचित जनजातियों की सूची में हमारी कुर्मी जाति का नाम भी उल्लेखित था। परंतु 6 सितम्बर, 1950 को जब अनुसूचित जनजातियों की सूची दोबारा तैयार की जा रही थी, तब बिना किसी गजट नोटिफिकेशन के ही 13 अनुसूचित जनजातियों की सूची में से हमारी कुर्मी जाति को बाहर कर दिया गया।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह आग्रह करना चाहता हूं कि दोबारा जल्द से जल्द हमारी कुर्मी जाति को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में शामिल किया जाए। धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री ज्योतिर्मय सिंह महतो द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री प्रदीप कुमार चौधरी (कैराना):** अध्यक्ष महोदय, देश के गरीब परिवारों को इलाज कराने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, जिसको देश के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय मोदी जी ने बहुत अच्छे से समझा और उक्त ऐसे परिवारों के लिए एक ऐतिहासिक आयुष्मान भारत योजना को लागू किया है। वर्ष 2011 की सूची के गरीब परिवारों को इस योजना का लाभ मिला, जिसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं, उनको धन्यवाद देता हूं।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत चिह्नित परिवारों के अलावा, ऐसे पात्र परिवार, जो इस योजना से वंचित रह गये हैं, ऐसे परिवारों का भी सर्वे कराकर उनको इस लाभदायक योजना में शामिल किया जाए।

**माननीय अध्यक्ष:** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री प्रदीप कुमार चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री गिरीश चन्द्र (नगीना):** माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री जी से निवेदन है कि देश में कोविड-19 महामारी के कारण लगभग तीन महीनों तक लॉकडाउन रहा, जिसकी वजह से लोगों के व्यवसाय और कामकाज

पूरी तरह से बंद रहे। इसके कारण किसान, गरीब, श्रमिक और मध्यमवर्गीय आय वाले अभिभावकों को आर्थिक संकट के चलते अपने परिवार का गुजारा करना भी मुश्किल हो गया है। अभी भी उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं हो पाई है। नया शिक्षण सत्र शुरू होने से पहले देश के सभी स्कूल-कॉलेज बंद हैं। इस बाबत 12 सितम्बर को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती जी ने एक ट्वीट के माध्यम से सरकार से अपील की है कि देश में कोरोना संक्रमण के कारण हुए लॉकडाउन से पूरे देश में व्याप्त आर्थिक मंदी के कारण भीषण बेरोज़गारी और जीवन में अभूतपूर्व संकट झेल रहे करोड़ों लोगों के सामने बच्चों की स्कूल फीस जमा करना संगीन होकर अब आन्दोलनकारी हो गया है। उन्हें पुलिस के डंडे खाने पड़ रहे हैं।

इस स्थिति में केन्द्र व राज्य सरकारें अपने शाही खर्चे में कटौती करके सरकारी व प्राइवेट स्कूलों की फीस माफी या उसकी प्रतिपूर्ति करके आर्थिक सहायता देने अर्थात् व्यापक जनहित में बच्चों की स्कूल की फीस माफ कराने का कष्ट करें।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री मलूक नागर को श्री गिरीश चन्द्र द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री गजेंद्र उमराव सिंह पटेल (खरगौन):** माननीय अध्यक्ष जी, बहुत-बहुत धन्यवाद।

मेरा संसदीय क्षेत्र खरगौन-बड़वानी, जो मध्य प्रदेश का एक जनजातीय लोक सभा क्षेत्र है। वहाँ पर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर काफी असुविधाएँ हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूँ। मैंने पिछली बार बड़वानी के जिला चिकित्सालय में 200 बेड्स बढ़ाने की माँग केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से की थी और तत्काल इसकी स्वीकृति दी गई थी। मैं बड़वानी जिले की लाखों जनता की ओर से स्वास्थ्य मंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ और उनका आभार भी व्यक्त करता हूँ।

पुन: मैं एक और माँग करता हूँ, जिसकी काफी कमी मेरे जनजातीय क्षेत्र में है। बड़वानी और खरगौन लोक सभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की माँग लम्बे समय से चली आ रही है। मेरे क्षेत्र की ओर से दोनों जिलों के प्रस्ताव प्रस्तावित हैं, वहाँ मेडिकल कॉलेज शीघ्रातिशीघ्र खोला जाए।

आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से यह मेरी माँग है। आपका हृदय से आभार एवं धन्यवाद।

**कुंवर दानिश अली (अमरोहा):** माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा उठाने का मौका दिया।

महोदय, यह सभी जानते हैं कि संसद का काम कानून बनाने का है। आम जनता अगर उस कानून से संतुष्ट न हो तो आन्दोलन करना उसका हक़ है।

कल बिल पास हुआ और आज किसान सड़कों पर हैं, वे आन्दोलन कर रहे हैं। ऐसे ही इस संसद ने सीएए कानून बनाया, उसके खिलाफ देश भर में आन्दोलन हुए । जामिया और जेएनयू विश्वविद्यालयों के काफी छात्रों ने आन्दोलन किए। लेकिन बदकिस्मती इस बात की है कि दिल्ली में और देश में शांतिपूर्ण आन्दोलन करने वालों के खिलाफ यू.ए.पी.ए. यानी आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त रहने वालों के लिए बनाए गए इस कानून का दुरुपयोग करते हुए लोगों को जेल भेजा गया है। जामिया विश्वविद्यालय के एल्युम्नाई एसोसिएशन के प्रेज़िडेंट शैफुर्रहमान हों या दूसरे छात्र हों या प्रो. अपूर्वानन्द जैसे लोगों को दिल्ली पुलिस का स्पेशल सेल बुलाकर ग्रिल करता है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से माँग करता हूँ कि जो बेगुनाह लोग जेलों में बंद हैं, उनको जल्दी-से-जल्दी छुड़वाया जाए और चार्जशीट का जो समय होता है, उसको जानबूझकर दिल्ली

पुलिस नहीं फाइल कर रही है, जिससे ज्यादा-से-ज्यादा वक्त बिना ट्रायल के उन निर्दोष लोगों को जेलों में रखा जा सके क्योंकि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री मलूक नागर को कुंवर दानिश अली द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा):** अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद।

रात के 12:30 बज रहे हैं। मैं यहां पर और सरकार के मंत्रीगण खासकर स्मृति ईरानी जी लगातार बैठी हुई हैं, दादा गिरीराज सिंह जी, अनुराग ठाकुर जी और बाबुल सुप्रियो जी भी हैं। मैं इन चारों के प्रति शुक्रगुज़ार हूं कि आप और पूरी सरकार ज़ीरो ऑवर में सांसदों को कितना सीरियसली लेती है, यह दिखता है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सुशांत सिंह राजपूत, जो हमारे बिहार के थे, उनकी हत्या हुई या उन्होंने आत्महत्या की, यह तो विवेचना का विषय है, इस पर केस चल रहा है। 14 जून को, जिस दिन उनकी आत्महत्या हुई, मैं पहला ऐसा सांसद था, जिसने इस मुद्दे को उठाया और उसके बाद लगातार इस मुद्दे को उठाता रहा हूं। उसके बाद मनोज तिवारी जी, रवि किशन जी, डॉ. सुब्रह्मण्यम स्वामी और उस सदन की रूपा गांगुली जी – ये सारे लोग इसके साथ आए और उसके बाद भारतीय जनता पार्टी भी आई।

मैं नीतीश कुमार जी का शुक्रगुज़ार हूं कि फाइनली कोर्ट के आदेश पर सीबीआई इंक्वायरी हो गई, लेकिन इसमें जो बड़ा मुद्दा है - खासकर अनुराग सिंह ठाकुर जी यहां मौजूद हैं – वह यह है कि जो जांच चल रही है, मान लीजिए कि ड्रग्स की बात चल रही है। ड्रग्स, फिल्म इंडस्ट्री के साथ-साथ जो स्कूल्स, कॉलेज़ेज़ और हाई-सोसायटीज़ हैं, उनमें और पूरे देश भर में यह एक बड़ा मुद्दा है। मुझे लगता है कि एनडीपीएस कानून को हमें मज़बूती से लागू करना चाहिए।

माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने फिल्म इंडस्ट्री को इंडस्ट्री का दर्जा दिया था, जिससे उसमें ट्रांसपेरेंसी हो पाए और दाउद इब्राहिम जैसे आतंकवादियों का फिल्म इंडस्ट्री में जो पैसा फंसा हुआ रहता है, वह ट्रांसपेरेंट तरीके से सामने आए। एक डायरेक्टर इसके लिए जेल भी जा चुके हैं। जितनी भी इंडस्ट्रीज़ हैं, उन सभी में रेगुलेटर्स हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से यह मांग करना चाहता हूं कि फिल्म इंडस्ट्री में भी एक रेगुलेटर हो।

इस कोविड-19 के कारण आपने बहुत पेन लिया और सारे सांसदों ने भी पेन लिया। हमने जितने कानून पास किए, वे कोविड-19 के लिए पास किए। सरकार के पास पैसे की कमी है, देश के पास पैसे की कमी है। टूरिज़्म इंडस्ट्री ज्यादा लोगों को रोज़गार देती है। फिल्म इंडस्ट्री जब शूटिंग करने के लिए कहीं जाती है तो वह लोकेशन टूरिज़्म के लिए अच्छी लोकशन बन जाती है।

अत: मेरी आपके माध्यम से सरकार से दूसरी मांग है कि फिल्म इंडस्ट्री को आगे आने वाले तीन सालों के लिए विदेशों में शूटिंग करने से मना किया जाए और हिन्दुस्तान में ही दूसरी लोकेशंस पर उनको शूटिंग करने के लिए कहा जाए, जिससे हमारे देश की टूरिज़्म इंडस्ट्री बढ़े और लोगों को उससे रोज़गार मिले।

धन्यवाद, सर।

**माननीय अध्यक्ष:** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को डॉ. निशिकांत दुबे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** सदन का समय आज की कार्यवाही पूरी होने तक के लिए बढ़ाया जाता है।

…(व्यवधान)

***SHRI B. MANICKAM TAGORE (VIRUDHUNAGAR):** Hon. Speaker Sir, the people belonging to Devendrakula Vellalar community live in large number in the southern districts of Tamil Nadu. The people of this community are called in different names particularly in seven distinct names such as Pallar, Devendrakulathaar, Kudumbar, Kaaladi, Kadaiyar, Pannadi and Vadhiriyar. Basically they belong to the farming community. There is historical proof in the stone inscriptions that they were engaged in farming following efficient water management systems. This community is in the list of Scheduled Castes in Tamil Nadu. Their only and long pending demand is that all the seven names of their community should be merged as one and called as Devendrakula Vellalar. The Tamil Nadu Government had even constituted an one-man Commission in this regard and has received its Report. Shri Hansraj Varma IAS, the one-man Commission, has submitted his report to the Tamil Nadu Government. But the State Government of Tamil Nadu is delaying this matter. I therefore urge upon the Union Minister for Social Justice and Empowerment to intervene in this matter and ensure that the Tamil Nadu government makes an announcement in this regard at the earliest. Thank you.

**श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर):** आदरणीय अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

---

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

महोदय, हाल ही में भारतीय रेल ने मेरे संसदीय क्षेत्र अम्बेडकर नगर की प्रमुख ट्रेनों का रूट डायवर्ट कर दिया है। इनमें से दो ट्रेनें हैं, जो निम्नवत हैं – हावड़ा से देहरादून जाने वाली दून एक्सप्रेस और फिरोज़पुर से धनबाद जाने वाली गंगा सतुलज एक्सप्रेस। इन ट्रेनों का जिले में स्टॉपेज खत्म कर दिए जाने के बाद अम्बेडकर नगर के मज़दूर, विद्यार्थी और आम जनता भारी संकट में आ गए हैं। लोगों के अंदर आक्रोश है और सबका मानना है कि यदि ये ट्रेनें पुन: अकबरपुर और मालीपुर जंक्शन पर स्टापेज नहीं लेती हैं तो यह पूर्वांचल की जनता के साथ सरासर अन्याय होगा।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि आसपास के सभी क्षेत्रों से जुड़े प्रवासी मज़दूरों और छात्रों की सुविधाओं के लिए इन दोनों रेलगाड़ियों का रूट वाया अम्बेडकर नगर से किया जाए और अकबरपुर और मालीपुर जंक्शन पर इन दोनों ट्रेन्स को तुरंत पुन: स्टापेज दिया जाए, ताकि वहां की जनता की समस्याओं का समाधान हो सके। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री मलूक नागर को श्री रितेश पाण्डेय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री रवि किशन (गोरखपुर):** अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद। आपने मुझे इस देश की बहुत गम्भीर समस्या पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका तहे दिल से धन्यवाद करता हूं। जैसे ही हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री जी ने कहा था – 'बेटी बचाओ, बेटी बढ़ाओ', मेरे भारत में समस्त बेटियां, मैं भी पिता हूं, मेरी भी बेटी है, उन बेटियों में एक बल आया, एक शक्ति आई। वह शक्ति ऐसी थी कि वह निकलने लगी और बताने लगी कि मेरे साथ क्या घटित हुआ, अपनी पीड़ा बयां करने लगी। समस्त भारत के सामने, मीडिया के सामने और सोशल मीडिया के सामने बेटियों को हमारी सरकार में बल मिला है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके मंच के माध्यम से आपका ध्यान अकर्षित करना चाहूंगा कि हमारे देश में दुर्गा माता, गौ माता देवियों की तरह ही बेटियों को पूजा जाता है। यह हमारे सनातन धर्म में भी माना जाता है। आज एक बहुत बड़ा मुद्दा आया है और समस्त देश के चैनल्स में न्यूज चल रही है। एक बहुत बड़े दिग्गज डायरेक्टर हैं, महोदय मैं एक मिनट एक्स्ट्रा चाहूंगा, क्योंकि यह बहुत बड़ी समस्या है। हम लोग छोटे शहरों से मुंबई जाते हैं। मुंबई शहर सपनों का बहुत बड़ा शहर है और वहां सपने पूरे होते हैं। वहां कोई घर बेचकर जाता है, कोई मोटरसाइकिल बेचकर जाता है, कोई जेवर बेचकर जाता है, कोई बेटी या बेटा बैंक से लोन लेकर जाते हैं कि हम एक स्टार बनेंगे, कलाकार बनेंगे। क्रिकेट और सिनेमा देश का बहुत बड़ा भोजन है और 135 करोड़ जनसंख्या का बहुत बड़ा भोजन है। वे सपने लेकर उस शहर में जाते हैं। वे वहां पहुंचते हैं और एक बड़े निर्देशक के दफ्तर की घंटी बजाते हैं और दफ्तर में उनकी एंट्री होती है। वहां उनके साथ एक सौदेबाजी होती है। यह सौदेबाजी क्यों होती है? यह कहने का क्या अधिकार है कि मैं तुम्हारी लाइफ बना दूंगा। यह एक कॉम्प्रमाइज का सौदा है। हमारी बेटियों के साथ यह कब तक होगा?

महादेय, एक ऐसा कानून आए, जिससे ऐसा अत्याचार न हो। किसी इंडस्ट्री में कोई व्यक्ति यह ताकत न करे कि मैं तेरी लाइफ बना दूंगा, तुझे यह करना होगा, ऐसा किसी को अलाऊ न हो। हर जगह हमारी बेटियों का सम्मान हो, क्योंकि अब मोदी जी की सरकार है। बेटियों को आदर मिलेगा, बेटियां देवी हैं। यही दुख है, क्योंकि मैं एक पिता भी हूं। मैं चाहूंगा कि एक ऐसा कानून आए। **…(व्यवधान)** आप क्या बात कर रहे हैं? क्या आपकी बेटी नहीं है, जो आप ऐसी बातें कर रहे हैं। मैं पूरी इंडस्ट्री की बात कर रहा हूं। जहां भी कोई कहेगा कि मैं तेरी जिंदगी बना दूंगा, ऐसा नहीं होना चाहिए। …(व्यवधान) आप गौर से सुनिए, मैं पूरी इंडस्ट्री की बात कर रहा हूं। कहीं पर किसी को भी अधिकार नहीं है कि किसी भी इंडस्ट्री में, मैं केवल फिल्म जगत की बात नहीं कर रहा हूं, हर इंडस्ट्री में कोई कहे कि मैं तुम्हारा जीवन बना दूंगा। हमारी बच्चियों के साथ भारत में कोई अत्याचार हो और खासकर मोदी जी की सरकार में यह कतई नहीं होगा। आप ऐसा कानून लाइए, जिससे सब लोगों में एक भय पैदा हो।

**माननीय अध्यक्ष:** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री रवि किशन द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**महिला और बाल विकास मंत्री तथा वस्त्र मंत्री (श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी):** अध्यक्ष जी, मैं आज सभी सांसदों की ओर से और मुझे यकीन है कि सभी सांसद इस बात का समर्थन करेंगे, रविवार की रात को 12.30 बजे तक आपने और आपके सान्निध्य में लोक सभा सेक्रेटरिएट के साथ-साथ ट्रांसलेशन टीम और गैलरी में उपस्थित कैमरा टीम ने, हम सभी सांसद आपके प्रति और आपकी टीम के प्रति आभार व्यक्त करना चाहते हैं। अध्यक्ष जी, आपने सुचारू रूप से न सिर्फ नियम 193 पर डिस्कशन किया, चार बिल पारित किए तथा साथ ही आपने जीरो ऑवर में सभी सांसदों को अपना वक्तव्य प्रस्तुत करने की अनुमति दी। मैं सभी सांसदों की ओर से और मंत्रि परिषद के सभी नेताओं की ओर से आपके प्रति आभार व्यक्त करती हूं।

**माननीय अध्यक्ष:** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

सभा की कार्यवाही आज सोमवार दिनांक 21 सितम्बर, 2020 को 3 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

**00.35 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Fifteen of the Clock on Monday, September 21, 2020/Bhadrapada 30, 1942 (Saka)*

---